## मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| धनबाद | 41.9 | 30.8 |
| जमशेदपुर | 42.6 | 26.2 |
| डालटनगंज | 40.2 | 23.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

* *







चुनावी समर 2024

शुक्रवार 03 मई 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 10 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 24

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**मोदी बोले**-कांग्रेस का पाकिस्तान भी मुरीद

## 'शहजादे' को पीएम बनाने को उतावला है पड़ोसी मुल्क

**आणंद (गुजरात)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस को पाकिस्तान का मुरीद करार देते हुए आरोप लगाया कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी आज जब मर रही है, तो उसके लिए पड़ोसी मुल्क के नेता दुआ कर रहे हैं और शहजादे को पीएम बनाने के लिए उतावले हैं. मोदी की यह टिप्पणी इन खबरों के बीच आई है कि पाकिस्तान में इमरान खान की कैबिनेट के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया और उनकी प्रशंसा की. मोदी ने कटाक्ष करते हुए कहा, संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है. मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है. कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं. शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) को पीएम बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है.यह आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि हम पहले से ही जानते हैं कि कांग्रेस पाकिस्तान की मुरीद है.



**राहुल बोले**- प्रज्वल मामले में मोदी मांगें माफी

## जो रेवन्ना ने किया वो सेक्स स्कैंडल नहीं मॉस रेप है...

**शिवमोगा(कर्नाटक)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि कर्नाटक की हासन सीट से मौजूदा सांसद और जद-एस नेता प्रज्वल रेवन्ना ने 400 महिलाओं से दुष्कर्म किया है. उन्होंने साथ ही पीएम मोदी से भी प्रज्वल के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील करने पर माफी की मांग की. मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि उन्हें भारत की महिलाओं से एक घोर दुराचारी के पक्ष में वोट की अपील करने पर माफी मांगनी चाहिए. पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना महिलाओं का यौन शोषण करने के आरोपों का सामना कर रहे हैं. राहुल गांधी ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री को देश की माताओं और बहनों से माफी मांगनी चाहिए. प्रज्वल रेवन्ना ने 400 महिलाओं से दुष्कर्म किया है और उनका वीडियो बनाया. यह सेक्स स्कैंडल नहीं है बल्कि व्यापक पैमाने का दुष्कर्म है. मोदी ने कर्नाटक में मंच से एक घोर दुराचारी का समर्थन किया.



**खरगे** ने फिर लिखा मोदी को पत्र, कहा

## नफरत न फैलाइए, सरकार के काम पर ही वोट मांगिए

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर गुरुवार को तीखा हमला किया और कहा कि जब चुनाव खत्म हो जाएंगे, तब लोग उन्हें केवल ऐसे पीएम के रूप में याद करेंगे जो हार से बचने के लिए झूठ से भरे विभाजनकारी और सांप्रदायिक भाषण देते थे. खरगे ने मोदी से अपील की वह नफरत फैलाने वाले भाषण देने के बजाए अपनी सरकार के पिछले 10 वर्ष के कामकाज पर वोट मांगें. कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी को एक पत्र लिखा है. इस पत्र में खरगे ने चुनाव के दूसरे चरण के बाद उम्मीदवारों को पीएम की ओर से लिखे पत्र में उनकी पार्टी (कांग्रेस) पर लगाए गए आरोपों का खंडन किया. खरगे कहा, मैंने वो पत्र देखा है जो आपने राजग के उम्मीदवारों को लिखा है और जिसमें कहा गया है कि उन्हें वोटरों से क्या बोलना है. पत्र के लहजे से लगता है कि आप बहुत हताश और चिंता में हैं जो आपको ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित कर रही है जो प्रधानमंत्री पद के अनुरूप नहीं है.



**अखिलेश** ने भाजपा पर कसा तंज

## संविधान और हमारी-आपकी जान के पीछे पड़े हैं ये लोग

**बदायूं (उप्र)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा के लोग संविधान और हमारी-आपकी जान के पीछे पड़े हैं. कोविड का टीका लगवाने वाले लोग भी इस बार भाजपा के खिलाफ वोट करने निकलेंगे. जो चुनाव को देख रहे होंगे, वे जानते होंगे कि भाजपा के लोग संविधान और हमारी-आपकी जान के पीछे पड़े हैं. एक तो ये संविधान को बदलना चाहते हैं और दूसरा, कोविड वाली बात सामने आ ही गई है. उन्होंने चुनावी बॉण्ड के खुलासों पर कहा, जो लंबी सूची आई है उसमें पता लगा है कि जिन कंपनियों ने वैक्सीन दी थी, उनसे भी भाजपा ने चंदा वसूल लिया. उनकी सरकार से न केवल संविधान को खतरा है, बल्कि जान को भी खतरा है यादव ने कहा, सोचिए, जिन्होंने वैक्सीन लगवा ली होगी वे जब उसका प्रमाणपत्र देखते होंगे तो उन पर क्या गुजरती होगी. वे लोग भी इस बार भाजपा के खिलाफ मतदान करने के लिए निकल पड़ेंगे क्योंकि भाजपा तो आपदा में अवसर ढूंढ रही थी.



## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| सोना (बिक्री) | 67,000 |
| चांदी (किलो) | 84,000 |

## ब्रीफ खबरें

### भाजपा ने कैसरगंज और रायबरेली से उतारे प्रत्याशी

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को यूपी की कैसरगंज सीट से मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की जगह उनके बेटे करण भूषण सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है. बृजभूषण शरण महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं. पार्टी ने गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया है. इस सीट से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लगातार पांच बार जीत दर्ज की है. गांधी अब राज्यसभा की सदस्य हैं. कांग्रेस ने अभी तक इस सीट से अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है.

### राहुल गांधी अमेठी से लड़ सकते हैं चुनाव

**नयी दिल्ली।** यूपी की अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवारों को लेकर संशय के बीच सूत्रों ने गुरुवार को संकेत दिया कि राहुल गांधी अमेठी सीट से चुनाव लड़ सकते हैं. वहीं रायबरेली से गांधी परिवार की करीबी शीला कौल के अभिनेता पौत्र आशीष कौल के चुनाव लड़ने के चर्चे हैं. हालांकि देर शाम तक इस संबंध में अधिकृत घोषणा नहीं की गयी है.

### वोटरों को चुनाव के बाद का लालच न दें

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को कहा कि उसने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित योजनाओं के लिए विभिन्न सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांगने को गंभीरता से लिया है, क्योंकि यह चुनाव कानून के तहत भ्रष्ट आचरण के समान है. चुनाव आयोग ने निर्देश जारी किया है कि सभी राजनीतिक दलों को इससे बचना चाहिए.

झारखंड में स्थानीय मुद्दे पर ही भाजपा को उलझाए रखने की **झामुमो की रणनीति**

# कल्पना के हाथ कमान

**कांग्रेस, राजद और माले संविधान, आरक्षण, महंगाई एवं बेरोजगारी के मुद्दे पर करेगी फोकस**

- स्टार प्रचारक के तौर पर कल्पना सोरेन खुद संभालेंगी कमान, गांडेय उपचुनाव के बाद उनका बढ़ेगा प्रचार का दायरा



गांडेय में जमी हैं कल्पना सोरेन, वोटरों से कर रहीं संपर्क

### झारखंड झुकेगा नहीं और इंडिया रुकेगा नहीं

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन गांडेय में पूरी तरह एक एक्टिव हैं. क्षेत्र में ही डटी हुई हैं. उन्होंने गुरुवार को कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया. क्षेत्र में शहीदों को नमन किया. वोटरों से संपर्क में रहीं. लोगों से मिलने-मिलाने का कार्यक्रम देर शाम तक जारी रहा. इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर पुरखों और वीरांगनाओं के संघर्ष और शहादत से हमारे जल, जंगल, जमीन और अधिकारों की रक्षा हुई है. अपना हक-अधिकार लड़ कर कैसा लेना है, यह पूर्वजों ने हमें सिखाया है. कल्पना ने गांडेय विधानसभा की जनता से आग्रह किया कि 20 मई को होने वाले उपचुनाव में तीर-धनुष पर बटन दबाकर तानशाही ताकतों को मुंह तोड़ जवाब दें. उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच नारा दिया- झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रुकेगा नहीं.

**कौशल आनंद। रांची**

झारखंड में यह लोकसभा चुनाव झामुमो के लिए जीवन-मरण का प्रश्न बन गया है. क्योंकि उनके नेता पूर्व सीएम हेमंत सोरेन जेल में हैं. झामुमो और पूरा सत्ता केंद्र सरकार और भाजपा पर साजिशन उन्हें जेल भेजने का आरोप लगाता रहा है. भाजपा को घेरने के लिए झामुमो की रणनीति बना ली गयी है. इसकी कमान कल्पना सोरेन के हाथ में होगी.बता दें कि जनवरी में हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी के बाद झामुमो और अन्य सत्ता पक्ष दलों ने इस मुद्दे को गर्म रखने में सफलता हासिल की है. इस बीच लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गयी. चुनाव की घोषणा से लेकर अब तक झामुमो इस मुद्दे को जीवित रखे हुए है और हर दिन इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा को जमकर घेर रहा है. मगर झामुमो भी यह मान कर चला है कि केवल इस मुद्दे से कुछ नहीं होगा. इसलिए अब झामुमो रणनीति बदलने जा रहा है. झामुमो अब पूरी तरह भाजपा को झारखंड के ही स्थानीय मुद्दों पर उलझाए रखने की तैयारी में है. रही बात अन्य राष्ट्रीय मुद्दों की, तो इसकी कमान कांग्रेस, राजद और माले संभालेंगे. यानी कि झारखंड में भाजपा के खिलाफ मजबूत किलेबंदी की तैयारी में इंडिया गठबंधन है. अब यह तो 4 जून को पता चला पाएगा कि झारखंड इंडिया गठबंधन कितने हद तक भाजपा को घेरने में सफल रहा और भाजपा किस तरह से इसका काउंटर किया.



### झामुमो के ये रहेंगे मुद्दे

- **आदिवासी अस्मिता झामुमो का बड़ा मुद्दा होगा. इसके जरिए झामुमो अपने आदिवासी सीएम को साजिश के तहत जेल भेजने का प्रमुख मुद्दा बनाएगा. झामुमो यह बताने का काम करेगा कैसे देश के एक मात्र आदिवासी सीएम जो आदिवासी अस्मिता के लिए काम कर रहे थे, उन्हें जेल भेज दिया. इसके साथ ही सरना धर्म कोड, आदिवासी राष्ट्रपति को हाथ जोड़े खड़े रखने और प्रधानमंत्री का बैठ कर मुस्कुराना, मणिपुर घटना आदि को प्रमुख मुद्दा बनाएगी.**
- पार्टी वनाधिकार कानून में संसोधन को आदिवासी अस्मिता से जोड़ने का प्रयास करेगी. पार्टी यह सवाल उठाएगी कि छत्तीसगढ़ हसदेवा जंगल में अडाणी के प्रवेश के बाद पौंडाहाट, सारंडा और कोल्हान में अडाणी का प्रवेश कराने के लिए वन अधिकार कानून में संशोधन किया गया. इसमें ग्राम सभा की शक्ति को शिथिल किया गया. क्या भविष्य में इसके जरिए अगला निशाना कहीं कोल्हान और सारंडा की धरती तो नहीं.
- **पार्टी कोल वेयरिंग एक्ट संशोधन को भी मुद्दा बनाएगी. इसमें सोशल इंफैक्ट और इनवायरमेंट इंपैक्ट को हटाने के मुद्दे को उठाएगी. पार्टी यह बताने का प्रयास करेगी कि क्या उनकी मंशा झारखंड के माइनिंग क्षेत्र का डेमोग्राफी को बदलने की साजिश तो नहीं है. ताकि उन क्षेत्रों में बाहरी आबादी और पूंजीपतियों का प्रवेश हो सके.**




### कांग्रेस, राजद और वाम के मुद्दे

लोकसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के अन्य दल जैसे कांग्रेस, राजद और माले राष्ट्रीय मुद्दे पर फोकस करेंगे. जिसमें बेरोजगारी, महंगाई, संविधान बदलने, आरक्षण खत्म करने के भाजपा के साजिश को प्रमुखता से उठाएंगे. तीन दलों के राष्ट्रीय नेता जब झारखंड आएंगे तो इन्हीं मुद्दों पर अपना फोकस करेंगे, इसके साथ ही ईडी, इकनम टैक्स, सीबीआई आदि संस्थाओं को गलत तरीके से अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने पर भी भाजपा को घेरने का काम करेगी. यानी की मतलब साफ है कि झारखंड में किसी भी प्रकार से मुद्दे भटकाने वाली बात नहीं इंडिया गठबंधन के द्वारा नहीं की जाएगी.

### कल्पना क्षेत्रीय मुद्दों पर होंगी स्टार प्रचारक

चूंकि कल्पना सोरेन खुद गांडेय से विधानसभा उपचुनाव लड़ रही हैं. अभी उनका फोकस गांडेय को लेकर अधिक है, मगर वे अपने भाषणों को गांडेय तक सीमित नहीं रख रही हैं. वे क्षेत्रीय मुद्दों के साथ-साथ अपने पति को जेल भेजने तथा केंद्र सरकार को घेरते हुए सभी के सभी 14 सीट विजयी बनाकर इंडिया गठबंधन को मजबूत करने की बात लगातार कह रही हैं. 21 फरवरी को कल्पना ने उलगुलान न्याय महारैली का सफल आयोजन करके अपनी मंशा को क्लीयर कर दिया है कि वे इंडिया गठबंधन की झारखंड में प्रमुख प्रचारक के रूप में सामने आएंगी. गांडेय उपचुनाव के बाद कल्पना सोरेन अपना दायरा बढ़ाएंगी और उसके बाद शेष बचे सभी सीटों पर खुद मोर्चा संभालेंगी.

## आज और कल झारखंड में रहेंगे पीएम मोदी

- रांची में शाम को रोड शो, चाईबासा, पलामू, सिसई में जनसभा
- प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं



**सत्य शरण मिश्रा। रांची**

भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को चुनाव प्रचार के लिए झारखंड आ रहे हैं. प्रधानमंत्री यहां दो दिन तक रहेंगे. इस दौरान वे तीन लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगे और भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से वोट देने की अपील करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी रांची में रोड शो भी करेंगे. वे शुक्रवार को रांची पहुंचेंगे. फिर वहां से चाईबासा जाएंगे. वहां टाटा कॉलेज मैदान में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. भाजपा सूत्रों के मुताबिक पीएम की सभा में 50 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे. सभा को लेकर भव्य पंडाल बनाया गया है और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं. सभा खत्म होने के बाद पीएम रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे और फिर वहां से राजभवन तक रोड शो करते हुए जाएंगे.

भाजपा के सूत्रों ने बताया कि बिरसा मुंडा राजपथ पर पूरे रास्ते जिसमे हिनू चौक, बिरसा चौक, डीपीएस चौक अरगोड़ा चौक,भाजपा कार्यालय, हरमू चौक, सहजानंद चौक, कार्तिक उरांव चौक पर लोग प्रधानमंत्री का स्वागत हजारों की संख्या में कतारबद्ध होकर करेंगे. भारत माता चौक से बाल्मिकी नगर, किशोरगंज चौक,गाड़ी खाना चौक, मारवाड़ी भवन गौशाला, गिरधर प्लाजा, रातू रोड चौक तक मोदी रोड शो करेंगे. रास्ते में सड़क के दोनों ओर बेरिकेडिंग की गई है और भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है. पीएम रात्रि विश्राम राजभवन में ही करेंगे.

### पीएम मोदी का मिनट टू मिनट कार्यक्रम

**3 मई** शाम के कार्यक्रम

- 4:45 बजे – सिंहभूम हैलीपैड
- 5:00 बजे – टाटा कॉलेज ग्राउंड
- 5:45 बजे – सिंहभूम से रांची
- 6:35 बजे – रांची एयरपोर्ट
- 6:55 बजे – राजभवन

**4 मई** सुबह व दोपहर के कार्यक्रम

- 9:30 बजे –राजभवन से रांची एयरपोर्ट
- 9:50 बजे –रांची एयरपोर्ट से पलामू
- 11:00 बजे – चियांकी एयरपोर्ट
- 11:45 बजे - पलामू से लोहरदगा
- 12:45 बजे –लोहरदगा में कार्यक्रम
- 1:30 बजे –लोहरदगा से रांची
- 2:00 बजे –रांची से दरभंगा के लिए रवाना

शनिवार को मोदी दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे. सबसे पहले सुबह 9.30 बजे रांची से पलामू के लिए प्रस्थान करेंगे. वहां पलामू के चिंयाकी हवाई अड्डे पर एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में सभा को संबोधित करेंगे. उसके बाद वे लोहरदगा क्षेत्र के सिसई के बरगांव रोड स्थित मैदान में एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में जनसभा करेंगे. सभा के बाद पीएम रांची पहुंचेंगे और फिर यहां से दरभंगा के लिए रवाना हो जाएंगे.

## निजी संपत्ति पर कांग्रेस, भाजपा और सुप्रीम कोर्ट

**प्रसंगवश**



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

चुनावी महासमर का दूसरा चरण भी फीका ही रहा. पिछले दो चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ रहा था. इस बार घट रहा है. इसका कारण केवल मौसमी तपिश नहीं है. दरअसल माहौल को उबाल बिंदु तक पहुंचानेवाला कोई मुद्दा ही नहीं है. आगे क्या होगा राम जानें. लेकिन विरासत टैक्स पर बेमतलब बहस के साथ ही निजी संपत्ति के बंटवारे पर सियासी और कानूनी लड़ाई शुरू हो गयी है. कानूनी लड़ाई देश की सबसे ऊंची अदालत में चल रही है और सियासी संघर्ष देश की दो सबसे बड़ी पार्टियों के बीच जनता की अदालत में है. चुनावी अखाड़े में यह मुद्दा आया है कांग्रेस के न्याय पत्र से. इसे भाजपा इतनी आंच देने में लगी है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिाकार्जुन खरगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का समय मांग रहे हैं कि वस्तुस्थिति या गलतफहमी दूर की जा सके. लेकिन कांग्रेस के पास इस सवाल का जवाब नहीं है कि उसके न्याय पत्र में निजी संपत्ति के सर्वे का वादा किया गया है या नहीं ? इस बाबत राहुल गांधी ने सफाई देते हुए कहा है कि हमारा उद्देश्य केवल चोट वाली जगह का एक्स -रे कराना है, जिससे पता चल सके कि फ्रैक्चर हुआ है या नहीं और हुआ है तो कितना. लेकिन वह यह नहीं बता पा रहे हैं कि जब बिना एक्स- रे के ही फ्रैक्चर दिखाई दे रहा है, क्योंकि हड्डियां बाहर निकल गयी हैं, तो उसका इलाज कौन करेगा और इलाज क्या होगा?

मुक्त अर्थव्यवस्था के दौर में यह तो स्पष्ट ही है कि देश में एक फीसदी अमीरों के पास चालीस फीसदी संपत्ति है और कांग्रेस के न्याय पत्र में किये गये वादे का मकसद सर्वे के बाद इन्हीं संपत्तियों को तकसीम करना है. यदि ऐसा नहीं है तो तेलंगाना की चुनावी रैली में राहुल गांधी क्यों तथा कैसे कह रहे थे कि कांग्रेस सत्ता में आयी तो पैसा खटाखट आयेगा, क्रांति होगी और वंचितों के दिन बहुर जायेंगे. इसी भाषण को पकड़कर नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस आपकी निजी संपत्ति छीनकर घुसपैठियों और अधिक बच्चे पैदा करनेवालों में बांट देगी.

इस पलटवार का सीधा अर्थ यह था कि कांग्रेस हिंदुओं की संपत्ति छीनकर मुसलमानों में बांटेगी. इस मामले को जायकेदार बनाने के लिए मोदी ने मंगलसूत्र की छौंक भी लगा दी. इससे कोहराम मचा और कांग्रेस ने हमलावर अंदाज में कहा कि प्रधानमंत्री सांप्रदायिकता फैला रहे हैं. लेकिन मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 2006 का बयान बतौर नजीर पेश कर दिया जिसमें कहा गया था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों खासतौर से मुसलमानों का है. यह किचकिच चल ही रही थी कि ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स का शिगूफा छोड़ दिया. उन्होंने कहा कि अमेरिका में विरासत के हस्तांतरण का कानून है. किसी की मृत्यु के बाद उसके उत्तराधिकारी को उसकी संपत्ति का पैंतालीस फीसदी ही मिलता है, पचपन फीसदी सरकार ले लेती है. मोदी ने इस नहले पर दहला जड़ दिया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ लूटती है, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी. फिर क्या था कांग्रेस ने पित्रोदा के बयान से खुद को अलग कर लिया. लेकिन बिगरी बात बनै नहीं, लाख जतन कर कोय, रहिमन फाटै दूध को मथै न माखन होय.

-शेष पेज 7 पर

## राजनीति के फेर में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की बैंड बजी

**सुरजीत सिंह**

"**सवालः** क्या पढ़ाई करते हो ?
**जवाबः** बीए
**सवालः** किस सब्जेक्ट से ?
**जवाबः** बीए, प्लेन बीए."

"नो प्लेस फॉर अर्बन, नक्सल इन विकसित भारत. इसका क्या मतलब है. हंसते हुए सर नहीं पता है."

"**सवालः** बोर्ड पर क्या लिखा है ?
**जवाबः** से नो टू वेल्थ वेल्चर.
**सवालः** इसका क्या मतलब है?
**जवाबः** सर यहां पर हम कांग्रेस के विरुद्ध लड़ रहे हैं. ताकि जो चीज सबको चाहिए मिल सके.
**सवालः** क्या मिल सके?
**जवाबः** जो चीज सबको चाहिए.
**सवालः** प्रोटेस्ट किस लिए है?
**जवाबः** सर, हम बीजेपी को."

"एक छात्र कह रहा है कि पढ़ा-लिखा होने का यह मतलब नहीं की, हमें दिमाग का इस्तेमाल करना चाहिए. हमें यह देखना चाहिए कि देश की सरकार क्या कह रही है. देश की सरकार कह रही है कि झूठ है, तो बिल्कुल झूठ मानेंगे. हमें देश के बारे में सोचना चाहिए."



"विरोध प्रदर्शन क्यों कर रहे ? वेल्थ डिस्ट्रीब्यूशन क्या है. पहले ले जाएंगे वोट, फिर ले जाएंगे मंगलसूत्र व नोट. इसके जवाब में छात्रों ने कहा कि कांग्रेस के मेनिफेस्टो पढ़ा नहीं. कौन संपत्ति छीन रहा है. इस पर छात्र ने बताया कि उन्हें नहीं पता, कौन छीन रहा है. हम विरोध कर रहे हैं राहुल यादव के हेल्थ एंड वेल्थ टेक्स वाले बयान का. मां-बहनों की गहनों पर नजर ना गड़ाओ, लिखी तख्ती लेकर चल रहे छात्र को इसका मतलब ही नहीं पता था."

यह महज कुछ उदाहरण है, ग्रेटर नोयडा स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी के छात्रों की पढ़ाई-लिखाई के स्तर का. गलगोटिया के छात्र दो दिन पहले कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन करने निकले थे. उनके हाथों में पोस्टर थे. तख्तियां थीं. जिसमें कांग्रेस के विरोध की बातें लिखी थीं. आजतक चैनल में छात्रों से सवाल कर दिए. छात्रों ने क्या जवाब दिये, आपने पढ़ लिया. छात्रों ने बिना सिर-पैर की बातें कहीं. ऐसी, बातें जिसके बारे में उन्हें कोई जानकारी ही नहीं है. एक छात्र को तो ठीक से हिंदी पढ़ना तक नहीं आता. अपने हाथ में वह जो तख्ती लिए था, उसे पढ़ तक नहीं सका. गराओ को गारो पढ़ रहा था. ऐसा लगता है किसी ने उन्हें पोस्टर व तख्तियां पकड़ा दीं और वे प्रदर्शन करने पहुंच गए. वो ना राजनीति समझते हैं, ना देश के बारे में कुछ जानते हैं, न समाज के बारे में. उन्हें सिर्फ ऐसी बातें पता है, जो वाट्सएप पर फैलाए जाते हैं.

आजतक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है. एक्स पर लगातार दो दिन से ट्रेंड कर रहा है. कुल मिलाकर राजनीति के चक्कर गलगोटिया यूनिवर्सिटी की बैंड बज गई. यह वही गलगोटिया यूनिवर्सिटी है, जो दावा करती है कि उसे 300 से अधिक राष्ट्रीय- अंतराष्ट्रीय अवार्ड मिले हैं. हर साल 500 से अधिक कंपनियों में उसके छात्रों का प्लेसमेंट होता है. जिसके छात्र को सबसे अधिक पैकेज मिलता है. जिसका 1000 से अधिक इंडस्ट्री के साथ टाइअप है.

-शेष पेज 7 पर

## किस लोकसभा में कितने मतदाता

**गिरिडीह लोकसभा**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | कुल मतदाता | मतदाता बढ़े (% में) |
|---|---|---|---|---|
| गिरिडीह | 1,53,631 | 1,47,324 | 3,00,957 | 16.37 |
| डुमरी | 1,59,383 | 1,51,126 | 3,10,512 | 17.55 |
| गोमिया | 1,59,322 | 1,51,093 | 3,10,415 | 14.63 |
| बेरमो | 1,67,263 | 1,59,042 | 3,26,305 | 7.60 |
| टुंडी | 1,61,595 | 1,51,961 | 3,13,558 | 14.79 |
| बाघमारा | 1,57,091 | 1,41,141 | 2,98,233 | 7.39 |
| कुल | 9,58,285 | 9,01,687 | 18,59,980 | 12.88 |

**धनबाद लोकसभा**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | कुल मतदाता | मतदाता बढ़े (% में) |
|---|---|---|---|---|
| बोकारो | 2,97,586 | 2,70,410 | 5,68,030 | 11.73 |
| चंदनकियारी | 1,41,935 | 1,33,897 | 2,75,832 | 17.50 |
| सिंदरी | 1,85,027 | 1,69,774 | 3,54,809 | 14.69 |
| निरसा | 1,69,676 | 1,60,713 | 3,30,392 | 9.20 |
| धनबाद | 2,40,625 | 2,13,608 | 4,54,252 | 7.73 |
| झरिया | 1,58,637 | 1,37,228 | 2,95,881 | 1.50 |
| कुल | 11,93,486 | 10,85,630 | 22,79,196 | 10.20 |

**रांची लोकसभा**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | कुल मतदाता | मतदाता बढ़े (% में) |
|---|---|---|---|---|
| ईचागढ़ | 1,44,617 | 1,41,884 | 2,86,503 | 14.39 |
| सिल्ली | 1,10,731 | 1,10,935 | 2,21,668 | 11.67 |
| खिजरी | 1,81,843 | 1,81,842 | 3,63,687 | 12.47 |
| रांची | 1,84,455 | 1,73,599 | 3,58,083 | 9.54 |
| हटिया | 2,51,097 | 2,45,364 | 4,96,484 | 17.79 |
| कांके | 2,35,465 | 2,26,488 | 4,64,964 | 18.38 |
| कुल | 11,08,208 | 10,80,112 | 21,88,389 | 14.52 |

**जमशेदपुर लोकसभा**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | कुल मतदाता | मतदाता बढ़े (% में) |
|---|---|---|---|---|
| बहरागोड़ा | 1,20,802 | 1,19,671 | 2,40,475 | 8.84 |
| घाटशिला | 1,25,491 | 1,30,663 | 2,56,156 | 7.41 |
| पोटका | 1,52,085 | 1,57,804 | 3,09,894 | 9.58 |
| जुगसलाई | 1,74,094 | 1,72,341 | 3,46,438 | 8.67 |
| पूर्वी सिंहभूम | 1,68,158 | 1,62,103 | 3,30,353 | 11.21 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 1,93,889 | 1,85,680 | 3,79,597 | 10.58 |
| कुल | 9,34,519 | 9,28,262 | 18,62,913 | 9.50 |

# झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर 81.90 लाख मतदाता करेंगे मतदान

## छठे चरण में गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में 25 मई को होगा मतदान, प्रत्याशियों का नामांकन जारी, छह मई अंतिम तिथि

**शुभम किशोर। रांची**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है. इनमें गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर के लिए प्रत्याशियों का नामांकन जारी है. नामांकन की अंतिम तिथि छह मई है, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि नौ मई है. वहीं, 25 मई को इन चार सीटों पर मतदान होना है. धनबाद लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा जनसंख्या है. यहां 35 लाख की आबादी है, जिसमें 22 लाख 79 हजार मतदाता हैं.

वहीं, गिरिडीह में सबसे कम 18 लाख 60 हजार मतदाता हैं. रांची लोकसभा क्षेत्र में 21.88 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. वहीं जमशेदपुर 28 लाख 75 हजार की आबादी वाला लोकसभा क्षेत्र है, जिसमें 18 लाख 62 हजार 913 मतदाता है. झारखंड की इन चारों लोकसभा क्षेत्रों में छह जिला और 24 विधानसभा आते हैं. चार लोकसभा को मिला कर कुल 1.25 करोड़ की आबादी है. इनमें कुल मतदाताओं की संख्या 81 लाख 90 हजार है, जिसमें 41 लाख 94 हजार पुरुष, 39 लाख 95 हजार महिला और 289 थर्ड जेंडर मतदाता हैं.




**18** लाख 60 हजार मतदाता हैं. रांची लोकसभा क्षेत्र में 21.88 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे.

**28** लाख 75 हजार की आबादी वाला लोकसभा क्षेत्र है, जिसमें 18 लाख 62 हजार 913 मतदाता है.

### पांच साल में रांची लोकसभा में 14.52 प्रतिशत मतदाता बढ़े

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में रांची लोकसभा में 19.10 लाख मतदाता थे. वहीं, 29 अप्रैल 2024 तक इनकी संख्या बढ़ कर 21.88 लाख हो गयी है. इन पांच सालों में रांची लोकसभा में 14.52 % मतदाता बढ़े हैं. इनमें महिला मतदाता की संख्या में 18.37% की बढ़ोतरी हुई है. 2019 में 9.12 लाख महिला मतदाता थीं, जो अप्रैल 2024 में 10.80 लाख पहुंच गई हैं.

## ब्रीफ खबरें

### लोकेश चौधरी को नहीं मिली बेल

**रांची।** अग्रवाल बंधुओं के हत्यारे लोकेश चौधरी को बेल देने से झारखंड हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है. लोकेश को रांची सिविल कोर्ट ने पिछले वर्ष 30 जून को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी, जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में अपील याचिका दाखिल की थी. सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने उसे राहत देने से इनकार करते हुए अपील याचिका खारिज कर दी. यहां बता दें कि हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या रांची के अशोकनगर स्थित लोकेश चौधरी के ऑफिस में गोली मार कर की दी गयी थी.

### मयूरभंज से अंजनी सोरेन लड़ेंगी चुनाव

**रांची।** पूर्व सीएम एवं झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन की बड़ी बेटी और हेमंत सोरेन की बड़ी बहन अंजनी सोरेन ओडिशा की मयूरभंज सीट से चुनाव लड़ेंगी. इनके नाम का ऐलान एक मई को पार्टी ने कर दिया है. इसके अलावे पार्टी बंगाल के एक सीट झारग्राम से भी चुनाव लड़ेगी, जिसमें प्रत्याशी का एलान जल्द किया जाएगा. बताते चलें कि झामुमो इंडिया गठबंधन के तहत ओडिशा के मयूरभंज, बंगाल के झारग्राम और बिहार के झारखंड से सटी एक सीट की मांग थी. चूंकि ओडिशा और बंगाल में झामुमो गठबंधन में शामिल नहीं है इसलिए इन दो सीटों पर पार्टी ने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है.

### ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के गठन में तेजी लाएं : कोर्ट


**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के गठन में तेजी लाने का निर्देश दिया है. इसके साथ ही अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) को भी इस मामले में प्रतिवादी बनाया जाए. हाईकोर्ट ने झालसा के सदस्य सचिव को यह निर्देश दिया है कि वह झारखंड के विभिन्न जिलों में राज्य के जवाबी हलफनामे में दी गई लाभकारी योजनाओं की उपलब्धता की पुष्टि करने के लिए डालसा के सचिवों से रिपोर्ट मांगते हुए हलफनामा दायर करें. दरअसल झारखंड ट्रांस कलेक्टिव संस्था की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड का गठन और ट्रांसजेंडरों के कल्याण के लिए योजना लागू करने की मांग की गई है.

## कल्पना सोरेन ने कहा-झुकना आदिवासियों के डीएनए में नहीं

# अन्याय के खिलाफ लड़ाई में अपने योद्धा पति के नक्शेकदम पर चलूंगी

**नमिता तिवारी। रांची**

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गुरुवार को कहा कि उनके पति की गिरफ्तारी अप्रत्याशित थी और इससे झारखंड मुक्ति मोर्चा और परिवार को झटका लगा. खास बातचीत में कल्पना ने कहा कि झुकना आदिवासियों के डीएनए में नहीं है और हेमंत सोरेन मजबूत होकर उभरेंगे. उन्होंने कहा, हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और हम इंतजार कर रहे हैं कि हेमंत जमानत पर बाहर आएं और लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करें. वह निर्दोष हैं और केंद्र की भाजपा नीत सरकार ने उन्हें पूर्व नियोजित साजिश के तहत फंसाया है. पार्टी के नये चेहरे के तौर पर उभरीं कल्पना ने भाजपा को एक अत्याचारी ताकत करार दिया जो कथित तौर पर विपक्ष पर अत्याचार करने पर आमादा है. उन्होंने कहा, जब आप गरीबों, आदिवासियों और दलितों के लिए काम करने वाले विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार कर रहे हैं तो संविधान कैसे बचेगा? वे (भाजपा) केवल झूठ बोलते हैं। भगवा पार्टी के 400 प्लस नारे ने यहां का तापमान 400 डिग्री से ऊपर पहुंचा दिया है. झारखंड के लोग भाजपा सरकार के खिलाफ गुस्से में हैं और इस अत्याचारी ताकत को उखाड़ फेंकेंगे जो इसके समृद्ध खनिज संसाधनों को लूट रही है. उनके पति के 90 दिनों से अधिक समय तक जेल में बंद रहने पर कल्पना ने कहा, मेरा एक सवाल है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सभी कार्रवाई केवल विपक्ष शासित राज्यों में ही क्यों होती है?



**कल्पना सोरेन से खास बातचीत**

### परिवार में पूरी एकता है, कहीं कोई दरार नहीं

परिवार में कथित दरार पर कल्पना ने कहा, पूरी एकता है. 29 अप्रैल को गांडेय उपचुनाव के लिए मेरे नामांकन के दौरान हेमंत जी के भाई वहां थे. अपनी भाभी सीता सोरेन के पार्टी छोड़ने पर कल्पना ने कहा, झामुमो से अलग होने का फैसला उनका था और मेरी शुभकामनाएं हमेशा उनके साथ हैं. कल्पना (48) को इस साल की शुरुआत में सोरेन की गिरफ्तारी के बाद झामुमो के कार्यकर्ताओं में एक नया जोश भरने का श्रेय दिया जाता है. उन्होंने कहा कि राजनीति कभी भी उनकी पसंद नहीं रही, लेकिन परिस्थितियों ने उन्हें इसमें धकेल दिया .कल्पना ने कहा, मैं अन्याय और तानाशाही ताकतों के खिलाफ लड़ूंगी, क्योंकि झुकना आदिवासियों के डीएनए में नहीं है. मैं अपने पति के नक्शेकदम पर चलूंगी. उन्होंने अपने मूल्यों से समझौता करने के बजाय कारावास का रास्ता चुना. मैं उनकी अर्धांगिनी हूं और यह सुनिश्चित करूंगी कि अत्याचारी ताकतों को करारा जवाब मिले.

### हेमंत की गिरफ्तारी, भाजपा की साजिश

उन्होंने कहा, ईडी द्वारा मेरे पति की गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित थी और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने की साजिश का हिस्सा थी. उनकी गिरफ्तारी केंद्र सरकार की उन्हें डराने, धमकाने और अपमानित करने की साजिश का हिस्सा है, लेकिन चुनाव में उन्हें करारा जवाब मिलेगा. कल्पना ने 29 अप्रैल को गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए झामुमो उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया. इस सीट के लिए राज्य में संसदीय चुनाव के साथ 20 मई को मतदान होना है. गिरिडीह जिले की सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हुई है. एमटेक और एमबीए जैसी व्यावसायिक योग्यता रखने वाली गृहिणी कल्पना ने अपनी स्कूली शिक्षा ओडिशा के मयूरभंज जिले के बारीपदा से पूरी की और भुवनेश्वर में इंजीनियरिंग तथा एमबीए की डिग्री प्राप्त की. उनकी राजनीतिक यात्रा 4 मार्च को यहां झामुमो के 51वें स्थापना दिवस समारोह से शुरू हुई, जब उन्होंने दावा किया कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के सत्ता में आने के बाद से उनके विरोधियों द्वारा एक साजिश रची गई थी. हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय ने 31 जनवरी को कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था. कल्पना की उम्मीदवारी के बारे में अटकलें दिसंबर में अहमद के इस्तीफे के बाद उठीं. भाजपा ने दावा किया कि ईडी द्वारा उनके पति को समन जारी किए जाने की स्थिति में कल्पना की उम्मीदवारी को सुविधाजनक बनाने के लिए ऐसा किया गया था. हेमंत सोरेन ने हालांकि तब कल्पना के गांडेय से चुनाव लड़ने की अफवाहों को खारिज कर दिया था और इसे भाजपा की मनगढ़ंत कहानी बताया था.

## बीजेपी का दामन थामने के बाद सीता सोरेन और हमलावर

# राजनीति का पारा चढ़ाः देवरानी जेठानी के बीच छिड़ी जुबानी जंग

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

राजनीति में कोई किसी का सगा नहीं होता. एक-दूसरे को पस्त करने के लिए कोई मौका भी नहीं छोड़ना चाहता. जुबानी जंग के दौरान एक से बढ़ कर एक कसीदे भी पढ़े जा रहे हैं. सोरेन परिवार के अंदर देवरानी और जेठानी के बीच चल रही जुबानी जंग ने राजनीतिक तपिश को और बढ़ा दिया है. हालांकि यह जंग पिछले कई सालों से चल रही है. हाल के दिनों में यह और तेज हो गई है. सीता सोरेन बीजेपी का दामन थामने के बाद और हमलावर हो गई हैं. इस बार सीता सोरेन ने अपनी देवरानी कल्पना मुर्मू सोरेन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं.

**गुरुजी की सेहत के साथ हो रहा खिलवाड़ :** दुमका से बीजेपी उम्मीदवार सीता सोरेन सीता सोरेन ने आरोप लगाया है कि कल्पना सोरेन झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन को खत्म करना चाहती है. उन्होंने अपनी देवरानी पर गुरुजी (शिबू सोरेन) की सेहत के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है. कहा है कि इन दिनों शिबू सोरेन की तबीयत ठीक नहीं रहती है, इसके बावजूद उन्हें रैलियों और सभाओं में शामिल किया जा रहा है. कड़ी धूप में उन्हें संबोधन के लिए मजबूर किया जा रहा है. विपक्ष सत्ता की खातिर कुछ भी कर सकता है.



### *पहले भी गंभीर आरोप लगा चुकी हैं सीता*

*सीता सोरेन पहले भी कई आरोप लगा चुकी हैं. बीजेपी में शामिल होने के बाद उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें पार्टी और परिवार में उपेक्षित किया गया. बेटियों की भी उपेक्षा की गई. स्व. दुर्गा सोरेन की मौत को संदिग्ध बताते हुए सीता सोरेन ने कहा था कि जब मैंने परिवार के भीतर उनकी मौत की उच्चस्तरीय जांच की मांग की, तो इसे नजरअंदाज कर दिया गया. साथ ही अपमानित करने का भी आरोप लगाया था.*

### किसी का नाम लिए बिना कल्पना ने कही अपनी व्यथा

*रांची। हेमंत सोरेन की पत्नी और शिबू सोरेन की छोटी बहु कल्पना सोरेन ने किसी का नाम लिए बिना अपनी एक फोटो और लाइन पोस्ट कर अपनी व्यथा कही है. उन्होंने अपने 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए इसे जाहिर किया है. उन्होंने कहा कि सच है, विपत्ति जब आती है, कायर को ही दहलाती है, शूरमा नहीं विचलित होते, क्षण एक नहीं धीरज खोते, विघ्नों को गले लगाते हैं, कांटों में राह बनाते हैं.*




# दो दिनों तक चंदन से पूछताछ करेगी एटीएस

**संवाददाता। रांची**

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद अमन साहू गैंग के शूटर चंदन साव को एटीएस ने दो दिनों की रिमांड पर लिया है. उसे कांड संख्या 09/23 में रिमांड पर लिया गया है. एटीएस ने 19 जुलाई 2023 को अमन साहू के सबसे खास और शार्प शूटर चंदन साव को रांची के ओरमांझी से गिरफ्तार किया था. रांची के सीनियर एसएसपी रहे और तत्कालीन एटीएस एसपी सुरेंद्र झा हमेशा साहू गैंग पर भारी पड़े.

उन्होंने ही अमन साहू को सलाखों के पीछे पहुंचाया था. फिर चंदन साव को भी आईपीएस सुरेंद्र झा की टीम ने ही दबोचा था. एटीएस की पूछताछ में चंदन ने चौंकाने वाले खुलासे किये थे. वह अमन साहू को बॉस बोलता है. जब से अमन साहू जेल गया था, तब से बाहर में गैंग की कमान चंदन ही संभाल रहा था.



- जेल में बंद अमन साहू के इशारे पर काम करता था चंदन
- 19 जुलाई 2023 को गिरफ्तार हुआ था साहू गैंग का शूटर

### रंगदारी के लिए हत्या के साथ की दर्जन भर स्थानों पर गोलीबारी

हजारीबाग में रित्विक कंपनी के जीएम शरद बाबू की हत्या के साथ-साथ रंगदारी के लिए धमकी जैसी घटनाएं चंदन द्वारा ही अंजाम दिये जा रहे थे. जेल में बंद अमन साहू के द्वारा चंदन को ही संदेश पहुंचाया जाता था, जिसके बाद चंदन उस पर अमल करते हुए आगे का काम करता था. चंदन के कहने पर ही रांची के अरगोड़ा में रहनेवाले कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता पर साहू गिरोह के शूटर वारिश अंसारी ने गोलीबारी की थी.

# याचिका विचाराधीन रहने के दौरान कोर्ट सुना सकता है फैसला

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची/दिल्ली**

लैंड स्कैम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 29 अप्रैल को सुनवाई हुई थी. सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए अगले सोमवार (छह मई) की तिथि तय की है. यह मामला सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की कोर्ट में सूचीबद्ध हुआ था. सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर इस मामले की सुनवाई के बाद आदेश अपलोड कर दिया गया है. जिसके मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि शीर्ष अदालत में



मामला विचाराधीन रहने के दौरान हाईकोर्ट अपना वह फैसला सुना सकता है, जो 28 फरवरी की सुनवाई के बाद सुरक्षित रखा गया है. यानी झारखंड हाईकोर्ट को फैसला सुनाने पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई रोक नहीं लगाई है.

सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से देश के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने बहस की. दरअसल हेमंत सोरेन ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से शीर्ष अदालत में क्रिमिनल एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल की है. जिसका केस संख्या 5796/2024 है. अपनी याचिका में उन्होंने अदालत से यह गुहार लगाई है कि उनकी ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. फैसला सुरक्षित रखने के बाद करीब दो महीने बीत जाने के बाद भी हाईकोर्ट ने अब तक अपना फैसला नहीं सुनाया है. बता दें कि हेमंत सोरेन को इस्तीफा देने के बाद मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार कर लिया गया था. वहीं इसी केस में अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद की भी गिरफ्तारी हो चुकी है.

### हेमंत की प्रोविजनल बेल पर हाईकोर्ट में आज सुनवाई होगी

रांची। लैंड स्कैम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी व पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा प्रोविजनल बेल के लिए दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हो सकती है. हाईकोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, हेमंत सोरेन की याचिका न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ है. दरअसल 30 अप्रैल को रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने हेमंत सोरेन को प्रोविजनल बेल देने से इनकार कर दिया था.

**उपलब्धि** कुल 16415 आवेदन में से 15,812 का तय समय पर निबटारा, 96.32% सेवा कार्य संपन्न

# सेवा का अधिकार देने मामले में झारखंड बना अव्वल राज्य

**रवि भारती। रांची**

झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम के तहत तेजी से आम नागरिकों को स्वाएं दी जा रही हैं. इसमें झारखंड राज्य अव्वल है. अब तक तय समय में सेवा का अधिकार के तहत 13605 पोस्टमार्टम रिर्पोट जारी किए गए. वहीं होल्डिंग टैक्स से जुड़े 80 फीसदी से अधिक मामले निपटा दिए गए. तय समय पर 81.82 फीसदी को क्रशर लाइसेंस दे दिया गया है.

स्वास्थ्य चिकित्सा में तय समय पर 98.34 फीसदी लोगों के मामलों का निष्पादन कर दिया गया. श्रम विभाग से जुड़े 92.32 फीसदी लोगों को तय समय पर सेवा दी गई. वहीं परिवहन विभाग से जुड़े 91.38 फीसदी काम तय समय पर निपटाए गए. बता दें कि झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम के तहत विभिन्न सेवाओं से जुड़े कुल 16415 आवेदन आए थे, जिनमें से 15812 मामलों का निपटारा कर दिया गया. तय समय पर सेवा देने का आंकड़ा 96.32 फीसदी रहा. 101 आवेदन अस्वीकृत किए गए, जबकि 121 आवेदन के निपटारे के लिए प्रोसेसिंग की प्रक्रिया जारी है.

- तय समय पर जारी हुई 13605 पोस्टमार्टम रिपोर्ट
- होल्डिंग टैक्स के 80 % से अधिक मामले निपटाये गये

### *कीटनाशक व खाद दुकान लाइसेंस के 66 आवेदन अस्वीकृत किए गए*

*झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम के तहत कीटनाशक और खाद दुकाने के लाइसेंस के लिए आए 66 आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया गया. इनमें कीटनाशक दुकान के लाइसेंस से जुड़े 27 और खाद दुकान के लिए 39 लोगों ने लाइसेंस का आवेदन दिया था. दरअसल, सरकार ने तकनीकी ग्रेड कीटनाशकों का उत्पादन करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस रखने वालों के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता में बदलाव किया है. इसके मुताबिक, अब समय सीमा दो साल की बजाय चार साल कर दी गई है. यह कदम कीटनाशक नियम, 1971 के नियम संख्या 9 के उप-नियम 4 (बी) में संशोधन के माध्यम से उठाया गया है.*

### कीटनाशक बेचने के लिए करना होगा कोर्स

अब फार्मासिस्ट की तरह फसल रोगों से संबंधित कीटनाशक बेचने के लिए एक साल का कोर्स करना अनिवार्य कर दिया गया है. अब लाइसेंस के लिए बायोसाइंस में स्नातक होना अनिवार्य है. दुकानदारों को उर्वरक और कीटनाशक बेचने का लाइसेंस जारी रखने के लिए एक साल का डिप्लोमा अनिवार्य कर दिया है. दुकानदार तब तक किसानों को खाद व कीटनाशक नहीं बेच सकेंगे, जब तक उनके पास बीएससी (केमेस्ट्री), कृषि, बीएससी (मैथ) में कोई डिग्री या डिप्लोमा नहीं होगा.

### कीटनाशक दुकान लाइसेंस के लिए जरूरी दस्तावेज

आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, स्नातक पास का प्रमाण पत्र,दुकान या फर्म का नक्शा

### राजेश ठाकुर को नोटिस के बाद झारखंड कांग्रेस का एक्स हैंडल सस्पेंड

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डीप फेक वीडियो शेयर मामले में झारखंड कांग्रेस पर बड़ी कार्रवाई की गयी है. प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को नोटिस के बाद अब झारखंड प्रदेश कांग्रेस का एक्स हैंडल को सस्पेंड कर दिया गया है. न्यूज एजेंसी एनआई के अनुसार, अमित शाह के डीप फेक वीडियो मामले में प्रदेश कांग्रेस के खिलाफ यह कार्रवाई की गयी है. बता दें कि दिल्ली पुलिस ने एक मई को धारा 160/91 के तहत झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है. नोटिस के अनुसार, राजेश को दो मई की सुबह दिल्ली पुलिस के तीसरे फ्लोर पर स्थित कमरा नंबर 302 में सशरीर पेश होने को कहा गया.

# झारखंड में आचार संहिता उल्लंघन के 41 मामले दर्ज

**संवाददाता। रांची**

झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, चुनाव की अधिसूचना के बाद से 30 अप्रैल तक झारखंड में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के कुल 41 मामले दर्ज हुए हैं. इसमें सबसे अधिक पलामू, हजारीबाग और रांची में छह-छह मामले दर्ज हुए हैं. वहीं धनबाद में पांच, सरायकेला खरसावां में चार, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम व गिरिडीह में तीन-तीन, सिमडेगा में दो और साहेबगंज, रामगढ़ व खूंटी में एक-एक मामले दर्ज हुए हैं.

- आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पलामू, हजारीबाग व रांची टॉप पर

### जिलों में केस की संख्या

| जिला | केस |
|---|---|
| पलामू | 06 |
| खूंटी | 01 |
| हजारीबाग | 06 |
| रामगढ़ | 01 |
| सरायकेला खरसांवां | 04 |
| गढ़वा | 03 |
| रांची | 06 |
| पूर्वी सिंहभूम | 03 |
| गिरिडीह | 03 |
| धनबाद | 05 |
| सिमडेगा | 02 |
| साहेबगंज | 01 |

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | शुक्रवार 03 मई 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 10 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 24 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### कार्यकर्ता सम्मेलन में सीएम ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा- जनता को ठगने का काम कर रही केंद्र सरकार

# हर गांव में प्रत्येक समुदाय के धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण शुरू : चंपाई





**एकजुटता का परिचय देकर भाजपा को रोकेंगे**

राजेश चौबे। घाटशिला

घाटशिला के टाउन हॉल में गुरुवार को झामुमो की बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं सम्मेलन में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शामिल हुए. सीएम ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने झारखंड के हर गांव में प्रत्येक समुदाय के धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण करने का काम शुरू किया है. साथ ही साथ हर पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है, ताकि गांव के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके. वहां चिकित्सक से लेकर दवा तक उपलब्ध रहेगी.

*सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि जिस तरह वर्ष 2000 विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कहा था कि 65 पार, पर बूथ कार्यकर्ताओं की सक्रियता से उनलोगों को 25 सीट पर ही रोक दिया. इतना ही नहीं कोल्हान से पूरी तरह भाजपा सफाया कर दिया. ठीक उसी प्रकार इस लोकसभा चुनाव में भी एकजुटता का परिचय देते हुए जमशेदपुर से झामुमो प्रत्याशी समीर महंती को भारी मतों से विजयी बनाना है. सीएम ने राज्य की गठबंधन सरकार की उपलब्धियां को गिनाया और भाजपा पर जमकर निशाना साधा. कहा कि भाजपा सरकार ने 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया था. बदले में हमने 22 लाख राशन कार्ड बना दिया. भाजपा सरकार ने स्कूलों को बंद कर दिया, जबकि हमारी सरकार ने हर प्रखंड तथा जिले में मॉडल स्कूल बना कर निजी विद्यालय की तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का काम किया है.*

सीएम ने आरोप लगाया कि भाजपा ने झूठे वादे कर 2014 में केंद्र में सरकार बनाई. 10 वर्षों से देश की जनता को ठगने का काम किया और जुमलेबाजी की सरकार चल रही है. उन्होंने बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रत्येक बूथ में 25-25 महिला तथा पुरुष कार्यकर्ता रहें, ताकि पूरे बूथ का वोट तीर-धनुष छाप को मिले, ताकि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट पर महागठबंधन की जीत सुनिश्चित हो. कार्यकर्ता सम्मेलन को बहड़ागोड़ा विधायक रामदास सोरेन, महागठबंधन प्रत्याशी समीर महंती, पोटका विधायक संजीव सरदार एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान ने भी संबोधित किया. मौके पर चार प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष, सचिव एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ता शामिल थे.

### बहरागोड़ा में झारखंड के सीएम ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, कहा-

# सभी 14 सीटों पर महागठबंधन की जीत तय

संवाददाता । बहरागोड़ा

प्रखंड क्षेत्र के एनएच 18 किनारे अवस्थित एक गेस्ट हाउस परिसर में झामुमो की ओर से बहरागोड़ा विधानसभा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन तथा विशिष्ट अतिथि घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, झामुमो के केंद्रीय सदस्य आदित्य प्रधान, प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा, बाबूलाल सोरेन व झामुमो जिला सचिव घनश्याम महतो उपस्थित थे. विधायक रामदास सोरेन ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की हिटलरशाही सरकार को सबक सिखाते हुए महागठबंधन प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों में विजयी बनाएं. वहीं, जमशेदपुर लोकसभा से महागठबंधन प्रत्याशी समीर महंती ने कहा कि अब लोग भाजपा सरकार के झांसे में आने वाले नहीं हैं. झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशियों की जीत तय है. उन्होंने यह भी कहा कि इस लोकसभा से झामुमो ने एक गरीब घर के लड़के को प्रत्याशी बनाया है. इस सीट को जीत कर हम झामुमो की झोली में देंगे.



**भाजपा को खाता खोलने के लिए तरसना होगा**

*मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि देश में एनडीए की सरकार काफी तानाशाही कर रही है. लोगों को सपना दिखाकर लूटने का काम कर रही है. उन्होंने कहा इस बार भाजपा वाले 400 पार का नारा दे रहे हैं, लेकिन उनकी सीट 150 पार भी नहीं करेगी. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पूरे झारखंड में सभी 14 सीटों पर महागठबंधन जीत हासिल करेगी. भाजपा को खाता खोलने के लिए तरसना होगा. उन्होंने कहा कि पांच वर्ष में झारखंड की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने यहां की काफी खनिज संपदा को लूटा है. स्कूल को बंद कर दिया, ताकि यहां के आदिवासी-मूलवासी पढ़ाई लिखाई से वंचित रहे. वहीं, झामुमो सरकार ने छात्रवृत्ति में तीन गुना बढ़ोतरी की. 125 यूनिट तक बिजली फ्री कर दिया. गरीबों को अबुआ आवास देना शुरू कर दिया है.*

## ब्रीफ खबरें

### भाकपा माओवादी ने चस्पा किया पोस्टर

**मेदिनीनगर।** भाकपा माओवादी संगठन ने लंबे समय के बाद पलामू जिले में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है. जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के बरेवा इलाके में नक्सलियों ने पोस्टरबाजी की है. यह पोस्टर पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र समेत सरकारी भवनों पर लगाये गये हैं. पोस्टरबाजी की सूचना पर गुरुवार की सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और सभी पोस्टर को उखाड़कर जब्त कर लिया. नक्सलियों ने पोस्टर में लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी नीतियों का जिक्र किया है. साथ ही आरपीसी के गठन की भी बात कही है. बता दें कि पलामू में 13 मई को मतदान होने वाला है.

### जमीन विवाद में चली गोली, दो लोग घायल

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा थाना अंतर्गत सिदो-कान्हू मैदान के पास गुरुवार सुबह बाइक से आए अपराधियों ने मोनू सिंह के घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. इस घटना में मोनू और एक महिला घायल हो गए. घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए. इधर, घायलों को इलाज के लिए टीएमएच ले जाया गया, जहां सभी का इलाज चल रहा है. जानकारी के अनुसार, मोनू घर का काम करवा रहा था. इसी बीच दो बाइक पर सवार चार लोग पहुंचे और अचानक गोलीबारी कर दी. इसमें एक गोली मोनू को और दूसरी गोली एक महिला को लगी. सूत्रों की मानें, तो यह घटना जमीन विवाद को लेकर हुई.

## मुख्यमंत्री ने की अनुपमा के पक्ष में मतदान की अपील

# मजदूर दिवस के दिन कांग्रेस और मासस प्रत्याशी ने किया नामांकन

संवाददाता। धनबाद

एक मई मजदूर दिवस के दिन धनबाद लोकसभा के लिए इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने अपना नामांकन किया. नामांकन के बाद गोल्फ ग्राउंड में जनसभा का आयोजन किया गया. जिसमें झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, बादल पत्रलेख, सांसद महुआ माजी, बिहार के पूर्व मंत्री अखलाक अहमद, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, बेरमो विधायक अनूप सिंह समेत गठबंधन दलों के कई दिग्गज नेता मौजूद थे. सभी ने सभा को संबोधित करते हुए बारी-बारी से गठबंधन को जिताने एवं अनुपमा सिंह को वोट देने की अपील की.

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा जब से सरकार में आई है तभी से देश में झूठ का माहौल है. 2014 में भाजपा जितने झूठे वादे कर सत्ता में आई, उसमें से एक भी पूरे नहीं हुए. कहा कि भाजपा देश में लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है. उन्होंने कहा कि जिस तरह गुजरात और इंदौर में भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध जिताया गया, वह लोकतंत्र की हत्या का प्रयास है. सीएम ने कहा कि देश में लोकतंत्र को बचाना है, तो इस तानाशाही सरकार को हटाना होगा.उन्होंने कहा कि अनुपमा सिंह के ससुर स्व राजेन्द्र सिंह हमेशा मजदूरों के हित के लिए काम किया. इसलिए, उनकी बहु ने मजदूर दिवस के दिन ही अपना नामांकन किया है. केंद्र सरकार पर हमला करते हुए चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा के सांसदों ने गांवों को गोद लिया था, लेकिन आज तक किसी गांव में एक ईंट तक नहीं जोड़े गये. उन्होंने पूछा कि क्या आप 2014 से बोले गए झूठ की गारंटी पर भाजपा को वोट देंगे? चंपाई सोरेन ने बढ़ती महंगाई पर भी केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा.

- कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने दाखिल किया नामांकन
- लोकतंत्र की हत्या का प्रयास कर रही भाजपा : चंपाई सोरेन

बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए धनबाद की जनता को विश्वास दिलाया कि गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह धनबाद की जनता की सेवा करती रहेंगी. वहीं, भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि धनबाद से ऐसा प्रत्याशी बनाया गया है, जिसपर 51 केस दर्ज हैं. झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने जनसभा को संबोधित किया.






### लोकतंत्र में चुने हुए सीएम को भेजा जा रहा जेल

सीएम ने कहा कि जहां भाजपा की सरकार नहीं है, वहां सरकार को गिराने का प्रयास किया जाता है. लोकतंत्र में चुने हुए मुख्यमंत्री को जेल भेज दिया जा रहा है. जिस जमीन के मामले में हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया, उसमें उनका नाम ही नहीं है. वहीं बेबुनियाद आरोप में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी जेल भेज दिया गया. उन्होंने अपील की कि लोकतंत्र को बचाना है, तो गठबंधन की सरकार बनानी होगी .अंत में उन्होंने अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट करने की अपील की.

### परिणाम चाहे जो भी हो जनता की सेवा करती रहूंगी : अनुपमा

नामांकन के बाद इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कि इस चुनाव का परिणाम जो हो, धनबाद की जनता की सेवा निरंतर करती रहेंगी. उन्होंने कहा कि वह महिलाओं का सम्मान बढ़ाने आई हैं. बच्चों को शिक्षा, बुजुर्गों को बेहतर चिकित्सा सुविधा और आम जनता की सेवा करने आई हैं. पिछले दस सालों से जनता अच्छे दिन का इंतजार कर रही है कि कब अच्छे दिन आएंगे, कब रोजगार मिलेगा, कब विकास होगा? अनुपमा ने कहा कि धनबाद ने अब परिवर्तन का मन बना लिया है. इस बार भी उनकी आंखों में कोई धूल नहीं झोंक सकता है.

### जलेश्वर महतो का शामिल न होना बना चर्चा का विषय

गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने सोमवार के नामांकन में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो का शामिल न होना चर्चा का विषय बना रहा. नामांकन से लेकर जनसभा तक जलेश्वर कहीं भी नहीं नजर आए. मालूम हो कि जलेश्वर महतो भी धनबाद लोकसभा से टिकट के दावेदार थे. वहीं जलेश्वर महतो से शामिल न होने की वजह पूछे जाने पर उनकी तबीयत खराब होने का हवाला दिया जा रहा था.

### धनबाद का होगा चहुंमुखी विकास : जगदीश रवानी



*__धनबाद।__ धनबाद लोकसभा से मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने हजारों समर्थकों के साथ एक मई को उपायुक्त कार्यलय में नामांकन दाखिल किया. इस दौरान मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो, केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, केंद्रीय सचिव बबलू महतो, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो शामिल थे. नामांकन से पूर्व धनबाद लोकसभा क्षेत्र के बोकारो, चंदनक्यारी, सिंदरी, झरिया, निरसा, धनबाद से मासस के कार्यकर्ता जिला परिषद मैदान पहुंचे. खुली जीप में मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने लोगों का अभिवादन किया. कहा- चुनाव में जीते, तो धनबाद का चहुंमुखी विकास करेंगे.*

### एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ ने किया नामांकन



*__रांची।__ रांची से एनडीए के उम्मीदवार संजय सेठ ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया. जिला समाहरणालय में उपायुक्त सह जिला निर्वाची पदाधिकारी राहुल सिन्हा को उन्होंने नामांकन पत्र सौंपा. इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो, जदयू प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत कई नेता मौजूद थे. इससे पहले रांची के मोरहाबादी मैदान में नामांकन सभा का आयोजन किया गया, जहां नेताओं ने जनता को संबोधित किया. उसके बाद संजय सेठ समर्थकों के साथ रैली निकाल कर समाहरणालय पहुंचे. इस दौरान रास्ते में संजय सेठ के समर्थकों पर जेसीबी से पुष्प वर्षा की गई.*

### हार के खौफ से जयराम की गिरफ्तारी: शहजाद

**तेतुलमारी।** गिरिडीह लोकसभा चुनाव में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी जयराम महतो की नामांकन के दिन बोकारो से गिरफ्तारी के बाद जयराम समर्थकों में भारी आक्रोश है. मोहलीडीह पंचायत में मोर्चा के गिरिडीह लोकसभा बूथ स्तरीय समिति के सदस्य मो. शहजाद ने प्रेस वार्ता की. उन्होंने कहा कि जयराम महतो की लोकप्रियता देखते हुए आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी और झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पेट में दर्द होने लगा. वोटिंग के पहले हार के खौफ से हमारे नेता की गिरफ्तारी की गई. अब मोहलीडीह से जयराम समर्थक मो. रिजवान को भी गिरफ्तार कर लिया गया है. शहजाद ने कहा जनता वोट से इसका हिसाब लेगी. मौके पर मोईन अली, मो. रिजवान इराकी, मो. इस्पाक, मो. सदाम, मो. सरफराज आदि मौजूद थे.

### हेमंत की क्रिमिनल रिट पर आज आयेगा फैसला

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट शुक्रवार को फैसला सुनाएगा. हाइकोर्ट ने 28 फरवरी को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था. हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को हाइकोर्ट में चुनौती दी थी. हेमंत सोरेन का कहना था कि उनके खिलाफ जो मामला दर्ज किया गया है, वह मनी लाउंड्रिंग का नहीं है. जिस जमीन की बात ईडी कह रहा है, वह जमीन उनके नाम कभी रहा ही नहीं. आदेश सुरक्षित रखने के बाद फैसला नहीं सुनाए जाने के खिलाफ हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की है. सुप्रीम कोर्ट ने इस पर ईडी से जवाब मांगा है.

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को रौंदा एक परिवार के चार लोगों की मौत

संवाददाता । चतरा

**खास बातें**

- पिपरवार के भेलवाटांड़ मोड़ के पास बीती रात की घटना
- एक बच्चा गंभीर, रांची के रिम्स में चल रहा है इलाज

जिले के पिपरवार में बुधवार की रात दर्दनाक हादसा हो गया. यहां भेलवाटांड़ मोड़ के पास स्थित ट्रांसपोर्टिंग रोड पर एक कार ने बाइक को रौंद डाला. इस हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी. वहीं एक बच्चा रांची के रिम्स अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है. मृतकों की पहचान प्रतापपुर थाना क्षेत्र के जोगियारा गांव निवासी व होमगार्ड जवान पंकज कुमार साहू, उनकी पत्नी गुड़िया देवी, बेटी सलोनी और बेटा राजदीप के रूप में हुई है. घायल बच्चे की पहचान दीपराज के रूप में हुई है. घटना के संबंध बताया जा रहा है कि होमगार्ड जवान अपनी बाइक पर पत्नी और तीन बच्चों को बिठाकर पिपरवार की तरफ लौट रहा था. इसी दौरान भेलवाटांड़ मोड़ के पास तेज रफ्तार टीयूभी कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मारी. गाड़ी की रफ्तार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पांचों लोगों को रौंदने के बाद कार एक होटल में घुस गयी. जिससे होटल भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. इस हादसे में एक महिला और बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. वहीं दो घायलों की इलाज के दौरान मौत हो गयी.

### कोविड वैक्सीन को लेकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश एक खराब परिपाटी

# स्वास्थ्य व्यवस्था का राजनीतिकरण ठीक नहीं

डॉ अनुज कुमार



लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को हम हमेशा राजनीतिक उदासीनता से जोड़ कर देखते आ रहे हैं. यह सच भी है, क्योंकि स्वास्थ्य कभी राजनीतिक मुद्दा बना नहीं. लेकिन कोविड वैक्सीन को लेकर जिस तरह दोनों तरफ से राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश हुई है, वो एक खराब परिपाटी की शुरुआत है. वैक्सीन को लेकर जिस तरीके से शुरुआत से लेकर अभी तक विवाद होता आ रहा है, वो एक देश के तौर पर हमारी अपरिपक्वता को दर्शाता है.

कोई भी वैक्सीन बनती है, तो वो कई सालों के दौर के रिसर्च के बाद लोगों के बीच पहुंचती है. लेकिन कोविड के दौरान वो महामारी इतनी बड़ी थी कि उसका समय नहीं मिला. आपके जितने भी सवाल हैं वैक्सीन को लेकर, यकीन मानिए कि उसमें से किसी सवाल का निश्चित जवाब नहीं है अभी. और कोई अभी दे भी नहीं सकता. जैसे-जैसे रिसर्च आगे बढ़ेगा, इसे लेकर चीजें और बेहतर समझ में आएंगी. आप अभी जितनी भी चीजें वैक्सीन के पक्ष या विरोध में अभी सुन रहे हैं, वो सारी चीजें अभी कसौटी पर खरा नहीं उतरी हैं. ये भी हो सकता है कि कार्डियेक अरेस्ट या अन्य समस्याएं आ रही हैं, वो वैक्सीन की वजह से न हो कर कोविड बीमारी के कारण हो रही हों. तो किसी भी निष्कर्ष पर आने से अभी बचें.

वैक्सीन को लेकर जो भयभीत हैं, वो इस बात को समझें कि हम वैश्विक महामारी के भयानक दौर से गुजरे हैं. ईश्वर को धन्यवाद दें आप और हम उस त्रासदी के दौर से निकल कर जिंदा हैं. आप अगर ये सोच कर डर रहे हैं कि वैक्सीन ले लिया तो क्या होगा, तो ये भी सोचिये कि अगर वैक्सीन न लिया होता, तो आज शायद जीवित भी नहीं रह सकते थे. क्या साइड इफेक्ट है, कब तक रहेगा और क्या निदान है? ये वैज्ञानिक वर्ग तय करेगा और जल्द करेगा. अगर आपको किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या नहीं आ रही है, तो अकारण घबराने जैसी कोई बात नहीं. अगर किसी प्रकार की शारीरिक समस्या है, तो बस उसे नजरअंदाज ना करें, डॉक्टर से मिलें. शंका और संशय के माहौल से निकलें. अभी के हालात में ये जरूरी है कि एम्स सरीखे संस्थान के निदेशक को सरकार नामित करे कि वो आगे आएं और देश को संबोधित कर उन्हें भरोसा दें कि सब ठीक होगा.

**(यह टिप्पणी डॉ अनुज कुमार के एक्स पोस्ट से ली गयी है. वह मैक्सिलोफेशियल सर्जन और पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट हैं.)**

## मजदूर दिवस पर वेस्ट मोदीडीह में मजदूरों ने जमकर काटा बवाल

संवाददाता। तेतुलमारी

**खास बातें**

- होलीडे व संडे को लेकर भेदभाव करने का विरोध
- बीसीसीएल अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप

बीसीसीएल एरिया चार के ऐकेडब्लुएमसी वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में बुधवार को मजदूर दिवस पर होलीडे व संडे में भेदभाव की नीति का मजदूरों ने जमकर विरोध किया. संयुक्त मोर्चा के बैनर तले मजदूरों व यूनियन प्रतिनिधियों ने वेस्ट मोदीडीह हाजिरी घर के समीप जमकर बवाल काटा. आक्रोशित मजदूरों व यूनियन प्रतिनिधियों ने कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए नारे लगाये.

मोर्चा समर्थकों ने कहा कि प्रबंधन अपने खास लोगों का नाम संडे और होली डे ड्यूटी की लिस्ट में शामिल करती है, बाकी कर्मियों को इससे वंचित रखा जाता है. आरोप लगाया कि होलीडे व संडे के एवज में प्रबंधन मोटी रकम वसूलती है. इतना ही नहीं बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी बनाने पर कई कर्मियों की हाजिरी भी छूट जाती है. इस बारे में प्रबंधन से शिकायत करने पर कहा जाता है कि अब मशीन से हाजिरी बनती है, इसमें कुछ नहीं हो सकता है. करीब तीन घंटे तक चले हंगामा के बाद कंपनी अधिकारियों ने यूनियन प्रतिनिधियों से वार्ता की. गड़बड़ी की जांच कर उचित कार्यवाही का भरोसा दिया गया.

## ब्रीफ खबरें

### विजेताओं का महुदा आने पर किया स्वागत

**महुदा ।** अमरावती महाराष्ट्र में आयोजित पेंटाथनोल लेजर रन नेशनल चैंपियनशिप में कपुरिया के छह प्रतिभागियों ने मेडल जितकर लौटने पर कपुरिया पंचायत सचिवालय प्रांगण में ढोल नगाड़ा बजाकर सभी का स्वागत किया गया. पंचायत प्रतिनिधि एवं समाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया. इस संबंध में कपुरिया फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर के प्रशिक्षक रंजीत दशौंधी ने बताया कि महाराष्ट्र के अमरावती में आयोजित तीन दिवसीय पेंटाथनोल लेजर रन नेशनल चैंपियनशिप में टाटा स्टील फाउंडेशन की और से कपुरिया क्षेत्र से 18 खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए भेजा गया था.

### मजदूर दिवस पर सफाईकर्मी सम्मानित

**पुटकी।** मजदूर दिवस के अवसर पर डीएवी कुसुंडा के ड्राइवर, खलासी ,आया व सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया. विद्यालय की प्राचार्या झूमा महता ने विद्यालय में कार्यरत सभी चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया. कहा गया कि चतुर्थवर्गीय कर्मचारी भाइयों की सेवा व श्रम से ही विद्यालय को गति मिलती है. सम्मानित होनेवाले कर्मियों में महेश उरांव,जैनुल अंसारी, अनिल कुमार,कुसेश्वर राम,सरिता, कृष्ण यादव,मनोज हांड़ी,बंशी गोराई,महेन्द्र, सुनील, विनोद,सुभाष गोप शामिल हैं.

### शिक्षक तपन घोषाल के निधन पर शोक

**महुदा।** केबीआर उच्च विधालय के सेवानृवित शिक्षक तपन कुमार घोषाल (84) का अकस्मिक निधन होने से क्षेत्र में शोक की लहर है. वह कुंकु बाई राजकीय उच्च विधालय महुदा में स्थापितकल सेवा दे रहे थे. वह एक अच्छे एवं सच्चे समाज सेवी के रूप में जाने जाते थे. उनके निधन पर अब्दुल हमीद अंसारी, मुखिया संगिता घोषाल, नन्दनी देवी, बदरूदीन अंसारी, गुडिया कुमारी, पूर्व मुखिया सम्पद घोषाल, आदर कुमार मिश्रा, पूर्व पंसस दिनेश प्रमाणिक ने शोक व्यक्त किया है.

### 'भाजपा संविधान को बदलना चाहती है'

**महुदा।** इण्डिया महागठबंधन के झामुमो गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के चुनाव प्रबन्ध सम्पन्न कराने के लिए बूथ कमेटी के गठन के लिए गुरूवार को महुदा मोड़ में बैठक की गई. जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष मो. अजमूल अंसारी व संचालन सचिव रंजित कुमार महतो ने किया. बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अजमूल अंसारी ने कहा कि यह चुनाव हमलोगों के अधिकार की रक्षा के लिए है, भाजपा संविधान को बदलना चाहती है, जिसकी बदोलत हम इज्जत के साथ जीते हैं.

### राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की कमेटी गठित

**धनबाद।** राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की सिजुआ एरिया की कमेटी गठित हुई है. सुखदेव प्रमाणिक को अध्यक्ष, रामाशीष चौहान को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है. राकेश पासवान, सियाराम सिंह, सुनील भारती को उपाध्यक्ष, सुरेंद्र चौहान को सचिव, दीपक चौहान, सुशील कुमार सिन्हा, गणेश हाड़ी को सह सचिव, गणेश हाड़ी, कन्हैया कुमार रोहित कुमार , डेविड अंसारी भी टीम में शामिल हैं. कार्यकारिणी के सदस्यों में राहुल चौहान, कपिल यादव, करण कुमार, बबलू राम, अमर सहानी, सुरेश कुमार, आकाश कुमार, अभिषेक चौहान शामिल हैं.

---

## आसनसोल से लोकसभा के तृणमूल प्रत्याशी ने चलाया प्रचार अभियान, लोगों की उमड़ी भीड़

# शत्रुघ्न सिन्हा ने रोड शो कर लोगों से वोट की अपील की

संवाददाता। बराकर



आसनसोल लोकसभा के तृणमूल प्रत्याशी सीने स्टार शत्रुघ्न सिन्हा बुधवार को कुल्टी विधानसभा के बराकर क्षेत्र में रोड शो कर प्रचार प्रसार किया और लोगों से वोट की अपील की. बराकर स्टेशन से रोड शो करते हुए वह बैगुनिया बाजार बस स्टेंड, हनुमान चढ़ाई से कुल्टी पहुंचे.

इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थक साथ थे. रोड शो के दौरान तृणमूल उम्मीदवार को देखने के लिये सड़क किनारे लोगों की भारी भीड़ उमड़ी. लोग उनको अपने मोबाइल के कैमरे में कैद करते दिखे. वहीं शत्रुघ्न सिन्हा ने लोगों से वोट देकर उन्हें विजयी बनाने की अपील की. इस चुनावी रैली में मंत्री मलय घटक, तृणमूल नेता उज्वल चटर्जी, शिवदसान दासु सहित तृणमूल के कई नेता और कर्मी उपस्थित थे. कुलटी की जनता से अपने तृणमूल उमीदवार के लिए वोट मांगते देखे गए यह कहकर कि वह शत्रुघ्न सिन्हा को वोट देकर तृणमूल सुप्रीमो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी की हाथों के मजबूत करें.

**खास बातें**

- बराकर स्टेशन रोड से शुरू हुआ रोड शो
- प्रत्याशी को देखने के लिए सड़क किनारे उमड़ी भीड़
- मंत्री मलय घटक भी रोड शो में शामिल थे

---

## ईसीएल मुगमा में सीबीआई की दबिश

# 75 हजार रिश्वत लेने में ईसीएल एजेंट को दबोचा

संवाददाता। धनबाद/मैथन




**खास बातें**

- मजदूर की शिकायत पर सीबीआई ने बिछाया था जाल
- सरफेस पर ड्यूटी के नाम पर ले रहा था रिश्वत

धनबाद सीबीआई की टीम ने बुधवार को ईसीएल ग्रुप की मुगमा कोलियरी के एजेंट रामप्रकाश पांडेय को 75 हजार रुपये की रिश्वत लेने के क्रम में रंगेहाथ दबोचा है. सीबीआई के पास कोलियरी के एक जनरल मजदूर ने शिकायत दर्ज कराई थी. आरोप लगाया था कि एजेंट ने उनकी ड्यूटी अंडरग्राउंड से सरफेस पर करने के एवज में रिश्वत की मांग की थी. सीबीआई ने एजेंट को दबोचने के लिए उसके आवास की भी छानबीन की है. कोलियरी मजदूर संजीव कुमार ने सीबीआई को बताया था कि वे ईसीएल के सीबीएच ग्रुप के हरियाजाम कोलियरी में जनरल मजदूर के पद पर कार्यरत हैं. सीबीआई की कार्रवाई से कोलियरी में हंड्कंप मच गया है.

**50 प्रतिशत विकालंग होने के बाद 12 साल माइंस में कराई ड्यूटी :** 2011 में सड़क दुर्घटना के कारण संजीव कुमार पचास प्रतिशत विकलांग हो गए थे. इसके बाद धनबाद सिविल सर्जन द्वारा 2012 में सर्टिफिकेट निर्गत भी कराया है. शुरू में उनकी ड्यूटी अंडरग्राउंड में थी. लेकिन इस हालत में वे अंडरग्राउंड में काम करने में काफी कठिनाइयां झेल रहे थे. उन्होंने आरपी पांडेय से निवेदन किया कि उन्हें सरफेस पर कोई काम दे दें लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया. तब सांसद पीएन सिंह से सरफेस पर ड्यूटी कराने का आग्रह किया. तब सांसद की तरफ से ईसीएल सीएमडी को संबंधित विषय पर एक पत्र दिया गया. इसके उपरांत एजेंट आरबी पांडेय ने 16 मार्च 2024 को एक आर्थराईजेशन लेटर जारी किया, इसमें उन्हें वेट ब्रिज सेंट्रल पोल साइडिंग में ड्यूटी देने की बात कही गई, यहां काम करने के एवज में ही उसने 75000 रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी. इस बात की शिकायत सीबीआई से की गई.

**रेलवे साइडिंग के पास दबोचा गया आरोपी :** शिकायत के बाद सीबीआई धनबाद के एक अधिकारी को सबंधित शिकायत के सत्यापन के लिए लगाया गया. सत्यापन के लिए सीबीआई अधिकारी पीड़ित पक्ष के पास पहुंचे और आरोप के सत्यापन के लिए आवश्यक कार्रवाई की. जब शिकायत सत्यापित हो गई तो सीबीआई टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया. सब तय होने के बाद रिश्वत की रकम देने पर हामी भरी गई. जगह तय हुआ कि बरमुड़ी कोलियरी के पुराने रेलवे साइडिंग के पास रकम दिया जाए. बुधवार की रात यक रकम वहीं अदा की गई और सीबीआई ने एजेंट को वहीं पर दबोच लिया. इसके बाद जांच एजेंसी के अधिकारियों ने उनके कुमारधुबी आवास में भी दबिश दी. आवास को भी खंगालने का काम किया गया.तत्पश्चात आरोपी एजेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. मामले की जांच सीबीआई इंस्पेक्टर संदीप सिंह करेंगे.

**पांडे को दो दिनों का सीबीआई रिमांड**

**धनबाद ।** ट्रांसफर के एवज में ईसीएल कमी संजीव कुमार से रिश्वत लेते रंगे हाथ धाराएं हरियाजाम ईस्ट कुमारधुबी कोलियरी के एजेंट राम प्रकाश पांडे को सीबीआई ने गुरुवार की देर शाम कोर्ट में पेश किया . मामले के अनुसंधानक संदीप सिंह ने कोर्ट में आवेदन दायर कर आरोपी राम प्रकाश पांडे की चार दिनों की सीबीआई हिरासत की मांग की . कोर्ट को दिए आवेदन में सीबीआई ने कहा कि जांच पड़ताल में कई कागजात मिले जिनके संबंध में पूछ ताछ आवश्यक है . जिसका विरोध लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने किया . उभय पक्ष को सुनने के बाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने आरोपी राम प्रकाश पांडे को दो दिनों की सीबीआई हिरासत देने का आदेश दिया है. आरोप है कि कोलियरी के कर्मी संजीव कुमार सिन्हा का दूसरे जगह से ट्रांसफर कर लाने के एवज में 75000 रुपये रिश्वत की मांग की गई थी. सीबीआई सूत्रों के मुताबिक सीबीआई को पांडे के पास आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के भी कई सुराग मिले हैं.

### प्रिंस खान का गुर्गा होने के संदेह में दो धराए

**धनबाद।** गैंगस्टर प्रिंस खान के गुर्गा होने के संदेह में पुलिस ने वासेपुर इलाके से दो संदेहियों को दबोचा है. दोनों से पूछताछ की जा रही है. इनमें एक का नाम डोरमोन और दूसरा फैजान बताया जा रहा है. पुलिस को संदेह है कि हाल के दिनों में सरायढेला थाना क्षेत्र के कोयला नगर में एक व्यक्ति के आवास पर गोली चलाने का पर्चा वायरल हुआ था, हालांकि गोली नहीं चली थी. इस पर्चा में प्रिंस खान के मेजर द्वारा लिखे जाने की बात कही जा रही थी. असल में मामला ये था कि गोली नहीं चली थी और पर्चा वायरल हो गया. इस कारण पुलिस को संदेह है कि कहीं सही में गोली चलाकर पर्चा वायरल तो नहीं करना था. ऐसे में पुलिस ने मामले में प्रिंस खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की है.

### ट्रांसफार्मर में लगी आग, अफरा-तफरी

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया तीन के सोनारडीह हॉल्ट के समीप हडकुप भट्ठा में लगे 1000 केबी के ट्रांसफार्मर में बुधवार की सुबह अचानक भीषण आग लग गई.देखते ही देखते आग की लपटें आसमान छूने लगी . भयावह आग की लपटों को देखकर आसपास के ग्रामीणों में अपरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया.खबर पाकर फायर ब्रिगेड का वाहन पहुंच कर आग पर काबू पाने में जुट गया .काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया.हालांकि तब तक ट्रांसफार्मर पूरी तरह से जलकर खाक हो चुका था.ट्रांसफार्मर में आगजनी की घटना से सोनारडीह बढ़ई बस्ती, हड़कुप भट्ठा ,खास टुंडू आदि गांव में बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई. घटना किस वजह से हुई इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है.

---

# हिलटॉप की ब्लास्टिंग से दो आवास क्षतिग्रस्त

## ब्लास्टिंग के पत्थर से बाल-बाल बची महिला



संवाददाता। कतरास

**खास बातें**

- कई आवासों में आई दरारें लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन
- कहा- कंपनी साजिश के तहत ऐसा कर रही है

बीसीसीएल एरिया पांच के मोदीडीह कोलियरी के तेतुलमुडी पेंच में संचालित हिलटाप आउटसोर्सिंग परियोजना में हैवी प्लास्टिक से कॉलोनी के मन्ना राय व छोटू राय का आवास क्षतिग्रस्त हो गया. साथ ही कई आवासों में दरारें आ गई .वहीं ब्लास्टिंग के पत्थर एक महिला दुर्गी देवी बाल बाल बची.घटना के वक्त वहां अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया.घटना के बाद परियोजना में बोरहोल कर रहे कर्मियों को कोलनी के लोगों का आक्रोश झलना पड़ा. लोगों के आक्रोश देखते हुए कर्मियों को उल्टे पांव बेरंग वापस लौटना पड़ा. घटना के विरोध में लोगों ने प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की. आक्रोशित लोगों का कहना था कि कालोनी से महज 30 फीट की दूरी पर कंपनी मनमानी तरीके से साजिश के तहत परियोजना में ब्लास्टिंग कर रही है जिसमें दो घर क्षतिग्रस्त तथा कई घरों में दरार पड़ गई है.

### प्रशासन ने निष्पक्ष चुनाव के लिए की सुदृढ़ व्यवस्था : डीसी

**धनबाद ।** लोकसभा चुनाव के सफल तथा त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, बाघमारा व टुंडी के सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया. इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी और सुदृढ़ व्यवस्था की है. उन्होंने कहा कि बोकारो एवं चंदनकियारी में चुनाव संपन्न होने के बाद मतदान पदाधिकारियों को ईवीएम के साथ सीधे कृषि बाजार समिति में बने स्ट्रांग रूम आना है. बोकारो और चंदनकियारी के एआरओ बाजार समिति का भ्रमण कर बोकारो व चंदनकियारी के लिए चिह्नित हॉल का निरीक्षण करे. ईवीएम व चुनाव सामग्री लेकर निर्धारित रूट व निर्धारित वाहन से, रास्ते में बिना रुके, बाजार समिति पहुंचे.

# बारात गये 10 वर्षीय बालक का शव कुएं में मिला, मातम पसरा



संवाददाता। महुदा

बोकारो जिला के चास मुफसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोदीडीह कुम्हरी से महुदा थाना क्षेत्र के तारगा बस्ती में बारात आये 10 वर्षीय बच्चे का शव बुधवार को एक कुएं में तिरता हुआ मिला. मृतक की पहचान अबोध गोराई के पुत्र राजाराम कुमार के रूप में हुई है. राजाराम मंगलवार की रात अपने गांव के मुकुंद महतो के पुत्र विष्णु कुमार की शादी में तारगा बस्ती स्थित मिठु महतो के यहां बाराती बनकर आया था.घटना के बाद परिजनों के चीख पुकार से शादी का माहौल मातम में बदल गया. मृतक के परिजनों ने बताया कि बारात में द्वार पूजा के बाद राजाराम अपने साथियों के साथ नास्ता करने लगा. नास्ता के बाद वह पंडाल से बाहर निकला तथा लौट कर नहीं आया. रात में उसकी खोजबीन की गयी, मगर उसका पता नहीं चला. बुधवार को खोजबीन के क्रम में दोपहर बाद उसका शव कुएं में पाया गया. इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना महुदा पुलिस को दी. शव को कुएं से निकलवा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया गया. मृतक के पिता अबोध गोराई ने साजिश के तहत अपने बेटे की हत्या का आरोप लगाया है.

---

**मजदूर दिवस**

## कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, झंडोत्तोलन क दी शहीदों को श्रद्धांजलि

# मजदूरों के बल पर ही कल कारखाने हैं : एनडी पाण्डेय

संवाददाता। कतरास/बरोरा

मजदूर दिवस के अवसर पर विभिन्न श्रमिक संगठनों ने कई जगह कार्यक्रम आयोजित कर मजदूर दिवस मनाया.बरोरा क्षेत्र के शताब्दी हाजिरी घर के समीप मजदूरों व यूनियन प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम आयोजित कर झंडोत्तोलन कर शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि अर्पित की. साथ ही शिकागो के शहीद मजदूरों के लिए एक मिनट का मौन रखा.वहीं मजदूरों के बीच मिठाई बांटी गई.

कार्यक्रम में उपस्थित यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन बरोरा क्षेत्रीय अध्यक्ष नर्वदेश्वर पाण्डेय उर्फ एनडी पाण्डेय ने कहा कि दुनिया में सबसे पहला मजदूर दिवस 1886 में मनाया गया था, जिसमें तमाम देशों की ट्रेड यूनियन शामिल हुईं थी. उसी तर्ज पर भारत में पहली बार मजदूर दिवस एक मई 1923 में चेन्नई में मनाया गया. तभी से मजदूर दिवस की शुरुआत हुई है. उन्होंने कहा कि जितने भी उद्योग कल कारखाने चल रहे हैं वह मजदूरों के बूते ही संचालित हैं. मजदूरों के बिना कल कारखाना व उद्योग का कल्पना भी नहीं की जा सकती. मौके पर वीरांची शर्मा, एच एन गांधी, अमरेन्द्र कुमार, राजीव कुमार, सुरेश महतो, अशोक चक्रवर्ती, सुरेंद्र मेहता, सीटू के मोहन रविदास, बीएमसी के इंद्र कुमार कश्यप, मोहन दशौधी, अशोक कुमार, सायरा बानो, भवानी देवी मौजूद थे.



मजदूर दिवस पर झंडोत्तोलन करते यूनियन प्रतिनिधि.

**बीसीसीएल एरिया चार में भी समारोह**

बीसीसीएल एरिया चार के एकेडब्लूएमसी हाजरी घर प्रांगण में मजदूर दिवस पर समारोह आयोजित किया गया .जिसकी अध्यक्षता बीसीकेयू केंद्रीय सचिव कंचन महतो और संचालन शाखा सचिव रविन्द्र प्रसाद ने किया . सर्वप्रथम झंडोत्तोलन किया तथा दो मिनट मौन रख कर शहीद मजदूरों को श्रद्धांजलि दी गई . समारोह को संयुक्त महामंत्री मानस चटर्जी, सीटू के झारखंड राज्य सचिव राजेन्द्र प्रसाद राजा, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव शिव प्रसाद महतो,शाखा अध्यक्ष निरंजन महतो,जयकिशन चौहान, रोहन महतो,टेकलाल महतो, रामसोभा यादव सहित अन्य मौजूद थे .

### मारवाड़ी युवा मंच झरिया के अध्यक्ष बने अमित अग्रवाल

**झरिया ।** झरिया के लक्ष्मीनिया मोड़ स्थित अग्रसेन भवन में गुरुवार की शाम अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा पद स्थापना समोरह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, राम प्रसाद कटेसरिया, मारवाड़ी सम्मलेन के पूर्व अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश अग्रवाल, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल और झारखंड मारवाड़ी युवा मंच के मण्डल उपाध्यक्ष अजय तायल ने दीप प्रज्वालित कर किया. प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय तायल ने अमित अग्रवाल को मारवाड़ी युवा मंच झरिया के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई. इनके साथ ही साथ पूरी कार्यकरणी समिति ने पद की शपथ ली.

---

## न्यूज अपडेट

### तीन उम्मीदवारों ने किया चुनाव के लिए नामांकन

**धनबाद ।** लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष सोमवार को तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया. निर्दलीय उम्मीदवार जनक शाह, उमेश पासवान तथा अखिल भारत हिन्दू महासभा के संजय कुमार गिरी ने नामांकन पत्र दाखिल किया. मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला व अन्य मौजूद थे. लोकसभा चुनाव के लिए तीन लोगों ने नोमिनेशम फॉर्म खरीदा.सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि आज सामान्य वर्ग में 25 - 25 हजार रुपए का भुगतान करके तीन लोगों ने नोमिनेशम फॉर्म खरीदा है.



### हिटलर के पद चिह्नों पर ही चल रहे मोदी : शुक्ला

**धनबाद ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिटलर के नक्शेकदम पर चल रहे हैं. ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग जैसी एजेंसियों को खरीदकर उनका खुलकर गलत इस्तेमाल कर रहे हैं. देश का हर तबका तबाह हो रहा है. उक्त बातें कांग्रेस प्रदेश महासचिव व धनबाद जिला प्रभारी चंद्रशेखर शुक्ला ने गुरुवार को धनबाद कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही. उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोगों को तरह-तरह की साजिश रचकर फंसाया जा रहा है. इस बार जनता मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी.



### चिरकुंडा में मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

**मैथन ।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के ऊपर बाजार स्थित तरुण दत्ता के आवास में बुधवार की शाम आग लग गई, जिसके बाद क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बन गया. मौके पर पहुंची फायरब्रिगेड की दो गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. हालांकि आग से किसी तरह की हताहत होने की कोई खबर नहीं है, घर में रखे प्लास्टिक की बोरे जलकर खाक हो गई. आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है. जानकारी के अनुसार तरुण दत्ता का परिवार प्लास्टिक बोरे का व्यवसाय करता है. जिस कारण चिरकुंडा स्थित उनके आवास में बोरे की ढेर लगी हुई थी. बुधवार की शाम अचानक से आग लग गई, आग की तेज लपटे उठने लगी. आग की तेज लपटें देख आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई.

### महुदाः शिक्षकों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**महुदा ।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेलमोचो, लोहापट्टी से सेवानिवृत हुए शिक्षिका मिताली गोराईं एवं बसंत कुमार पाठक को विद्यालय परिवार ने समारोह आयोजित कर विदाई दी गई. इस अवसर पर विधालय परिवार एवं शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने उपहार देकर सम्मानित करते हुए सेवानृवित शिक्षकों के कार्यकाल का सराहनाकी.मौके पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के बाघमाराअंचल अध्यक्ष श्रवण कुमार महतो सचिव रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी, पंचायत समिति सदस्य अनीता देवी, वसंत कुमार पाठक मौजूद थे.



### कार्बाइन नुमा कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**पुटकी।** केंदुआडीह पुलिस ने गुरुवार को गोधर काली बस्ती सात नंबर इलाके से कार्बाइन नुमा कट्टा के साथ अनिल कुमार नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. उसके पास से एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है. अनिल मूलरूप से लखीसराय के बड़ैया का रहने वाला है. डीएसपी विधि व्यवस्था दीपक कुमार ने बताया कि एसएसपी एचपी जर्नादन को गुप्त सूचना मिली थी कि केंदुआ में कोई अपराध की मंशा से हथियार लेकर घूम रहा है. इसके बाद यह कार्रवाई की गई.



### एसटीजी में नो वर्क-नो पे का नोटिस, भड़के कर्मी

**पुटकी।** गोपालीचक कोलियरी के पुटकी 17 नम्बर में संचालित आउटसोर्सिंग कम्पनी एसटीजी ने ओबी डंपिंग जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण कोयला का उत्पादन बंद कर नो वर्क नो पे का नोटिस चिपका दिया है. इससे मजदूरों में आक्रोश है. कम्पनी प्रबंधन ने 30 अप्रैल की रात से ही ओबी का डंपिंग जगह नहीं होने के कारण उत्पादन बंद कर सभी वाहनों को कैम्प ऑफिस के सामने खड़ा कर दिया है. एक मई को मजदूर दिवस पर अवकाश रहने के कारण शाम को दो मई से नो वर्क नो पे का नोटिस कैम्प कार्यालय पर चिपका दिया है. पुटकी 17 नम्बर में एसटीजी ने सितंबर 23 से कोयला खनन का कार्य शुरू किया था. जिसे दो साल में 53 लाख क्यूबिक मीटर ओबी हटाने व तीन लाख 15 हजार टन कोयला का उत्पादन करना था लेकिन ओबी डंपिंग स्थल उपलब्ध नहीं होने के कारण कम्पनी ने काम को बंद कर दिया.

### मारवाड़ी महिला समिति ने प्याऊ की व्यवस्था की

**बराकर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की बराकर शाखा द्वारा प्याऊ लगाया गया. बताया जाता है कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति सदैव सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है तथा समय-समय पर जरूरत के हिसाब से लोगों की मदद करती रही है. इसी क्रम में भीषण गर्मी को देखते हुए प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष बराकर रेलवे स्टेशन परिसर स्थित हनुमान मंदिर में प्याऊ लगाया गया. जहां आने-जाने वाले रेल यात्रियों के अलावा राहगीरों तथा बाजार में खरीददारी करने वाले लोगों को राहत मिलेगी.



### पीएनएम इंटर कॉलेज की छात्राओं ने लहराया परचम

**गोमो (धनबाद) ।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने इंटर बोर्ड परीक्षा (12वीं बोर्ड) के तीनों सकायों का रिजल्ट 30 मई को जारी किया. इस परीक्षा में पंडित मेमोरियल इंटर कॉलेज गोमो की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है. साइंस स्ट्रीम में रचना गोस्वामी 430 अंक लाकर टॉपर रही. वहीं आर्टस से प्रियंका कुमारी (399 अंक) और कॉमर्स से चांदनी विश्वकर्मा (375 अंक) टॉपर रही.



### बीएड कॉलेज में शिक्षक-अभिभावक बैठक संपन्न

**महुदा ।** रवि महतो स्मारक टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज महुदा में गुरुवार को शिक्षक संग अभिभावक का बैठक कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस बैठक में विद्यालय के प्रशासक मधुसूदन महतो एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया. सभी अभिभावक अपना संक्षिप्त परिचय देते हुए कॉलेज को लेकर सुझाव व्यक्त किया. विद्यालय प्रशासक मधुसूदन महतो ने कहा कि बच्चों की गतिविधियों का ज्ञान अभिभावक से बातचीत कर ही पता चलता है, फिर उस पर सुधार किया जाता है.



### मैथन के होटल में लगी आग, 25 लाख का नुकसान

**मैथन (धनबाद)।** मैथन में एनएच किनारे स्थित सुमनदीप होटल के बुधवार की देर रात करीब एक बजे अचानक आग लग गई, जिसमें करीब 25 लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई. सबसे पहले आग थर्ड फ्लोर पर स्थित गोदाम में लगी. जब तक कर्मियों को इसकी जनकारी हुई, तब आग होटल के चार कमरों तक फैल गई. होटलकर्मियों ने इसकी जानकारी तुरंत होटल मालिक व मैथन ओपी प्रभारी को दी. मैथन ओपी प्रभारी अमन आकृष्ट की सूचना पर सीआईएसएफ की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. होटल में ठहरे लोगों को सकुशल कमरों से बाहर निकाल लिया गया था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ. आग लगने के सही कारण का पता नहीं चल पाया है.

समाहरणालय सभागार में प्रेस कांफ्रेस कर दी गई जानकारी

# मतदाता सूची में जिनके नाम नहीं हैं, जोड़वा लें : उपायुक्त

संवाददाता। साहिबगंज



जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने लोगों से अपील की है कि जिनका अभी तक मतदाता सूची में नाम अंकित नहीं है वह फॉर्म छह भरकर मतदाता सूची में नाम डलवा लें. फार्म छह आवेदन की अंतिम तिथि चार मई तक निर्धारित की गई है. यह बात उन्होंने समहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया से कही. उपायुक्त ने इस दौरान वर्ष 2023-24 की मैट्रिक परीक्षा फल को लेकर चर्चा करते हुए मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि इस बार झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में साहेबगंज जिला का स्थान बहुत पीछे रहा. जिसे सुधारने की आवश्यकता है. चुनाव समाप्त होने के पश्चात जिला प्रशासन द्वारा एक मिशन मोड के तहत कार्य किया जाएगा. इसके लिए जिला प्रशासन ने टारगेट तैयार किया है. जिले में 24 प्लस 2 विद्यालय एवं 106 उच्च विद्यालय हैं .आने वाले वर्ष में परीक्षा फल में सुधार के लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग दृढ़ संकल्पित है.

**समस्याओं के बारे में जानकारी ली :** उपायुक्त ने सभी पत्रकारों से जिले भर की मुख्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली और इसे बेहतर करने के उपाय के बारे में पत्रकारों से सुझाव लिए.इस मौके पर जिला के सभी पत्रकारों ने जिले के महत्वपूर्ण समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा. उपायुक्त ने कहा कि मीडिया, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त होते हैं. जिनका निराकरण विभिन्न विभागों द्वारा किया जा रहा है.इस मौके पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार एवं प्रेस मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

### खास बातें

- मैट्रिक परीक्षा परिणाम में सुधार लाने की बात कही
- जिले में स्वास्थ्य सेवा चुस्त, दुरुस्त की जाएगी

### एक भी अच्छा अस्पताल नहीं

उपायुक्त ने आगे बताया कि साहेबगंज जिला राज्य की राजधानी से लगभग 400 किलोमीटर की दूरी पर है. यहां एक भी अच्छा अस्पताल नहीं है. ज्यादा बीमार पड़ने पर लोगों को धनबाद या रांची जाना पड़ता है. जिला प्रशासन ऐसी नीति तैयार कर रहा है कि जिला स्तर पर ही स्वास्थ्य सेवा चुस्त और दुरुस्त किया जा सके.

### जरूरतमंदों की मदद करने में अहम भूमिका : डीसी

**साहिबगंज।** उपायुक्त के निर्देशा पर जिले में रक्त की कमी को पूरा करने के लिए सभी प्रखण्डों एवं सदर अस्पताल साहेबगंज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस अभियान में उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस



अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया. अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान महा अभियान पूरे जिला में प्रत्येक माह की पहली तारीख को चलाया जाएगा . रक्त एक ऐसी चीज है जिसे बनाया और खरीदा नहीं जा सकता. हम रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करने में अहम भूमिका निभाते हैं .वहीं सिविल सर्जन डॉक्टर अरविंद्र कुमार ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया.इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों विशेष कर युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए और इस नेक काम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए. उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक की मदद कर जिले के लोगों को स्वस्थ रखना समय की जरूरत है.

## बीजेपी प्रत्याशी को रिकार्ड मतों से जितायें : केशव प्रसाद मौर्य



संवाददाता। गिरिडीह

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि बीजेपी के प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से विजय बनाए. तभी विकसित भारत का सपना पूरा हो सकेगा. उक्त बातें उन्होंने गिरिडीह शहर के सर्कस मैदान में भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के नामांकन के बाद आयोजित सभा में कही.

उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा में समर्पित रहने वाली पार्टी बीजेपी है. झारखंड की सभी 14 और उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें इस बार भारतीय जनता पार्टी जीतेगी. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब का बेटा है . इसलिए गरीबों की चिंता करता है . नरेंद्र मोदी ने जो भी वायदा देश की जनता से किया है उसे पूरा कर दिखाया है. उन्होंने कहा कि देश में लोकसभा के विपक्षी प्रत्याशियों की जमानत नहीं बचेगी. मौके पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कोडरमा लोकसभा से प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी दिलीप वर्मा को रिकार्ड मतों से विजय बनावे. अपने दस वर्षों के कार्यकाल में पीएम नरेंद्र मोदी ने देश का सम्पूर्ण विकास किया है.

## ब्रीफ खबरें

### गोड्डा में युवती का शव घर के कमरे में लटकता मिला

**गोड्डा।** नगर थाना अंतर्गत चपरासी मोहल्ला की रहनेवाली अठारह वर्षीय युवती का शव घर पर ही कमरे में लटकता मिला. घटना बीते बुधवार सुबह की है. युवती प्रभा कुमारी का कमरे में रस्सी के सहारे शव झूलता हुआ पाया गाय. घरवाले के अनुसार वे लोग रात में दूसरे मोहल्ला में शादी में गए हुए थे. घर पर लड़की अकेली थी. जब देर रात घर लौटकर कमरा का दरवाजा खोले तो पूरा माजरा स्पष्ट हुआ. घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने जाने के बाद पुलिस पहुंची और आकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की.

### चोरी को लेकर गावां थाने में दिया आवेदन

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के माल्डा पाण्डेयडीह निवासी आशुतोष पांडेय ने गावां थाना में आवेदन देकर घर में चोरी कर लिए जाने का आरोप लगाया है. कहा गया कि बुधवार की रात हमलोग घर की छत पर सोए थे. चोरों ने मेरे घर के अंदर बक्सा में रखा सोना चांदी का जेवर कीमत लगभग डेढ़ लाख कासा का बर्तन समेत लगभग 40 हजार का नगदी का चोरी कर ली. मुझे घर के आसपास के कुछ लोगों पर संदेह है कि इन्ही लोगों ने घटना को अंजाम दिया है.

### प्रेमी युगल को पकड़ कर किया थाने के हवाले

**गावां (गिरिडीह) ।** गावां प्रखंड स्थित नगवां में ग्रामीणों ने एक प्रेमी युगल को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. नगवां में आसपास गांव के युवक युवती को देखकर कुछ लोगों को संदेह हुआ. बाद में कुछ लोगों ने दोनों को पहचान कर हो हल्ला करने लगे. जिससे वहां काफी भीड़ जमा हो गई. युवक व युवती के परिजन भी आमने सामने आ गए. बढ़ते टकराव को देखते हुए गावां थाना पुलिस वहां पहुंची व दोनों को लेकर थाना चली आई.

### फरार आरोपी के घर इस्तेहार चिपकाया

**जमुआ ।** जमुआ और धनवार पुलिस ने संयुक्त रूप से गुरुवार को जमुआ थाना क्षेत्र के मांगोडीह में एक फरार आरोपी के घर इस्तेहार चिपकाया. बताया गया कि पोक्सो एक्ट एवं 67 बी आईटी एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त पंकज कुमार यादव (पिता नुनुमन यादव) बहुत दिनों से फरार है .जिसे धनवार व जमुआ पुलिस ने ढोल बजाकर फरार आरोपी के घर इस्तेहार चिपकाया. इस दौरान जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार,धनवार थाना प्रभारी नंदू पाल के अलावा कई पुलिस कर्मी मौजूद थे.

विनोद सिंह के नामांकन के बाद हुई सभा में जुटी भारी भीड़

# शोषितों व वंचितों की आवाज हैं विनोद सिंह : मुख्यमंत्री

संवाददाता। गिरिडीह




कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार विनोद सिंह के नामांकन के बाद बुधवार को नामांकन सभा को संबोधित करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि विनोद सिंह झारखंड के गरीबों, मजदूरों, शोषितों, वंचितों की आवाज हैं. कोडरमा लोकसभा से इनको जीता कर संसद भेजना जरूरी है. भाजपा की सरकार ने जनता से झूठ बोला, अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया. दो करोड़ नौजवानों को हर साल रोजगार देने का वादा किया था वह भी वादा पूरा नहीं हुआ. चुनाव में वे वादा तो करते हैं लेकिन वह जुमला साबित होता है. इसलिए यह आपके पास मौका है, इस सरकार को बदलने के लिए वोट कीजिए.

नामांकन सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि यह देश को बचाने का चुनाव है. देश का संविधान, लोकतंत्र, भाईचारा सब खतरे में है. इसलिए इस बार अपना वोट उसकी हिफाजत के लिए कीजिए. गांव-गांव में जाइए, बूथों पर जाइए और इस लड़ाई में पूरी ताकत झोंक दीजिए.

### खास बातें

- देश को बचाने का है चुनाव : दीपंकर
- आकांक्षाओं को पूरा करने का चुनाव है : विनोद सिंह

**आकांक्षाओं और सपनों के साथ धोखा :** इंडिया गठबंधन उम्मीदवार विनोद सिंह ने मौके पर कहा कि विगत 10 सालों में कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं और सपनों के साथ धोखा हुआ है. लोग ठगे महसूस कर रहे हैं. कहा कि यह चुनाव जनता के आकांक्षाओं और सपनों को पूरा करने का चुनाव है. उन्होंने कहा कि महेंद्र सिंह के शब्दों में कहें तो हमारे साथी जेल जा सकते हैं, मारे जा सकते हैं पर आपकी लड़ाई के साथ गद्दारी नहीं कर सकते. सभा को संबोधित करते हुए झामुमो नेता गांडेय विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी कल्पना मुरमू सोरेन ने कहा विनोद सिंह जितने लंबे हैं उतनी ही लंबी दूरी तक जाने वाली इनकी आवाज और उससे भी लंबी इनकी सोच है, इसलिए कोडरमा से इस बार इनको जीता कर संसद पहुंचाएं. इन वक्ताओं के अलावे सभा को राज्यसभा सांसद व झामुमो नेता डॉक्टर सरफराज अहमद, राज्य अल्पसंख्यक आयोग सदस्य बरकत अली, राज़द के कोडरमा जिला अध्यक्ष रामधन यादव, झामुमो नेता व पूर्व विधायक जानकी यादव, झामुमो नेता व पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, राजद जिला अध्यक्ष नागेश्वर ठाकुर, राजद राज्य उपाध्यक्ष अवधेश सिंह यादव, कांग्रेस नेता मंजू देवी, राज़द के जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह, माले नेता व पूर्व विधायक राजकुमार यादव, माले नेता अशोक पासवान, आरवाईए से संदीप जायसवाल, झामुमो नेता श्यामदेव यादव, सीपीएम नेता प्रकाश विप्लव, मासस नेता हलधर महतो, इप्टा राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार, युवा राजद नेता रंजन यादव, प्रमुख प्रतिनिधि दीपू चौधरी, झामुमो नेता हीरालाल मुरमू आदि गठबंधन नेताओं ने संबोधित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता गौतम सागर राणा तथा धन्यवाद ज्ञापन राजेश सिन्हा ने किया.

# दूर हुई नाराजगी, कल्पना के साथ कर्मिला ने संभाली कमान

बेंगाबाद (गिरिडीह)



गांडेय विधानसभा उपचुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए कल्पना सोरेन कोई कसर नहीं छोड़ रहीं हैं. एक तरफ जहां कल्पना सोरेन क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह भरने का काम कर रहीं हैं, वहीं दूसरी तरफ पार्टी से नाराज और दूर होने वाले लोगों को जोड़ने और हर दूरी को पाटने का काम भी बखूबी कर रहीं हैं. बुधवार की रात कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा से चार बार प्रतिनिधित्व कर चुके झामुमो के कद्दावर नेता स्व सालखान सोरेन के झलकड़ीहा स्थित आवास पहुंची. यहां उन्होंने दिवंगत सालखन सोरेन के परिवार वालों से मुलाकात की. मौके पर पार्टी से निष्कासित और नाराज चल रही स्व सालखन सोरेन की पुत्रवधु कर्मिला टुडू से वार्ता कर उन्हें मनाया गया.

कर्मिला के निलंबन को रद्द करते हुए उनकी घर वापसी कराई गई. कर्मिला टुडू ने भी मान मनौव्वल के बाद अपनी नाराजगी दूर करते हुए पार्टी के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने को राजी हो गई. इस दौरान मौके पर झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी, राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह समेत अन्य की उपस्थिति में कर्मिला टुडू को उनके समर्थकों के साथ झामुमो में वापसी कराई गई.

### निर्दलीय चुनाव लड़ा था

बताते चलें कि दिवंगत सालखन सोरेन की मृत्यु के बाद पार्टी की उपेक्षा से नाराज हो कर 2019 के विधानसभा चुनाव में कर्मिला टुडू ने झामुमो से बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लडा था. जिसके बाद उनके समर्थकों के साथ उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था. कर्मिला टुडू 2019 के बाद से झामुमो से दूरी बना कर रखे हुई थी. मगर गांडेय विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कल्पना सोरेन के नेतृत्व में उनकी घर वापसी कराई गई है. लोगों का कहना है कि कल्पना सोरेन चुनाव में किसी तरह की जोखिम नहीं लेना चाहतीं हैं और हर दूरी को पाटने में जुटी हुई हैं. कहा जा रहा है कि कल्पना सोरेन और कर्मिला टुडू के एक साथ होने का चुनाव पर काफी असर पड़ेगा.



### संगठन के लिए बेहतर कदम है : सरफराज

कर्मिला टुडू की वापसी पर राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद ने पार्टी में उनका स्वागत करते हुए कहा कि यह संगठन के लिए बेहतर कदम है. वह बहुत दिनों से इस प्रयास में जुटे हुए थे. उन्होंने देर आए दुरुस्त आए की बात कहते हुए कहा कि चुनाव से ठीक पहले कर्मिला टुडू की वापसी संगठन और चुनाव दोनों के लिए लाभदायक साबित होगा.

### डुमरी में रक्तदान शिविर का आयोजन

**डुमरी:** उपायुक्त गिरिडीह के आदेशा पर गुरूवार को डुमरी प्रखंड कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. हालांकि प्रचंड गरमी और चल रहे गर्म हवा के कारण रक्तदान करने वाले लोगों की मौजूदगी कम देखी गई.बीडीओ अन्वेषा ओना ने कहा कि रक्तदान शिविर में अपेक्षाकृत लोगों की भागीदारी कम रही.उन्होंने आमजनों से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि गिरिडीह जिले को प्रत्येक माह 700 यूनिट ब्लड की आवश्यकता होती है. इसलिए वैसे लोग जो स्वस्थ हैं उन्हें रक्तदान करना चाहिए. वहीं उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्तदान कर किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचायी जा सकती है. रक्तदान से बढ़ कर कोई दान नहीं होता है, जबकि डाक्टर सोहेल अख्तर ने कहा कि 18 से 65 वर्ष आयु वर्ग के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है. बताया गया कि रक्तदान से एक ओर जहां किसी की जीवन को बचाया जा सकता है तो दूसरी रक्तदाता का भी स्वास्थ्य बेहतर रहता है.

# रसोई गैस का पाइप फटा, तीन झुलसे

- सिलेंडर बदलने के बाद माचिस से जांच करने के दौरान हुआ यह हादसा

संवाददाता। देवघर

सीडीह थाना क्षेत्र के पुनासी तेतरिया गांव में गुरुवार को रसोई गैस का पाइप फटने से आग लग गई, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए. घायलों को आनन-फानन में सदर अस्पताल देवघर ले जाया गया, जहां बर्न वार्ड में उनका इलाज चल रहा है. घटना के संबंध में बताया गया कि गांव के रविकांत सिंह के रसोईघर में गैस सिलेंडर बदलने के बाद महिलाएं माचिस जलाकर चेक कर रही थीं. इसी दौरान गैस का पाइप अचानक फट गया और पूरे किचन में आग फैल गई. आग बुझाने के क्रम में रविकांत सिंह और घर की दो महिलाएं माधुरी देवी व नैना देवी झुलस गईं. शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और आग को बुझाकर तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए.



### डेढ़ दर्जन घर जलकर पूरी तरह राख

**गोड्डा।** दो अलग अलग जगहों पर हुए आग लगने की घटना में डेढ़ दर्जन घर जलकर पूरी तरह से राख हो गए. जिसमें दस लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है. घटना मेहरमा प्रखंड के अमरसिंह किता गांव की है. दोपहर में फूस के घर से आग से उठी चिंगारी ने देखते ही देखते भयावह रूप धारण कर लिया और एक एक कर बारह से अधिक घरों को अपनी चपेट में ले लिया. यहां पर सभी घर फूस के ही थे. आग लगने की खबर दमकल विभाग को दिए जाने के बाद विभाग की गाड़ी भी समय पर नहीं पहुंच पाई. रास्ता भटक जाने की वजह से गाड़ी जबतक पहुंचती तबतक सारा कुछ खाक हो चुका था.

जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

## अवैध खनन पर प्राप्त शिकायतों की जांच करने का दिया निर्देश

संवाददाता। साहिबगंज

गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई. अवैध उत्खनन के रोकथाम के लिए जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई. जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वाहन चेकिंग अभियान बिना वैध कागजात के परिवहन करते वाहनों को पकड़ा जा रहा है.उपायुक्त ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त अवैध खनन पर प्राप्त शिकायतों की जांच जिला खनन टास्क फोर्स के माध्यम से की जाएगी. जिसके लिए सभी सदस्यों अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है. साहेबगंज जिला अंतर्गत लघु खनिज के कुल 114 खनन पट्टे अवस्थित हैं.जिसमें 69 खनन पट्टे संचालित हैं.जिला में बालू, ईट मिट्टी, पत्थर इत्यादि के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिए टास्क फोर्स के सभी सदस्यों, सभी अनुमण्डल पदाधिकारी को निरंतर छापामारी, स्थलीय निरीक्षण की संख्या बढाते हुए सघन कार्रवाई करने के दिए निर्देश के अनुपालन के सम्बंध में बताया गया कि जिलान्तर्गत विभिन्न मार्गों पर औचक वाहन चेंकिग अभियान चलाया जा रहा है.

### बीडीओ, सीओ ने की बीएलओ संग बैठक

**गांवा (गिरिडीह)।** गावां बीडीओ महेंद्र रविदास व सीओ अविनाश रंजन ने प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को सभी बीएलओ के साथ बैठक की. बैठक में मतदाता पर्ची वितरण किये जाने का निर्देश दिया गया. चुनाव के दौरान बीएलओ के कार्य एवं दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई. सभी बूथों में प्राधानाचार्य के साथ बैठक कर विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं को व्यवस्थित करने पर जोर दिया गया. निर्देश दिया गया कि सभी बूथों का नियमित निरीक्षण कर वहां समय से पहले व्यवस्था को बहाल करें. मौके पर थाना प्रभारी महेश चंद्र, अनिल कुमार, प्रदीप राम, गोपाल रजक, विजय चौधरी, अजय राम, गुलशन आरा, सुधा शर्मा, संजू देवी, गायत्री देवी, चमेली देवी, किरण देवी, सतीश चौधरी उपस्थित थे.

### यूपी के डिप्टी सीएम ने बाबा मंदिर में की पूजा



देवघर के बाबा मंदिर में पूजा करते यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व अन्य.

**देवघर ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को देवघर पहुंचे. एयरपोर्ट पर देवघर के विधायक नारायण दास, सारठ विधायक रणधीर सिंह, देवघर जिला भाजपा अध्यक्ष सचिन रवानी सहित अन्य नेताओं ने उनका स्वागत स्वागत किया. यहां से केशव प्रसाद मौर्य बाबा बैधनाथ पहुंचे और पूजा-अर्चना की. तीर्थ पुरोहितों ने पूरे विधि-विधान से पूजा कराई. मौके पर भाजपा के जिला मंत्री राजीव सिंह, सचिन सुल्तानिया, गोपी बर्मन, धनंजय खवाड़े, अजीत सिंह मौजूद रहे. इसके बाद डिप्टी सीएम चुनाव प्रचार के लिए गिरिडीह रवाना हो गए.

लोकसभा चुनाव — गोड्डा से भाजपा प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान, गांवों का दौरा किया

# मैंने पहले विकास का कार्य किया, तब वोट मांगने आया हूं: निशिकांत

संवाददाता। गोड्डा/ बसंतराय



गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे गुरुवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत बसंतराय प्रखंड के दर्जनों गांव का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने जनता की सेवा की है इसलिए वोट मांगने आया हूं. इस चिलचिलाती धूप में भी लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला. लोग पहले से ही जगह जगह पर इंतजार करते देखे गए. नेताजी की तो लाचारी थी कि उनके पास कम समय है और पूरे लोकसभा क्षेत्र का दौरा करना है. जनता अपने नेता के आने का इंतजार कर रही है मतलब विकास के कार्य पर अपना मुहर लगा रही है. प्रखंड अंतर्गत चनायचक, हिलावे, खट्टी, घाट अमरपुर, देवघराजगीर, घाट सुरनिया, महेशपुर, पकड़िया, डेरमा, सोनोर, हरगामा, गोरगामा, अमरपुर, बसंतराय, बाजपेय घाट लक्ष्मीपुर सहित अन्य गांवों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया. निवर्तमान सांसद निशिकांत दुबे के आगमन से जनता में उत्साह देखा गया.

### खास बातें

- जनता ने विकास को वोट करने का बनाया है मन
- बसंतराय प्रखंड की जनता ने सांसद का किया स्वागत

### गोड्डा को जल्द ही मेडिकल कॉलेज

निशिकांत दुबे ने इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि गोड्डा में रेलवे की जो चिरपरिचित मांग थी उसे मैंने पूरा ही नहीं किया बल्कि आज मालदा डिवीजन से खुलने वाली ट्रेन में गोड्डा स्टेशन का दूसरा स्थान है. आगे गोड्डा में रेलवे का हब बनने वाला है. देवघर में एम्स के आने से संथाल परगना क्षेत्र के निवासियों को स्वास्थय की समस्या से निजात मिली है. गंगा से पीने का शुद्ध जल के साथ जल्द ही मेडिकल कॉलेज भी गोड्डा को मिलेगा. आस पास के क्षेत्रों में एकमात्र एयरपोर्ट हमारे संसदीय क्षेत्र को मेरे प्रयास से मिला है. हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का नारा सबका साथ सबका विकास को गोड्डा की जनता ने स्वीकार किया है. जनता प्रधानमंत्री की कुर्सी पर नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार फिर से बिठाने का मन बना चुकी है. इस अवसर पर स्थानीय विधायक अमित मंडल, जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव मेहता, राजेश झा, महामंत्री कृष्ण कन्हैया, संतोष सिंह, प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, राजेश टेकरीवाल, परिणीता झा, सुभाष यादव पूर्व मुखिया, राम कृष्ण सिंह, बेकुंठ सिंह मौजूद थे.



### ब्रीफ खबरें

### मजदूरों को दी श्रमिक कानूनों की जानकारी

**हजारीबाग।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले हजारीबाग में कई स्थानों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा के देखरेख में यह कार्यक्रम शहर में पंचमदिर चौक के पास, सरदार चौक के नजदीक और श्रम न्यायालय के सामने श्रमिकों को उनसे संबंधित कई कानूनों और जानकारियों से उन्हें अवगत कराया गया. उन्हें राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी दी गई.

### 12 मई को मारवाड़ी समाज करेगा बैठक

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव में मारवाड़ी समाज की लगातार अनदेखी करने वाले नेताओं और पार्टियों को किस तरह से सबक सिखाना है और मान-सम्मान के लिए समाज को कैसे एकजुट किया जाए इसको लेकर रामगढ़ जिला मारवाड़ी सम्मेलन की कार्यकारिणी की एक बैठक जिला अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता व प्रमंडलीय मंत्री बिमल बुधिया की उपस्थित में स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में आयोजित की गई. सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि लोकसभा चुनाव को लेकर मारवाड़ी समाज की मारवाड़ी धर्मशाला में 12 मई को बैठक रखी जायेगी.

### डीएवी में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी सम्मानित

**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए मजदूर दिवस मनाया गया. इस अवसर पर वर्ग दशम की दिव्या ने श्रमिक दिवस की जानकारी बच्चों को दी. शिक्षक उदय नाथ मिश्र ने मजदूरों के सम्मान में 'मैं मजदूर मुझे देवों की बस्ती से क्या' कविता प्रस्तुत की. इस अवसर पर बच्चों ने चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया. विद्यालय के प्राचार्य मो. मुस्तफा मजीद ने कहा कि आप एक दिन भी न आयें तो स्कूल नहीं चलेगा. शिक्षिका वीणा सिंह ने हर एक काम में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है.

### चोरी के आरोप में चार आरोपी गिरफ्तार हुए

**हजारीबाग।** कटकमसांडी थाना पुलिस ने चोरी के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों की पहचान तुषार ठाकुर, विकास मेहता, लक्ष्मण मेहता, रतन कुमार के रूप में की गई है. सभी आरोपी पदमा के रहने वाले हैं. पुलिस ने बताया कि कटकमसांडी प्रखंड के आरा भूसा स्थित सरकारी स्कूल में 12 अप्रैल को चोरी हुई थी. गुरुवार को चार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. उनके पास से स्कूल से चोरी किये गये गैस सिलेंडर 10 पीस, गैस चूल्हा 6, बड़ा डेंग, 5 ढक्कन झांझरा, झोलनी, गमला, बाल्टी, बैटरी और इनवर्टर जब्त किया है.

### मजदूरों के अधिकारों को लेकर की गयी चर्चा

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में बीएड एवं एमएड के प्रशिक्षुओं के बीच सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया. जलवायु परिवर्तन के बीच काम की जगह पर श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करना प्रशिक्षुओं ने मजदूर दिवस का इतिहास, संविधान में निहित उनके अधिकार और कर्तव्यों के बारे में विस्तृत परिचर्चा की. कुलाधिपति बीएन साह ने कहा कि हम विश्वभर के मजदूरों की मेहनत और समर्पण का सम्मान करते हैं. कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में हो रहे कार्यक्रम की सराहना की.

---

इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी ने किया नामांकन, जनसभा में मुख्यमंत्री व नेताओं ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, रैली में उमड़ा जनसैलाब

# देश और संविधान को बचाना है, जय प्रकाश पटेल को जिताना है : चंपाई सोरेन

**संवाददाता। हजारीबाग**

हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया. नामांकन के बाद जेपी के समर्थन में जनसभा जिला स्कूल मैदान में की गयी. इसमें कांग्रेस समेत गठबंधन के कई धुरंधर नेताओं ने हिस्सा लिया, जिसमें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक अबा प्रसाद, विधायक अकेला यादव, पूर्व विधायक ममता देवी, शहज़ादा अनवर, योगेंद्र साव, सौरभ नारायण सिंह, मुन्ना सिंह, जयशंकर पाठक आदि शामिल हुए. नेताओं ने गठबंधन की एकजुटता और ताकत दिखाई.



**खास बातें**

- नामांकन के बाद जय प्रकाश के समर्थन में हुई जनसभा
- प्रचंड गर्मी के बावजूद जोश में दिखे 'इंडिया' के समर्थक

#### सीएम की ललकार पर भरा जोश

जनसभा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कोने- कोने से लोग पहुंचे थे. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जब प्रतिद्वंदी प्रत्याशी को ललकारा तो कार्यकर्ताओं में जोश दोगुना हो गया. जयघोषों की गूंज दोगुनी हो गयी. वहीं हज़ारों की तादाद में मौजूद लोगों ने हुंकार भरी. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार इस देश को पूंजीपतियों के हाथों बेचने का काम कर रही है. यदि इसी तरह व्यवसाइयों को नेता बनाया जाता रहा तो हज़ारीबाग़ को भी पूरी तरह से बेच दिया जाएगा. यह वक्त देश को बचाने का है. यह वक्त हज़ारीबाग़ को बचाने का है. यह तभी मुमकिन है जब हज़ारीबाग़ से यहां की जनता जेपी भाई पटेल को सांसद बना कर दिल्ली भेजने का काम करेगी.

#### तानाशाही हो चुकी मोदी सरकार

वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार पूरी तरह से तानाशाही हो चुकी है. देश से संविधान को ही खत्म कर देना चाहती है. विपक्षी दलों के नेताओं को चुनाव के वक्त फंसा कर जेल में डाल दिया गया है. आरोपों को सही साबित नहीं कर पा रहे फिर भी सिर्फ आरोप की बुनियाद पर उन्हें कैद कर के रख गया है. यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री मोदी डरे हुए हैं. उन्होंने कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों से लोगों को रूबरू करवाते हुए बताया कि कांग्रेस देश के सभी वर्गों के साथ न्याय करने का काम करेगी. कहा कि मजदूर, किसान, महिला, युवा और श्रमिकों, सभी के लिए कांग्रेस न्यायपत्र में किये वादों को पूरा कर देश के विकास को धरातल पर उतरेगी.

#### शहर भ्रमण कर जेपी ने मांगा वोट

जनसभा के बाद जेपी भाई पटेल ने समर्थकों के साथ शहर भ्रमण कर लोगों का आशीर्वाद लिया. जुलूस की शक्ल में सभी लोग जिला स्कूल मैदान से निकल कर महिला महाविद्यालय, अन्नदा चौक, पैगोडा चौक, झंडा चौक होते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे. भ्रमण के दौरान जेपी पटेल के साथ खुली जीप पर विधायक अकेला यादव, विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक ममता देवी आदि साथ रहे. समर्थकों ने राह भर कांग्रेस, गठबंधन और जेपी पटेल के समर्थन में गगनचुम्बी नारे लगाए. कार्यक्रम में हज़ारीबाग कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, रामगढ़ ज़िला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, झामुमो के संजीव बेदिया, सुखदेव साहू कांग्रेस, झामुमो, राजद, माले, आप के पदाधिकारियों, कार्यकर्ता एवं हज़ारों समर्थकों की उपस्थिति रही.

---

राजस्थान के सीएम सहित एनडीए के कई वरिष्ठ नेतागण हुए शामिल

# जायसवाल की नामांकन सभा में उमड़ा जनसैलाब

**संवाददाता। हजारीबाग**

शहर के बिरसा चौक स्थित हजारीबाग स्टेडियम परिसर में बुधवार को एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी मनीष जायसवाल की नामांकन- सह- आशीर्वाद सभा का आयोजन हुआ. इसमें विशेषरूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, झारखंड के विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी, जदयू के राज्यसभा सांसद खीरू महतो, गिरिडीह के आजसू के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, कोडरमा विधायक नीरा यादव, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, कांके विधायक समरी लाल, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, सिमरिया विधायक किसुन दास, धनबाद विधायक राज सिन्हा, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री सह विधायक मनोज यादव, लोकनाथ महतो सहित सैकड़ों भाजपा, आजसू, जदयू, लोजपा (रामविलास) पार्टी के नेतागण के अलावा जनसैलाब उमड़ पड़ा. इससे पहले जायसवाल अपने झंडा चौक के समीप स्थित अपने आवास से पिता ब्रजकिशोर जायसवाल और माता विद्या जायसवाल का आशीर्वाद लेकर निकले. मां व धर्मपत्नी निशा जायसवाल ने आरती उतारी और तिलक- चंदन लगाया.



#### कांग्रेस लूट और झूठ की पार्टी है : भजनलाल शर्मा

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हजारीबाग की जनता को नमन करता हूं और अनुरोध करता हूं कि जिस तरह से पिछले तीन बार से हजारीबाग की जनता भाजपा को लोकसभा में चुनाव जितवा रही है उसी तरह आने वाले चुनाव में भी मनीष जायसवाल को ही अपना सांसद बनाएगी इसका मुझे पूर्ण विश्वास है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा लूट की राजनीति की है एवं कभी भी गरीबों और किसानों की चिंता नहीं की है.

#### एनडीए प्रचंड मतों से जीतेगा : चंद्रप्रकाश

आजसू पार्टी से गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि मोदी के पिछले 10 साल के विकास कार्यों पर जनता अपनी मोहर लगाएगी और इस बार भी केंद्र में एनडीए की सरकार बनेगी और हजारीबाग की सीट एनडीए प्रचंड बहुमत से जीतेगी.

#### जायसवाल की होगी ऐतिहासिक जीत : खीरू

जदयू से राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि जिस तरह से बाबा धाम जाने समय कांवड़िया यह संकल्प लेते हैं कि हमें पूरे मन से बाबा को जल चढ़ाना है. ठीक उसी प्रकार हजारीबाग की जनता को भी यह संकल्प लेना है कि मनीष जायसवाल की जीत के लिए ताक़त झोंकनी है.

#### मोदी सरकार ने देश व गरीबों को बढ़ाया : मरांडी

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 20 मई को हम सबको एक-एक वोट कमल फूल को देना है और मनीष को जिताना है ताकि नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री देश का प्रधानमंत्री बन सके. मोदी ने पिछले 10 सालों में गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के लिए अभूतपूर्व काम किया है. आगे भी यह सुविधा जिन गरीबों को नहीं मिल पाई है उन तक भी पहुंचेगी.

#### मनीष जायसवाल ने किया जनसंपर्क

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी (एनडीए समर्थित) मनीष जायसवाल ने गुरुवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी प्रखंड और रामगढ़ नगर निगम क्षेत्र के करीब दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों का तूफ़ानी दौरा किया. इस दौरान 44 डिग्री सेल्सियस तापमान में मनीष जायसवाल के स्वागत में भाजपा और आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर दिखा. वहीं हर क्षेत्र में मनीष जायसवाल को आशीर्वाद और समर्थन देने के लिए लोगों की अपार भीड़ जुटी.

#### आशीर्वाद दें, हजारीबाग का बेटा-भाई हूं : मनीष

भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि भारत को पहली बार ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जिनके मस्तक पर त्रिकुंड और गले पर रुद्राक्ष की माला है इसीलिए भारत का चौतरफा विकास हो रहा है. विपक्षी महागठबंधन का एक भी नेता ऐसा नहीं जिन्होंने अयोध्या जाकर श्री राम लाल का दर्शन किया हो. जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं इसे लोकसभा चुनाव तक याद जरूर रखिएगा. उन्होंने कहा कि आशीर्वाद दें, मैं हजारीबाग का बेटा और भाई हूं, आपका सम्मान बढ़ाऊंगा और हजारीबाग के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करूंगा.

---

# आठ लोग अवैध तरीके से चला रहे थे पत्थर माइंस, चाल धंसने से एक ऑपरेटर की मौत

**संवाददाता। चौपारण**

हजारीबाग-कोडरमा जिले के सीमावर्ती गोबिंदपुर पंचायत के ढाब-सलोनिया में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से संचालित खदान और पत्थर क्रेशर में गुरुवार को बड़ी घटना घटी. बताया जा रहा है कि ढाब चंदवारा के संजय यादव, प्रभु यादव, अजय यादव, बिरेंद्र यादव सहित 8 लोग मिलकर अवैध तरीके से माइंस में पत्थर का उत्खनन कर रहे थे. हर दिन ड्रिल मशीन लगा कर उत्खनन किया जाता था और शाम 6 से 7 बजे हैवी पावर का ब्लास्ट कर पत्थर की निकासी की जाती थी. गुरुवार को आधा दर्जन लोग सुबह में ड्रिल करने 200 फीट नीचे माइंस में जाकर ड्रिल शुरू ही किया था कि चाल धंस गया, जिसमें एक ड्रिल ऑपरेटर छोटन सिंह (55), पिता स्व. रामाधीन सिंह, ग्राम नजीरगंज, थाना इटखोरी, जिला चतरा की दब कर मौत हो गयी.



इस घटना से हजारीबाग व कोडरमा जिले के खनन विभाग में हड़कंप मच गया है. यह अवैध उत्खनन और पत्थर का क्रेशिंग मौन समर्थन का ही नतीजा है. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत चौपारण सीओ संजय यादव और थाना प्रभारी दीपक सिंह ने घटना स्थल जायजा लिया और शव को निकालने के लिये दो सौ फीट गहरे माइंस में पोकलेन लगवाकर कार्य शुरू करवाया. घटना की जानकारी पूरे प्रखंड में आग की तरह फैल गयी. भारी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच कर अवैध खदान संचालक एवं मुंशी पर हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग करने लगे. इसके बाद खदान मालिकों द्वारा 10 लाख रुपये दिये जाने की बात पर समझौता हो गया.

**अवैध खनन का नेटवर्क बड़ा लंबा :** बताते चलें कि ढाब सलोनिया में आधा दर्जन माइंस व 40 क्रेशर में अधिकतर अवैध तरीके से संचालित हैं. सूत्रों के अनुसार सलौनियां, ढाब आदि जगहों पर खनन तथा प्रशासन की लापरवाही से बडे.पैमाने पर वैध तथा अवैध खनन होता है. घनी आबादी वाले इलाके में भारी विस्फोट भी किया जाता है, जिससे कई घरों को नुकसान भी होता है. वहीं सुरक्षा के मापदंड का इस्तेमाल नहीं होता है. अवैध खनन का नेटवर्क बड़ा लंबा है. पूर्व में भी इस तरह की घटना हुई है पर बोलने वाला कोई नहीं है. मालूम हो कि घटना की सूचना के बाद हजारीबाग डीएमओ भी घटना स्थल पर पहुंचे हुए हैं.

#### ब्राउन शुगर और हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**चौपारण।** गुप्त सूचना दी गयी कि ग्राम-बेला निवासी मुकेश कुमार दांगी द्वारा ग्राम-बेला चौक के पास ब्राउन शुगर एवं हेरोइन की खरीद-बिकी की जा रही है. इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही सुरजीत कुमार एवं थाना प्रभारी, चौपारण दीपक सिंह के नेतृत्व में छापमारी दल बेला चौक की ओर बढ़ने लगा तो दांगी एवं उसके पास खड़े युवक पुलिस बल को आता हुआ देखकर वहां से इधर-उधर भागने का प्रयास करने लगा, जिनमें एक व्यक्ति को खदेड़कर पकड़ लिया गया. जिसके पास से 2 पीला रंग के छोटे प्लास्टिक में कुल 9 पुड़िया बरामद हुई, जिनमें से 4 में 4.5 ग्राम ब्राउन शुगर एवं 6 में 6 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया.

# पिता-पुत्र के साथ मारपीट पर कार्रवाई नहीं कर रही पुलिस

**संवाददाता। बरकट्ठा**

**खास बातें**

- जमीन विवाद में 15 से 20 लोगों पर मारपीट का आरोप
- पीड़ित ने की पुलिस अधीक्षक व डीआईजी से न्याय की मांग

क्षेत्र के ग्राम परबत्ता थाना-बरकट्ठा में भूमि विवाद में पिता-पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया गया. महेश ने बताया गया कि 27 अप्रैल की सुबह 6:30 बजे 15 से 20 की संख्या में लोग आए और मेरे पिता प्रयाग मोदी के ऊपर पत्थर, लाठी, डंडे से हमला कर दिया. पिताजी को बचाने गए तो उसके साथ भी मारपीट कर दी. घटना में राजू लोहार, यशोदा, संजय लोहार, शांति, गुड्डु लोहार, दिलीप लोहार, संगीता शामिल हैं. बताया कि घटना को पांच दिन बीत गए हैं लेकिन पुलिस ने अब तक कार्रवाई नहीं की है. वहीं पुलिस कहती है कि विधायक का दबाव है, ऐसे में कार्रवाई नहीं हो पाएगी. महेश ने यह भी कहा कि इन भूमाफियाओं के पीछे एक जनप्रतिनिधि का हाथ है और उनके कहने पर ही घटना हुई है. पुलिस कार्रवाई नहीं करना चाहती है. एसपी व डीआईजी से न्याय की मांग की है.

---

पतरातू में लूटपाट की घटना को अंजाम देने आ रहे थे अपराधी

# हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

**संवाददाता। रामगढ़**

एसपी को मिली सूचना के आधार पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाकर पुलिस ने बाइक सवार तीन लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. इनमें रमेश मुंडा (39), रूपन हांसदा (28), बलतू मांझी (35) शामिल हैं. तीनों अपराधी रांची जिले के बुडमु थाना क्षेत्र के निवासी हैं. आरोपियों के पास से पुलिस ने एक लोडेड कट्टा, एक 7.65 एमएम देसी पिस्टल, दो .315 एमएम कारतूस और डिस्कवर बाइक बरामद की है.

इस संबंध में रामगढ़ पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक बाइक पर तीन अपराधी रांची से रामगढ़ किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए आ रहे हैं. सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया. पतरातू थाना पुलिस ने पतरातू - खलारी रोड पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान खलारी से पतरातू की ओर आ रहे एक काले नीले रंग की डिस्कवर मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग पुलिस को देख पीछे मोड़ कर भागने लगे. पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार तीनों व्यक्तियों को पकड़ा. जांच में उनके पास से हथियार बरामद हुए. पुलिस ने बाइक जब्त करते हुए तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया. पकड़े तीनों व्यक्तियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह पतरातू क्षेत्र में लूटपाट की घटना को अंजाम देने जा रहे थे. अभियुक्त के विरुद्ध इस संदर्भ में पतरातू थाना में कांड संख्या 113/24 दर्ज किया गया. गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. इस अभियान में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीरेंद्र राम, पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, पुआनि शिवा कश्यप सदल बल शामिल थे.



#### मेधावियों को सम्मानित करेगा बुद्धिजीवी मंच

**रामगढ़।** बुद्धिजीवी मंच के शिष्टमंडल द्वारा सी सी एल प्लस टू हाई स्कूल, नया नगर बरकाकाना के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन से मुलाकात कर मैट्रिक परीक्षाफल के टॉप टेन की सूची उपलब्ध कराने का निवेदन पत्र दिया गया, ताकि विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा सके. प्रदीप चक्रवर्ती ने कहा कि बुद्धिजीवी मंच द्वारा पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी क्षेत्र के पांचों उच्च विद्यालयों के उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले दस विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा. मंच द्वारा इस संबंध में क्षेत्र के पांचों उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के नाम निवेदन पत्र निर्गत किया है. मंचने सीसीएल प्लस टू हाई स्कूल से मुलाकात के क्रम में ग्यारहवीं में दाखिला प्रक्रिया से संबंधित जानकारी ली और अनुरोध किया गया कि दूसरे महाविद्यालयों की तरह इसमें भी नामांकन प्रक्रिया जल्द से जल्द प्रारंभ की जाए.

---

युवती से प्यार की बात को घरवालों ने नहीं किया स्वीकार तो उठाया आत्मघाती कदम

# जवान ने खुद को गोली मार आत्महत्या की

**संवाददाता। हजारबाग**

हजारीबाग में डीआईजी आवास पर तैनात एक जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. घटना बुधवार की सुबह की है, जब डीआईजी आवास पर ड्यूटी पर तैनात जवान विकास कुमार ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली. घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई, हालांकि उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. विकास कुमार मूल रूप से हजारीबाग जिले के टाटी झरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला था.

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विकास कुमार एक युवती से प्यार करता था और वह उसी से शादी करना चाहता था लेकिन जवान के घर वाले को यह रिश्ता पसंद नहीं था. घरवाले अपनी पसंद से विकास की शादी करवाना चाहते थे. रिश्ता लेकर बार-बार रिश्तेदार आते थे जिसको लेकर जवान परेशान था और वह बुधवार को डीआईजी आवास पर ड्यूटी में तैनात था. अचानक गोली की आवाज सुनकर आसपास ड्यूटी कर रहे जवान दौड़े लेकिन वहां देखा कि विकास के सिर में गोली लगी हुई थी और खून बह रहा था. इसके बाद जवान को आनन फानन मैं सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. इसके बाद पोस्टमार्टम करवा कर जवान का शव पुलिस लाइन लाया गया और डीआईजी, एसपी, मेजर डीएसपी सहित पुलिस लाइन के सभी जवानों ने मृतक जवान को श्रद्धांजलि देते हुए तत्काल अंतिम संस्कार के लिए सहयोग राशि दी गई. इस संबंध में पुलिस विभाग ने बताया कि जवान ने आत्महत्या की है या गिरने से गोली चली है, पुलिस इसकी जांच कर रही है. अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी.



---

**मानवाधिकार आयोग का निर्देश** कोल परियोजना से प्रभावित बिरहोर बस्ती का अस्तित्व संकट में

# खनन के दुष्प्रभाव से हो रही मौतों पर कार्रवाई करें एसपी

**संवाददाता। हजारीबाग**

जिले के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से प्रभावित बिरहोर बस्ती में अब तक लोगों की मौत के मामले में मंटू सोनी की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने हज़ारीबाग़ एसपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. खनन के दुष्प्रभाव से अब तक दो बिरहोर की मौत हो चुकी है, जिसको लेकर जिला-प्रशासन और एनटीपीसी पर गंभीर सवाल उठते रहे हैं. बिरोहर बस्ती को बिना बसाए खनन कार्य करने और उसके दुष्प्रभाव से हुई मौतों के बाद जिला-प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा किया जाता रहा है. शिकायतकर्ता मंटू सोनी ने कहा है कि जिला-प्रशासन कार्रवाई नहीं करती है. कोर्ट में मामला दायर कर लोगों को न्याय दिलवाया जाएगा.



#### एनटीपीसी-प्रशासन की भूमिका संदिग्ध

कोयला मंत्रालय द्वारा पिछले साल कोयला उत्पादन नहीं किए जाने पर एनटीपीसी 33 .68 करोड़ रुपये जब्त कर लिये गये और कोल ब्लॉक आवंटन रद्द करने की चेतावनी भी दी. इसके बाद एनटीपीसी और उसके एमडीओ (माइन डेवलपर ऑपरेटर) ऋत्विक-एएमआर कंपनी ने फॉरेस्ट क्लियरेंस, पर्यावरणीय क्लियरेंस और खनन सुरक्षा के नियमों/निर्देशो और शर्तों को पूरा किए बिना खनन स्थल से महज कुछ मीटर की दूरी पर लुप्तप्राय आदिम जनजाति बिरोहर बस्ती को बिना समुचित विस्थापित-पुर्नवास किए खनन कार्य कर कार्य चालू कर दिया गया है. इसके दुष्प्रभाव में आकर 10 अप्रैल को दुर्गा बिरहोर उर्फ बहादुर बिरहोर की मौत हो गई. उससे पहले 28 फरवरी को दस वर्षीय बिरहोर बच्ची की मौत हो गई थी. मौत के बाद कंपनी द्वारा महज चालीस हजार मुआवजा देकर शव दफनाने का मामला प्रकाश में आया है.

#### शिकायत में तीन बिंदुओं पर सवाल

- 1. खनन स्थल से प्रभावित विलुप्तप्राय आदिम जनजाति बिरहोर बस्ती को बिना बसाए खनन कार्य कैसे शुरू करने दिया गया या अब तक जारी रखा गया है?
- 2.खनन के दुष्प्रभाव से नाबालिग किरणी बिरहोर और दुर्गा उर्फ बहादुर बिरहोर की मौत ही चुकी है,उसके दोषियों को चिन्हित कर उनपर हत्या का मुकदमा क्यों नही दर्ज कर रही है? यह जानते हुए भी की इससे सामूहिक लोगों की जान को खतरा है खनन शुरू किया गया, तो क्यों न उनपर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए ?
- 3.खनन स्थल के समीप खनन के दुष्प्रभावों से बिरोहर बस्ती के किरणी बिरहोर और दुर्गा उर्फ बहादुर उरांव की मौत का पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया गया ? क्या ऐसा जानबूझकर सोची-समझी रणनीति के तहत किया.

#### ईंट लदा वाहन पलटने से चार लोग हुए घायल

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र के उलहारा में गुरुवार अहले सुबह 7:30 बजे एक ईंट लदा वाहन के पलटने से चालक सहित तीन मजदूर दब गये. घाटो थाना क्षेत्र के बसंतपुर वासरी स्थित जेबीसी चिमनी ईंट भट्ठे से टार्बो वाहन ईंट लोड कर चरही की ओर आ रहा था. उसी दौरान उलहारा स्थित चरही -घाटों मुख्य सड़क पर अचानक चार बैल कूद पड़े. जिससे तेज गति में जा रहे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और बीच सड़क पलट गया. उलहारा के ग्रामीणों की मदद से वाहन के नीचे दबे सभी घायलों को निकाला गया. सभी घायलों को हजारीबाग सदर भेज दिया गया. घायलों में चरही के कसियाडीह निवासी राजेश टुडु, नेपाली टुडु, आकाश किस्कु, आकाश टुडु, अक्षय टुडु शामिल हैं.

# एनटीपीसी केरेडारी परियोजना में मनाया गया मजदूर दिवस




**संवाददाता। केरेडारी**

एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया. परियोजना के प्रमुख प्रभारी शिव प्रसाद ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले संविदा कर्मियों को सम्मानित किया. इस मौके पर प्रसाद ने श्रमिकों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद किया. उन्होंने श्रमिकों के संघर्षों और परिश्रम की सराहना की. सभी संविदा कर्मियों ने परियोजना के प्रमुख प्रभारी एवं सभी अधिकारियों के साथ विचार साझा किए. श्रमिकों ने कार्य स्थल पर सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी सुझाव दिए. श्रमिकों ने एनटीपीसी कार्यालय की कार्यशैली व कार्य स्थल व्यवस्था की सराहना की.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शनि चन्द्रमा आय भाव मे है. पारिवारिक मेलजोल के लिया अच्छा दिन है. कार्यक्षेत्र में व्यर्थ की चिंताएं न करें. काम अपनी गति से चल रहा है और समय से समाप्त हो जाएगा. जीवनसाथी आपसे खुश होगा. धन का संचय आवश्यक है.

**वृषभ** पिता के स्वास्थ पर ध्यान दें. आपकी आमदनी बढ़ेगी और आर्थिक लाभ प्राप्त करने के नए रास्ते भी मिलेंगे. भाई-बहनों और बड़ों के साथ संबंध प्रेमपूर्ण रहेंगे. कुछ सरकारी कार्य अटक सकते हैं. कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं.

**मिथुन** करियर लाइन बदलने के लिए उचित समय है. किसी नए रिश्ते की शुरुआत हो सकती है. यदि नया व्यापार आरम्भ करने का सोच रहे हैं तो लाभ होगा. दांपत्य जीवन में कुछ खुशी के पल आएंगे. शारीरिक परेशानी घेर सकती हैं.

**कर्क** कोई परेशानी बनी हुई है . काम में पूरा फोकस बनाए रखें. व्यवसाय के लिए दिन बहुत लाभकारी रहेगा. इसका पूरा फायदा उठाएं. खर्चों में बढ़ोतरी होने से आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर रहेगी. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा.

**सिंह** जीवन में नई ऊर्जा का संचार होगा. नए बिजनेस की शुरुआत करने के लिए आज का दिन शुभ है. किसी पुराने दोस्त से मुलाकात भी हो सकती है. किसी बात पर झगड़ा हो सकता है. फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे.

**कन्या** कार्यक्षेत्र में आपकी स्थिति बेहतर रहेगी. सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा. समय पर चीजों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करना होगा. जल्दबाजी में निर्णय न लें. आपका कोई करीबी आपको परेशान कर सकता है.

**तुला** पुराने रुके हुए काम बनेंगे. सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों की पदोन्नति हो सकती है. परिवार में अच्छा माहौल रहेगा. प्रियजनों के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा. कोई भी निर्णय किसी बड़े की सलाह से लें.

**वृश्चिक** कार्यक्षेत्र में सविधाएं बढ़ने के आसार हैं. अपने वेतन और अपनी प्रतिष्ठा को लेकर कोई समझौता न करें. नौकरी में तरक्की के योग हैं. अविवाहितों के लिए दिन अच्छा है. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा. पेट से संबंधित कुछ कठिनाई हो सकती है.

**धनु** इंजीनियर्स के लिए दिन फायदेमंद रहेगा. दिन स्टूडेंट्स के लिए अच्छा रहेगा. आपके आर्थिक पक्ष में स्थिरता रहेगी. यदि करियर लाइन बदलना चाहते हैं तो यह उचित समय है. काम से संबंधित कुछ नया सीखने का प्रयास करें. अन्न दान करें.

**मकर** नए और बड़े निवेश से बचें. वैवाहिक जीवन में कुछ परेशानियां उत्पन्न हो सकती है. प्रेम संबंधों के लिए यह समय उपयुक्त नहीं है. स्वविवेक से काम लें और क्रोध में आकर संबंधों को खराब ना करें. शिवलिंग पर अभिषेक करें.

**कुंभ** लवमेट के लिए दिन अच्छा रहेगा. अविवाहितों को आज विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं. अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगे. कारोबार में आकर्षक डील मिल सकती है. प्रियजनों से मुलाकात होगी. अन्न दान करें.

**मीन** व्यवसाय में नए अवसर मिलेंगे. आपके कार्य प्रभाव से उन्नति और तरक्की के योग हैं. धन लाभ के अवसर मिलेंगे. कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे. जल्दबाजी में कोई कार्य न करें. बेरोजगार लोगों को अच्छी जॉब मिल सकती है.

### ग्रामसभा की बैठक में विकास योजनाओं पर चर्चा

**आदित्यपुर।** रापचा के पिंडराबेड़ा में बुधवार को आयोजित पंचायती राज के ग्रामसभा में प्रतिनिधियों ने भाग लिया. शिक्षा मंत्रालय के कार्यक्रम उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत राज्यभर के उच्च संस्थानों द्वारा चयनित सेवा गांव में आयोजित ग्रामसभा में भाग लेने के निर्देश के तहत उन्नत भारत अभियान राष्ट्रीय प्रौधोगिकी संस्थान जमशेदपुर के द्वारा गोद लिए गांव में बैठक हुई. इस बैठक में केंद्र सरकार के पर्यावरण मंत्रालय के अन्तर्गत पर्यावरण आंकलन समिति के सदस्य प्रोफेसर रंजीत प्रसाद एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गम्हरिया के संकाय सदस्य किशोर प्रसाद शामिल थे.

### राइट टू एजुकेशन एक्ट बंद हो : नायर

**जमशेदपुर।** केरला पब्लिक स्कूल बर्माामाइन्स के अध्यक्ष श्रीकांत नायर ने बताया गया कि बच्चे बिना मेहनत किए आठवीं कक्षा तक राइट टू एजुकेशन के थ्रू प्रमोट होते हैं. इस विषय में रोक लगनी चाहिए और जब बच्चे कक्षा नौवीं में आते हैं, क्योंकि वे मेहनत नहीं करना चाहते हैं. उन्हें लगता है कि स्कूल तो पास कर ही देगा. इसलिए वह फेल होते हैं, तब उन्हें आगे प्रमोट नहीं किया जाता है. श्रीकांत नायर गुरुवार को प्रेस को सम्बोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि पैरेंट्स की तरफ से जो धरना प्रदर्शन चल रहा है. प्रशासन से की ओर से दबाव डाला जा रहा है कि उनका बिना एग्जाम लिए प्रमोट किया जाए.

### उर्स के समापन पर कव्वालों का कलाम

**जमशेदपुर।** हज़रत बादशाह अब्दुर्रहीम उर्फ चुनाशाह बाबा का 55वां सालाना उर्स मुबारक समापन के मौके पर जाने माने कव्वालों ने अपना कलाम पेश किया. बिष्टुपुर दरगाह में आयोजित उर्स समापन कार्यक्रम में आए देश के जाने-माने कव्वालों ने अपना कलाम पेश किया. जिसमें प्रसिद्ध कव्वाल असलम निजामी कव्वाल एंड पार्टी कानपुर, यूपी और मोईन निजामी कव्वाल एंड पार्टी कानपुर, यूपी ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश कर मौजूद जायरीनों को झूमने पर विवश कर दिया. मौके पर दरगाह के गद्दी नशीन ताज अहमद, चुनाशाह बाबा दरगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी मौजूद थे.

### हजारीबाग से कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल, कोडरमा से माले प्रत्याशी विनोद सिंह व धनबाद से कांग्रेस प्रत्यायशी अनुपमा सिंह ने किया नामांकन

# इंडिया के प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल हुए सीएम और कल्पना

**सीएम ने कहा**

- हम भाजपा को संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने कभी नहीं देंगे : चंपाई

**कल्पना ने कहा**

- किस बात का डर था कि चुनाव के पहले ही आदिवासी सीएम को जेल में डाल दिया गया

विशेष संवाददाता। रांची

एक मई को इंडिया गठबंधन के तीन प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन किया. हजारीबाग से कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल, कोडरमा से माले प्रत्याशी विनोद सिंह और धनबाद से कांग्रेस प्रत्यायशी अनुपमा सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया. नामांकन और चुनावी सभाओं में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन जहां तीनों चुनावी सभाओं में हिस्सा लिया. वहीं सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन कोडरमा में विनोद सिंह के नामांकन और सभा में हिस्सा लिया. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल नेता आलमगीर आलम, राजद नेता एवं मंत्री सत्यानंद भोक्ता, माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य सहित इंडिया गठबंधन के कई नेता वरिष्ठ नेता विधायक, सांसद शामिल हुए.





### धनबाद में जुल्म से लड़ने के लिए मिली शक्ति : चंपाई

मुख्यमंत्री कोडरमा, धनबाद और हजारीबाग में नामांकन सभा को संबोधित किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार किस चीज की गारंटी दे रही हैं समझ ही नहीं आ रहा. सीएम ने कहा तानाशाही सरकार ने देश के लिए कुछ नहीं किया. केवल पूंजीपतियों के लिए केंद्र ने काम किया है. धनबाद में उन्होंने कहा कि धनबाद की जनता को लड़ने के लिए एक 'शक्ति' मिल गयी है. कहा, भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति का प्रतीक माना जाता है.

### अनाज देकर सबकुछ छीनना चाहती है भाजपा : कल्पना

कोडरमा में माले प्रत्याशी विनोद सिंह के नामांकन और नामांकन सभा में कल्पना सोरेन शामिल हुईं. इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर प्रहार किया. उन्होंने कहा कि हमारे विनोद सिंह की केवल उंचाई ही लंबी नहीं है. इनकी सोच और आवाज भी बहुत दूर तक जाती है. सदन से लेकर सड़क तक ये गरीब-मजलूमों, आदिवासी, दलित, किसानों के लिए संघर्षरत रहते हैं.

### चांडिल डैम रोड़ में महागठबंधन प्रत्याशी का चुनाव कार्यालय खुला

# भाजपा चार सौ पार के सपने देख रही है : सुप्रियो भट्टाचार्य

दिलीप कुमार। चांडिल





लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवारों का दौरा जोर पकड़ने लगा है. प्रत्याशी क्षेत्र का दौरा कर लोगों को अपने पक्ष में मतदान करने को लेकर प्रेरित कर रहे हैं. चुनाव कार्य को सुगम रूप से संपन्न कराने के लिए चुनाव कार्यालय खोले जा रहे हैं. इसी क्रम में बुधवार को चांडिल डैम रोड़ स्थित सनसिटी में रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी का ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय खोला गया. चुनाव कार्यालय का शुभारंभ महागठबंधन के प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, विधायक सविता महतो, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय आदि ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया.

मौके पर कांग्रेस, झामुमो, राजद आदि के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे. ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय का उदघाटन के बाद झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जनता इस चुनाव में सरायकेला-खरसावां जिला नया कीर्तिमान बनाएगी. तीन विधानसभा और तीन लोकसभा क्षेत्र वाले जिला में महागठबंधन अपना परचम लहराएगा. यहां से भाजपा को जनता तड़ीपार करेगी. अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए महागठबंधन के नेता व कार्यकर्ताओं ने अपनी तैयारी कर ली है. उन्होंने कहा कि भाजपा चार सौ पार के सपने देख रही है. इस प्रकार के मुंगेरी लाल के सपने देखने वाली भाजपा कभी स्थानीय मुद्दों पर बात नहीं कर रही है. मंहगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि की बात भाजपा नहीं करती है. मौके पर ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत सुनिश्चित बताते हुए उन्हें अग्रिम बधाई दी.

इस दौरान रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया. उन्होंने नागासेरेंग से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत किया. इसके बाद चौका में शहीद अजीत-धनंजय महतो की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया. उन्होंने बानसा, धुनाबुरू, चांडिल बाजार, लुपुंगडीह, सिरका समेत विभिन्न गांवों में मतदाताओं से मिलकर अपने चुनावी ऐजेंडे के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार करती कम और बताती ज्यादा है. वहीं कांग्रेस की सरकार बगैर कहे देश की जनता के लिए काम करती है. जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की. यशस्विनी सहाय ने कहा कि महंगाई व बेरोजगारी से देश की जनता त्रस्त है. भाजपा इसे जनता के लिए अच्छे दिन बता रही है. यशस्विनी सहाय ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की जनता से किए एक भी वादे पूरे नहीं किए. सरकार सिर्फ अपने ऐजेंडे पर काम किया है. देश में मंहगाई, बेरोजगारी व महिला विकास सबसे बड़ा मुद्दा बन गया है. जनता तानाशाह सरकार के जनविरोधी नीति व कार्यों से त्रस्त है. इससे निजात के लिए मोदी सरकार के पास कोई समाधान नहीं है.

## झामुमो जनता को भ्रमित कर रही है: गीता कोड़ा

संदीप कुमार प्रसाद। नोवामुंडी



एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा बुधवार को प्रचंड गर्मी के बीच गुवा पहुंची. जहां भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाल करीब एक दर्जन गांवों का तूफानी दौरा किया. कोड़ा ने जनसंपर्क अभियान चलाया. साथ ही लोगों से एक नंबर पर बटन दबाकर कमल फूल छाप में वोट करने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने गांवों में जगह-जगह ग्रामीणों के साथ कहीं पेड़ नीचे तो कहीं तपती धूप में सभाएं भी की. इस दौरान उन्होंने न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाएं गिनाईं, बल्कि राज्य की सत्तारूढ़ झामुमो पर जमकर बरसीं. उन्होंने कहा कि आम जनता को दिग्भ्रमित करने के लिये झामुमो वाले मोदी सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं. वे जनता को भ्रमित कर रहे हैं कि भाजपा वाले जमीन लूटते हैं, वे संविधान बदल देंगे. गीता कोड़ा ने कहा कि ये विपक्ष का बहुत बड़ा प्रोपगंडा है. इसे समझने की जरूरत है, भाजपा ने आजतक कभी किसी की जमीन लूटी है और न ही भाजपा का संविधान बदलने का इरादा है. दरअसल झामुमो व अन्य विपक्षी दल ऐसा प्रोपगंडा इसलिये फैलाती है ताकि जनता भ्रमित ही रहे और विपक्षी दलों का वोट बैंक बना रहे. लेकिन जनता समझदार है. वह सब जानती है. इसलिये वह इस बार भी मोदी को ही प्रधानमंत्री बनायेगी. क्योंकि उन्होंने पिछले दस वर्षों में अभूतपूर्व कार्य किये. उन्होंने अपने दौरे में नुईया गांव, कैलाश नगर, कल्याण नगर, योग नगर, रेलवे कालोनी, बिरसा नगर, गुवासाई, कच्छी धौड़ा, विवेक नगर, रेलवे मार्केट, राम नगर, पोरस हाटिंग, लालजी हाटिंग सहित अन्य क्षेत्रों का दौरा किया. इस मौके पर जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी सहित काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे.

## जनता भाजपा के झांसे में आने वाली नहीं है : निरल

संवाददाता। मझगांव

महागठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी को जीत दिलाने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी शक्ति के साथ लग जायें. हमें इस बार ऐतिहासिक जीत दिलानी है. इसमें मझगांव विधानसभा की सबसे बड़ी भागीदारी होनी चाहिए. यह बातें कुमारडुंगी में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मझगांव विधायक निरल पुरती ने कही. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरे देश को झूठ के बल पर 10 साल तक शासन किया है. चुनाव के समय भी 10 साल में किये गये विकास कार्यों को छोड़ कर धर्म, संप्रदाय और मंदिर-मस्जिद करने में लग गई है. कोई भी दस साल देश में शासन करने के बाद अपने काम के बल पर ही वोट मांग सकते हैं. देश की जनता के लिए विकास कार्य किये तो उसके लिए वोट मांगे, लेकिन नहीं भाजपा ने दस साल में सिर्फ जुमला का सरकार चलाया है.

## पेज एक का शेष

### निजी संपत्ति पर कांग्रेस...

दरअसल, समाजवादी और पूंजीवादी सोच के बीच संघर्ष पुराना है. इसके केंद्र में निजी संपत्ति भी है. दशकों पहले समाजवादियों, साम्यवादियों का चुनावी नारा होता था-धन और धरती बंट के रहेंगे. लेकिन यह नारा समय के साथ ओझल हो गया. इसका मुख्य कारण यह था कि इसमें निजी संपत्ति के लिए प्रोत्साहन का अवयव सिरे से गायब था. फलस्वरूप विकास के लिए उद्यमिता का भाव पैदा ही नहीं होता था. यदि किसी की संपत्ति उसके उत्तराधिकारी को मिलेगी ही नहीं, तो वह जीवनभर हाड़ तोड़ मेहनत क्यों करेगा, उद्योग-धंधे क्यों बढ़ायेगा ? यानी यह विकास विरोधी सिद्धांत था. इसीलिए यह विचारधारा कालबाह्य हो गयी है. यहां तक कि दुनिया के साम्यवादी देशों ने भी पूंजीवाद की राह पकड़ ली है. चीन, रशिया और क्यूबा तक के उदाहरण सामने हैं. लेकिन हमारे संविधान में निजी संपत्ति मौलिक अधिकार नहीं है और नीति निदेशक तत्व वाले भाग में जगह मिली भी तो इस रूप में कि समुदाय के भौतिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण इस प्रकार बंटा हो जिससे सामूहिक हित का सर्वोत्तम रूप से साधन हो. यानी निजी संपत्ति को सामाजिक संसाधन ही माना गया है. हालांकि 1977 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे गलत बता दिया था. उस फैसले के पक्ष में चार न्यायमूर्ति थे, जबकि विपक्ष में तीन. अब इस मामले की सुनवाई नौ सदस्यीय बेंच कर रही है. कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि क्या कंपनी या निजी संपत्ति सामुदायिक संसाधन है ? इसके जवाब में अटार्नी जनरल ने कहा है कि संसाधनों और जरूरतों के बारे में समाज की व्याख्या समय के साथ परिपक्व होती रहती है. संवैधानिक प्रावधानों को किसी एक विचारधारा के चश्मे से देखना संविधान के विरुद्ध है. जिस समय आप इन पंक्तियों को पढ़ रहे होंगे, तब तक इस मामले में कोई फैसला आ चुका होगा या सुनवाई चल रही होगी. लेकिन इतना तय है कि जो भी फैसला आयेगा, एक नयी वैचारिक और सियासी हलचल शुरू होगी. यदि सुप्रीम कोर्ट यह मान लेता है कि निजी संपत्ति सामाजिक संसाधन है, तब भी और यदि इसके उलट फैसला देता है, तब भी. इसका दीर्घकालिक परिणाम क्या होगा, इसका आकलन कठिन नहीं है, लेकिन यदि चुनाव के बीच ही फैसला आया तो उस पर प्रतिक्रियाएं नया कोलाहल पैदा कर सकती हैं.

यह तो साफ हो गया है कि कांग्रेस निजी संपत्ति का बंटवारा चाहती है और भाजपा इसके खिलाफ है. अदालत का फैसला किसी को तो नागवार लगेगा ही. लेकिन जो लोग निजी संपत्ति के बंटवारे के पक्षधर हैं, वे पहले अपने से ही शुरुआत क्यों नहीं करते ? दरअसल ये धन और धरती बंट के रहेंगे का नारा तो लगाते हैं, लेकिन अपना-अपना छोड़ कर.

### राजनीति के फेर में गलगोटिया...

इसी गलगोटिया यूनिवर्सिटी का विज्ञापन हम साल में पांच से छह बार अखबारों के पहले पन्ने पर देखते हैं, अक्सर टीवी पर देखते हैं, और लाखों रुपये खर्च कर अपने बच्चों को पढ़ने भेजते हैं. इन सबके बीच जो बड़ा सवाल है, वह यह कि क्या एक शैक्षणिक संस्थान के छात्रों का, इस तरह एक खास पार्टी के पक्ष में या एक खास पार्टी के विरोध में प्रोपोगेंडा फैलाना सही है ?

## झाड़ियों में घायल मिला नवजात

शंभू कुमार। चक्रधरपुर

कलियुगी मां ने ममता को शर्मासार करते हुए अपने नवजात को जन्म देने के बाद पुलिया के नीचे झाड़ियों में तड़पने के लिए छोड़ दिया, तो दूसरी ओर कुछ लोगों की नजर शिशु पर पड़ने पर उसे इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया. जिससे शिशु की जान बच सकी. बताया जाता है कि चक्रधरपुर प्रखंड के केरा पंचायत के महुलबोराई गांव जाने वाली सड़क के पुलिया के नीचे एक नवजात शिशु (बालक) को फेंक दिया गया था. जब तपन कैवर्त नामक एक युवक मछली पकड़ने के लिए जा रहा था तो इसी दौरान एक शिशु के रोने की आवाज सुनी. इसके बाद उसने पुलिया के नीचे जाकर देखा तो नवजात को रोते पाया. इसके बाद इसकी सूचना उसने आसपास के ग्रामीणों को दी. झाड़ियों में शिशु के फेंकने के कारण उसके पैर में कई जगह चोटें लग गई थीं. चिटियां भी लग रही थी. ग्रामीण शिशु को पुलिया के नीचे झाड़ियों के बीच से उठाकर गांव ले आये.

**उफ ये गर्मी** झारखंड में आसमान से बरस रही आग, जीना हुआ मुहाल

# नौ जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में सूर्य देवता ने अपने तेवर और तल्ख कर लिए हैं. राज्य के नौ जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है. सबसे ज्यादा सरायकेला-खरसांवा में तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. वहीं जमशेदपुर, रांची, डालटनगंज, बोकारो, चाईबासा, देवघर, गिरिडीह, गढ़वा, गोड्डा और बहरागोड़ा में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार रहा.

**छह मई को तेज हवा के साथ गर्जन :** छह मई को राज्य के उत्तर पूर्वी भाग में गर्जन के साथ तेज हवा चलेगी. मौसम विभाग के अनुसार हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रहेगी.



**तेज गर्मी**

- पांच व छह मई को उत्तर पूर्वी हिस्सों में चलेगी तेज हवा
- सरायकेला का अधिकतम तापमान रहा 45 .4 डिग्री

### तीन, चार और पांच मई को हीट वेव की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार, तीन मई को पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, पाकुड़ और गोड्डा में हीट वेव चलने की संभावना है. वहीं, चार और पांच मई को भी राज्य के कई जिलो में हीट वेब चलने की संभावना जताई गई है. चार मई को सरायकेला-खरसांवा, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम में और पांच मई को सरायकेला-खरसांवा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, पाकुड़ और गोड्डा में हीट वेब चलने की संभावना जताई गई है.

### कहां कितना रहा तापमान



| जिला | तापमान (डिग्री से.) |
|---|---|
| जमशेदपुर | 44.3 |
| रांची | 39.7 |
| डालटनगंज | 41.0 |
| बोकारो | 42.5 |
| चाईबासा | 44.0 |
| देवघर | 42.2 |
| गिरिडीह | 39.9 |
| सरायकेला | 45.4 |
| गोड्डा | 43.6 |
| बहरागोड़ा | 43.7 |

**Formate C- 1**

*(For candidate to publish in Newspaper , TV)*

**Desclaration about Criminal Cases**

(As per the judgment dated 25th September 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011(Public Interest Foundation & Ors Vs. Union Of India & Anr.)

Name and address of candidate:- **MADHAV CHANDRA KUNKAL, VILL- BUNUMLATA P.O- GITILPEE P.S-MANJHARI, DIST- WEST SINGHBHUM ,JHARKHAND**
Name of Political party :- **INDEPENDENT**
(Independent candidate should write "Independent" here)Name of Election: **Lok Sabha Election 2024**
Name of Constituency : **10 – Singhbhum(S.T) Parliament Constituency**
I **MADHAV CHANDRA KUNKAL** (name of candidate ) a candidate for the abovementioned election ,declare for public information details about my criminal antecedents.


**(A) Pending criminal cases**

| SL. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status ofCase(s) | Section (s) of Acts concerned and briefdescription of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | CJM | MANJHARI PS CASE - 20/2022 ,GR-197/2023 | EVIDENCE | 147,149,353 IPC, CRINIMAL FORCE TO DETER PUBLIC SERVANT FROM DISCHARGE FORM HIS DUTY |
| 02 | CJM | SADAR PSCASE 111/2019 ,GR-464/2019 | EVIDENCE | 153A,295A,505(2)IPC, PHOTO SHARE IN SOCIALMEDIA OF GODESS DURGA |
| 03 | ACJM | MUFFASIL PS CASE 87/2023 | CHARGE SHEET NOTFILLED | 144/188/189/353/504 IPC OBSTRUCTION INGOVERNMENT WORK. |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| SL. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s)& punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 01 | NA | NA | NA |
| 02 | NA | NA | NA |

***In the case election to council of states or election to Legislative council by MLAs, mention the electionconcerned in place of name of constituency.**



**MADHAV CHANDRA KUNKAL**

# वैक्सीन के खेल का खुलासा

कोरोना काल में हुई असंख्य मौतों के बाद भी अकाल मृत्यु का सिलसिला रुक नहीं रहा है. लगभग रोजाना ऐसी खबरों से दो-चार होना पड़ रहा है, जिनमें कहीं कसरत करते हुए, कहीं नाचते हुए, कहीं कुर्सी पर बैठे-बैठे ही अच्छे-भले लगने वालों की मौत हो गई. ऊपरी तौर पर शरीर भले ही स्वस्थ दिखाई दे रहा हो, लेकिन भीतर न जाने एकदम से क्या होता है कि सीधे जान ही चली जाती है. डॉक्टर भी इन अकाल मौतों के बारे में कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं, लेकिन एक सामान्य धारणा बन रही है कि कोरोना से बचने के लिए जो वैक्सीन लगाई गई हैं, ये उसका साइड इफेक्ट यानी दुष्प्रभाव हो सकता है. हालांकि इसकी कोई पुष्टि अब तक नहीं हुई है, लेकिन इस बीच कोविड-19 के लिए वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने माना है कि उनकी बनाई वैक्सीन के खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं. सोमवार 29 अप्रैल को ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेज में कंपनी ने माना है कि उनकी कोरोना वैक्सीन से थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है. इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है, जो मस्तिष्क आघात या दिल के दौरे का कारण बन सकती है. इस भयावह खबर का एक खतरनाक पहलू यह भी है कि एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले पर ही भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई है. जिसे भारत में सबसे अधिक इस्तेमाल किया गया है. कम से कम 175 करोड़ लोगों ने इस वैक्सीन को लगवाया है. भारत सरकार ने कोरोना वैक्सीन लगवाने की जबरदस्ती नागरिकों पर थोपी थी, क्योंकि वैक्सीन लगवाने का प्रमाणपत्र दिखाए बिना न सफर करने दिया जा रहा था, न शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों में जाने दिया जा रहा था. प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर वाला प्रमाणपत्र लेकर लोगों को घूमना पड़ रहा था. उनके लिए शायद यह भी प्रचार करवाने का एक अवसर था. हालांकि अब कहा जा सकता है कि इसमें करोड़ों नागरिकों को गिनीपिग की तरह दवा कंपनियों के सामने पेश कर दिया गया. जिन पर कंपनियों ने अपनी वैक्सीन का परीक्षण किया. इसके बाद लोगों की जान अचानक चली जाए, तो भी इसकी जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं है. क्योंकि सरकार को तो वैक्सीन बनवाने की वाहवाही लूटनी थी. कोरोना काल में लोगों के लिए स्वास्थ्य का संकट तो खड़ा हुआ ही, इसके साथ ही आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक तौर पर कई किस्म की मुसीबतें उन पर टूटीं, हालांकि इस दौर में सत्ता पर बैठे लोगों ने जमकर मनमानी की. लॉकडाउन के नाम पर निरंकुश शासन की छूट मिल गई और इस दौरान सत्ताधीशों और दवा कारोबारियों के बीच नए किस्म की सांठ-गांठ भी हुई. इसकी परतें अब धीरे-धीरे खुल रही हैं. भारत में कोवीशील्ड बनाने वाले अदार पूनावाला को इस वैक्सीन के कारण काफी मुनाफा हुआ. उनकी कंपनी ने 52 करोड़ रूपए के इलेक्टोरल बॉंड खरीदे, जिसका चंदा भाजपा को मिला. इसके बाद लंदन में अदार पूनावाला ने 14 सौ करोड़ रुपयों का आलीशान बंगला खरीदा. अदार पूनावाला की नरेन्द्र मोदी के साथ तस्वीरें भी काफी चर्चित रहीं.

> इस भयावह खबर का एक खतरनाक पहलू यह भी है कि एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले पर ही भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई है.

## सुभाषित

**स्थानभ्रष्टाः न शोभन्ते दन्ताः केशाः नखा नराः।**
**इति विज्ञाय मतिमान् स्वस्थानं न परित्यजेत्॥**

यदि मनुष्य के दांत, केश, नख इत्यादि अपना स्थान त्याग कर दूसरे स्थान पर चले जाएं तो वे कदापि शोभा नहीं देंगे (अर्थात् मनुष्य की काया विकृत प्रतीत होने लगेगी). इसी प्रकार से विज्ञजन के मतानुसार किसी व्यक्ति को स्वस्थान (अपना गुण, सत्कार्य इत्यादि) का त्याग नहीं करना चाहिए.

# कबतक डर-डर कर जीना चाहता है देश?

प्रधानमंत्री ने जनता और भाजपा दोनों को इतने ज़बरदस्त तरीक़े से 24 घंटे एंगेज कर रखा है कि 'हू आफ़्टर मोदी?' का विचार भी कोई अपने मन में नहीं ला सकता. मोदी ने अपनी ओर से भी 'मन की बात' कभी ज़ाहिर नहीं की कि वे कब तक पद पर बने रहना चाहते हैं. उनकी नज़र में निश्चित ही ऐसे कई बड़े काम अभी बाक़ी हैं, जिन्हें उनके ही द्वारा पूरा किया जाना है. वर्तमान जिम्मेदारियों के साथ मोदी ने अपने आपको इतना एकाकार कर लिया है कि तिहत्तर वर्ष की आयु में भी वे ज़बरदस्त तरीक़े से काम करते हुए नज़र आते हैं.



• देश-काल



श्रवण गर्ग

हमने इस बात पर शायद ही कभी गौर किया हो कि आपसी बातचीत या 'गोदी चैनलों' की बहसों को देखने-सुनने के दौरान हम दिन के कितने घंटे सिर्फ़ एक ही व्यक्ति यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पिछले दस सालों से खर्च कर रहे हैं! हमें यह भी याद करके देखना चाहिए कि ऐसा हमने पिछली बार किस प्रधानमंत्री के लिए किया होगा कि साल भर तक सिर्फ़ उसके ही बारे में सोचते और उससे डरते रहे हों! ऐसा सिर्फ़ अधिनायकवादी व्यवस्थाओं में ही होता है. हमें डरना चाहिए कि प्रधानमंत्री के इर्द-गिर्द एक ऐसा तंत्र विकसित हो गया है, जिसने देश की एक बड़ी आबादी को सिर्फ़ मोदी की दैनंदिन की गतिविधियों और उनके व्यक्तित्व के दबदबे के साथ चौबीसों घंटों के लिए एंगेज कर रखा है. प्रधानमंत्री की उपस्थिति हवा-पानी की तरह ही नागरिकों की ज़रूरतों में शामिल कर दी गई है. पार्टी और तंत्र से परे प्रधानमंत्री की छवि एक 'कल्ट' के रूप में स्थापित कर दी गई है. कुछ ऐसा कर दिया गया है कि नागरिकों को कुछ और सोचने का मौका नहीं दिया जा रहा है. बेरोज़गारी और महंगाई तो बहुत दूर की बात है. ध्यान देना चाहिए कि जिन मुल्कों में प्रजातंत्र है, वहां लोग और भी चीजों और विषयों के बारे में सोचते हैं. जो लोग सार्वजनिक तौर पर दावे करते हैं कि वे प्रधानमंत्री को बहुत चाहते हैं हक़ीक़त में मोदी की छवि का उपयोग स्वयं के डरने में भी कर रहे हैं और दूसरों को डराने में भी! चूंकि मोदीजी का ख़ुफ़िया तंत्र बहुत सशक्त है, हो सकता है प्रधानमंत्री को भी उनकी इस ख़ूबी की जानकारी हो.

दो साल पहले एक खबर प्रकाशित हुई थी कि एक मुस्लिम किरायेदार ने अपने मुस्लिम मकान मालिक के ख़िलाफ़ अधिकारियों से यह शिकायत की कि उसे मकान ख़ाली करने की धमकी इसलिए दी जा रही है कि उसने प्रधानमंत्री की तस्वीर अपने घर में लगा रखी है. जांच के बाद पाया गया कि दोनों के बीच विवाद किराए के लेन-देन का था. किरायेदार को उम्मीद रही होगी कि मोदी की तस्वीर उसके लिए सुरक्षा कवच का काम कर सकती है. किरायेदार अगर बहुसंख्यक समुदाय का होता तो स्थिति जांच पूरी होने के पहले ही कोई अलग रूप ले सकती थी. एक यूट्यूब चैनल में बहस के दौरान जब एक पैनलिस्ट ने पहली बार कहा कि भाजपा देश पर पचास साल तक राज करने वाली है तो उसके कहे को 'पंद्रह लाख हरेक के खाते में जमा हो जाएंगे' जैसा ही कोई जुमला मानकर ख़ारिज कर दिया गया. पैनलिस्ट ने जब अपने दावे को ज़ोर देकर संशोधन के साथ पेश किया कि मोदी ही अगले पचास सालों तक राज करने वाले हैं तो उसकी बात पर नए सिरे से सोचना पड़ा. उन्होंने अपने दावे के समर्थन में कुछ तर्क भी पेश किए. उनके दावे का खंडन प्रधानमंत्री की उम्र के बारे में जानकारी होते हुए भी नहीं किया जा सकता था. 'भारत छोड़ो आंदोलन' की पूर्व संध्या पर 8 अगस्त 1942 के दिन बम्बई में आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की बैठक में गांधी जी ने जब घोषणा की होगी कि वे पूर्ण जीवन जीना चाहते हैं और उनके अनुसार पूर्ण जीवन का अर्थ एक सौ पच्चीस वर्ष होता है तो कई लोग आश्चर्यचकित रह गए होंगे. गांधी ने आगे यह भी जोड़ा कि तब तक सिर्फ़ भारत ही नहीं, बल्कि सारी दुनिया भी आज़ाद हो जाएगी. (गांधी जी की उम्र उस समय 73 वर्ष थी.). गांधी जी दृढ़ इच्छा-शक्ति के व्यक्ति थे, अतः उन्हें अपने आप पर पूरा विश्वास रहा होगा कि वे सवा सौ वर्ष तक जीवित भी रह सकते हैं और देश के लिए काम भी कर सकते हैं. पूरे देश ने टीवी चैनलों के पर्दों पर दो साल पहले देखा था कि किस तरह से 126 वर्ष के स्वामी शिवानंद नंगे पैर चलते हुए पद्मश्री अलंकरण प्राप्त करने राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में पहुंचे थे और बिना किसी सहारे के उन्होंने प्रधानमंत्री के समक्ष झुककर प्रणाम किया था. चीन और रूस के राष्ट्रपतियों ने अपने देशवासियों को बता रखा है कि वे और कितने सालों तक अपने पदों पर बने रहकर उनकी 'सेवा' करने वाले हैं. राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीनी संविधान में संशोधन के ज़रिए राष्ट्रपतियों के दो बार से अधिक पद पर बने रहने की समय-सीमा को ख़त्म कर दिया गया है. यानी 2003 से राष्ट्रपति जिनपिंग अब जब तक चाहेंगे सत्ता में बने रह सकेंगे. अपने लिए बनाए गए क़ानून के अनुसार रूसी राष्ट्रपति पुतिन भी अब 2036 तक सत्ता में रह सकेंगे. वे तब 83 वर्ष के हो जाएंगे. पुतिन 1999 से सत्ता में हैं. 1999 से 2008 तक वे देश के प्रधानमंत्री थे. बाद में राष्ट्रपति बन गए. चीन और रूस दोनों में आने वाले कई वर्षों तक इस बात की कोई चर्चा नहीं होने वाली है कि जिनपिंग के बाद कौन? या 'हू आफ़्टर पुतिन?' नेहरू के जमाने से भारत की राजनीति में चर्चा होती रही है कि 'हू आफ़्टर नेहरू? इंदिरा? या वाजपेयी? वाजपेयी जी के मामले में तो मानकर चला जाता था कि आडवाणी ही उनके उत्तराधिकारी होंगे. हमारे यहां भी रूस जैसी व्यवस्था क़ायम होने का भय व्यक्त किया जा रहा है. कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने हाल ही इशारों में इस भय को व्यक्त भी किया था. प्रधानमंत्री ने जनता और भाजपा दोनों को इतने ज़बरदस्त तरीक़े से 24 घंटे एंगेज कर रखा है कि 'हू आफ़्टर मोदी?' का विचार भी कोई अपने मन में नहीं ला सकता. मोदी ने अपनी ओर से भी 'मन की बात' कभी ज़ाहिर नहीं की कि वे कब तक पद पर बने रहना चाहते हैं. उनकी नज़र में निश्चित ही ऐसे कई बड़े काम अभी बाक़ी हैं, जिन्हें उनके ही द्वारा पूरा किया जाना है. वर्तमान जिम्मेदारियों के साथ मोदी ने अपने आपको इतना एकाकार कर लिया है कि तिहत्तर वर्ष की आयु में भी वे ज़बरदस्त तरीक़े से काम करते हुए नज़र आते हैं. कहा जाता है कि उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी जब सुबह उठकर आंखें ही मल रहे होते हैं, मोदी कैबिनेट की मीटिंग बुला लेते हैं. प्रधानमंत्री की असीमित ऊर्जा में यह भी शामिल है कि वे प्रशंसकों के साथ-साथ विरोधियों को भी पूरे समय एंगेज किए रहते हैं. कहा जाता है कि प्रधानमंत्री के रूप में मोदी उस क्षण से कमजोर होने लगेंगे, जिस क्षण से विपक्षी उनके बारे में सोचना बंद कर देंगे. मोदी की दिनचर्या को लेकर एक पुरानी जानकारी के अनुसार वे सिर्फ़ साढ़े तीन घंटे की ही नींद लेते हैं. मोदी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि 'उनके डॉक्टर मित्र उन्हें लगातार सलाह देते रहते हैं कि कम से कम पांच घंटे की नींद लेनी चाहिए, पर मैं सिर्फ़ साढ़े तीन घंटे ही सो पाता हूं.' मोदी का यह इंटरव्यू तेरह साल पहले (2011) का है, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, प्रधानमंत्री नहीं बने थे. उनकी नींद को लेकर महाराष्ट्र भाजपा के बड़े नेता ने कहा था कि 'पीएम सिर्फ़ दो घंटे सोते हैं और बाईस घंटे काम करते हैं. वे प्रयोग कर रहे हैं कि सोने की ज़रूरत ही नहीं पड़े. वे हरेक मिनट देश के लिए काम करते हैं.' विपक्षी दल और मोदी-विरोधी आरोप लगा जा सकते हैं कि उन्हें डराया जा रहा है! तय भी उन्हें और देश की जनता को ही करना है कि वह इस तरह से डर कर कब तक रहना चाहती है? क्या डर से मुक्त होने का यही ठीक अवसर नहीं है?

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सप्रयोजन परम्परा

श्रुत के आधार पर किसी क्रिया-प्रणाली का यथारूप अनुगमन करना परम्परा कहलाता है. परम्परा के भी दो भेद हैं. पूर्व प्रचलित क्रिया-विधि के तर्क-व्याख्या में न जाते हुए, उसके अभिप्रायः को समझ लेना और उसके सप्रयोजन ज्ञात होने पर उसका अनुसरण करना, 'सप्रयोजन परम्परा' कहलाती है. दूसरी, निष्प्रयोजन ही किसी विधि का, गतानुगति से अन्धानुकरण करना 'रूढ़ि' कहलाता है. आज हम 'सप्रयोजन परम्परा' के औचित्य पर विचार करेंगे. मानव नें अपने सभ्यता विकास के अनवरत सफर में कईं सिद्धांतों का अन्वेषण-अनुसंधान किया और वस्तुस्थिति का निष्कर्ष स्थापित किया. उन्हीं निष्कर्षों के आधार पर किसी न किसी सैद्धांतिक कार्य-विधि का प्रचलन अस्तित्व में आया, जिसे हम संस्कृति भी कहते हैं. ऐसी क्रिया-प्रणाली को प्रयोजन सिद्ध होने के कारण हम 'सप्रयोजन परम्परा' कह सकते हैं. आज के आधुनिकतावादी इसे भी रूढ़ि में खपाते हैं. यह पीढ़ी प्रत्येक सिद्धांत को तर्क के बाद ही स्वीकार करना चाहती है. हर निष्कर्ष को पुनः पुनः विश्लेषित करना चाहती है. यदि विश्लेषण सम्भव न हो तो उसे अंधविश्वास में खपा देने में देर नहीं करती. परम्परा के औचित्य पर विचार करना इनका मक़सद ही नहीं होता. ऐसे पारम्परिक सिद्धांत, वस्तुतः बारम्बार के अनुसंधान और हर बार की विस्तृत व्याख्या से बचने के लिए ही व्यवहार में आते हैं. समय और श्रम के अपव्यय को बचाने के उद्देश्य से ही स्थापित किए जाते हैं. जैसे- जगत में कुछ द्रव्य विषयुक्त हैं. विष मानव के प्राण हरने या रुग्ण करने में समर्थ है. यह तथ्य हमने हमारे युगों-युगों के अनुसंधान और असंख्य जानहानि के बाद स्थापित किया. आज हमारे लिए बेतर्क यह मानना पर्याप्त है कि 'विष मारक होता है'. यह अनुभवों का निचोड़ है. विषपान से बचने का 'उपक्रम' ही सप्रयोजन परम्परा है. 'विष मारक होता है' इस तथ्य को हम स्व-अनुभव की कसौटी पर नहीं चढ़ा सकते और न ही समाधान के लिए प्रत्येक बार पुनः अनुसंधान किया जाना उचित होगा. परम्परा का निर्वाह पूर्ण रूप से वैज्ञानिक अभिगम है. विज्ञ वैज्ञानिक भी सिद्धान्त इसलिए ही प्रतिपादित करते हैं कि एक ही सिद्धांत पर पुनः पुनः अनुसंधान की आवश्यकता न रहे. उन निष्कर्षों को सिद्धांत रूप में स्वीकार कर, आवश्यकता होने पर उन्हीं सिद्धांतों के आधार पर उससे आगे के अनुसंधान सम्पन्न किए जा सकें. इसी तरह प्राचीन ज्ञानियों नें मानव सभ्यता और आत्मिक विकास के उद्देश्य से सिद्धांत प्रतिपादित किए. और क्रिया-प्रणाली स्वरूप में वे निष्कर्ष हम तक पहुंचाए. हमारी अनुकूलता के लिए, बारम्बार के तर्क व अनुशीलन से मुक्त रखा. हमारे लिए उन सिद्धांतों से प्राप्य प्रतिलाभ का उपयोग कर लेना, सप्रयोजन परम्परा का निर्वाह है.

# किसानों पर शिकंजे जैसा है 'फ्री ट्रेड' फार्मूला

• कृषि

देविंदर शर्मा

मुक्त व्यापार कभी भी निष्पक्ष नहीं रहा. पहले की 'फेयर एंड लवली' क्रीम, जिसे अब 'ग्लो एंड लवली' नाम दिया गया है, की तरह फ्री ट्रेड दुनियाभर के बड़े कारोबारों को आसानी से आकर्षित कर सकता है, ताकि ग्लोबल साउथ के देशों यानी गरीब व विकासशील देशों को इसकी विशाल आर्थिक क्षमता पर विश्वास हो सके. विवादास्पद 'फेयर एंड लवली' क्रीम ने भी त्वचा को कथित गोरा करने वाले कॉस्मेटिक उत्पाद के साथ ऐसा ही किया. 'गोरे' को सुंदर और 'सांवले' को बदसूरत समझना सांवली त्वचा वाले लोगों का उपहास करने जैसा था और अंततः कंपनी को जनता के दबाव के आगे झुकना पड़ा. मुक्त व्यापार को लेकर दबाव का सिलसिला बढ़ता जा रहा है. इस साल की शुरुआत में यूरोप में विशाल किसान आंदोलन हुए. 27 यूरोपीय देशों में से 24 किसी न किसी स्तर पर विरोधों का सामना कर रहे हैं. इन आंदोलनों में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स (एफटीए) को 'उखाड़ फेंकने' का आह्वान कर रहे थे, जिसकी वजह से यूरोप में भोजन व फल-सब्जियां सस्ते हो गये व घरेलू किसानों की आजीविका सुरक्षित करना मुश्किल हो रहा था. फ्रांस अकेले अपनी फल और सब्जी की जरूरत का 71 फीसदी आयात करता है. भारत में, किसान आंदोलन 2.0 मुख्य रूप से कृषि उपज के लिए कानूनन बाध्यकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग कर रहा है और इसकी अन्य मांगों में भारत को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) से हटने के लिए कहना भी शामिल है. अमेरिका की तो हमेशा से विकासशील देशों के बाजार में पहुंच बनाने की तीव्र इच्छा रही है. जिसमें ध्यान का केंद्र स्वाभाविक तौर पर भारत का विशाल बाजार रहा है. अमेरिकी वित्त समिति की हालिया सुनवाई में, सीनेटरों के सवालों का जवाब देते हुए, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कैथरीन टाई ने कहा-'हम कड़ी मेहनत करने वाले अमेरिकी परिवारों और समुदायों, विशेष रूप से हमारे ग्रामीण समुदायों के लिए बाजार खोल रहे हैं. बातचीत के माध्यम से, हमारे प्रशासन ने पिछले तीन वर्षों में नए कृषि बाजारों तक 21 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की पहुंच सुनिश्चित की है,' और आगे कहा, 'इसमें वृद्धिमान बाजार, भारत के साथ 12 टैरिफ श्रेणियां शामिल हैं, जो अमेरिकी निर्यातकों के लिए तरक्की का मौका हैं.' हालांकि मेहनतकश अमेरिकी परिवारों और ग्रामीण समुदायों की सुरक्षा को लेकर अमेरिका की रुचि समझी जा सकती है, लेकिन भूमंडलीकरण के तहत हर देश को उन दसियों हजारों किसानों की आजीविका की भी रक्षा करनी चाहिए, जो दुनिया के किसी और हिस्से में सस्ते आयातों के चलते तबाह हो जाते हैं. यह न भूलें कि भोजन का आयात करना बेरोजगारी का आयात करने के समान है. मुझे याद है कि मैंने जर्मन किसानों से भी कमोबेश इसी तरह का प्रश्न पूछा था, जो दक्षिणी जर्मनी के लैंड्सफुहल में एक फार्म हाउस में डिनर के दौरान जीएटीटी निर्यातकों के एक छोटे समूह से मिलने आए थे. यह 1990 के दशक के मध्य में किसी समय का वाकया है. 'मानता हूं कि आप सरप्लस खाद्यान्न का उत्पादन करते हैं, जिसके लिए आप दक्षिण में एक स्थाई बाजार की तलाश कर रहे हैं. लेकिन शायद आपको इस बात का अहसास नहीं है कि आप यहां जो सरप्लस अनाज पैदा करेंगे, वह भारत जैसे देशों में लाखों छोटे और सीमांत किसानों को उनके खेतों से दूर कर देगा. उन व्यापार वार्ताकारों के उलट, जो नष्ट हो रही कृषि आजीविका के बारे में दूर-दूर तक चिंतित हुए बिना, आजकल व्यापार वार्ता की अगुवाई करते हैं, मुझे वहां किसानों से जो उत्तर मिला, वह अत्यधिक समर्थन प्रदान करने वाला था. भारतीय किसानों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनका अधिशेष खाद्यान्न भारत में आजीविका को नष्ट कर देगा. जर्मनवासी किसान भारतीय किसानों की पीड़ा को समझ सकते थे और इसलिए चाहते थे कि सुधारात्मक कदम उठाए जाएं. मैंने सोचा कि अमेरिका को भी उस असर का आकलन करना चाहिये, जो बादाम, अखरोट और सेब समेत अन्य चीजों पर प्रतिरोधात्मक आयात शुल्क वापस लेने के बाद भारत पर पड़ेगा. चलो यहां सेब की बात करते हैं. समाचार रिपोर्टों के अनुसार, 20 फीसदी आयात शुल्क वृद्धि वापस लेने के बाद जब पहली खेप भारत के लिए रवाना हुई तो सिएटल बंदरगाह पर उत्सव मनाया गया.

> भारतीय किसानों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनका अधिशेष खाद्यान्न भारत में आजीविका को नष्ट कर देगा. जर्मनवासी किसान भारतीय किसानों की पीड़ा को समझ सकते थे और इसलिए चाहते थे कि सुधारात्मक कदम उठाए जाएं.

# जंगल सुलगने से खतरे में जैव विविधता

• सामयिकी

जयसिंह रावत

धरती पर जीवन के लिए अति आवश्यक आक्सीजन के उत्पादन में एल्गी या शैवाल के बाद वनों की भूमिका को देखते हुए वनों को धरती के फेफड़े की संज्ञा भी दी जाती है. लेकिन जब फेफड़ा ही जल रहा हो तो फिर प्राणवायु की उपलब्धता और उससे जुड़ी अन्य प्राकृतिक व्यवस्थाओं की कल्पना की जा सकती है. अगर आप भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग के वनाग्नि डैशबोर्ड पर सुबह की ताजा स्थिति पर नजर डालें तो आपको देशभर में पृथ्वी के दहकते फेफड़ों में मची तबाही का मंजर अवश्य नजर आयेगा. भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग उपग्रह से प्राप्त वनाग्नि के दृश्यों के विश्लेषित आंकड़े राज्यों के वन विभागों को देता है, ताकि वे विभाग वनाग्नि को बुझाने के लिए तत्काल कार्रवाई कर सकें. विभाग के डैशबोर्ड पर 24 अप्रैल की प्रातः उत्तर से लेकर दक्षिण तक देश के 13 राज्यों में 62 वन क्षेत्रों में भीषण आग लगी हुई थी, जिनमें हिमालयी राज्य उत्तराखंड में सर्वाधिक 30 स्थानों पर जंगल भयंकर रूप से धू-धू कर वृक्षों, नाजुक वनस्पतियों के साथ ही वन्यजीव संसार भी खाक हो रहे थे. डैशबोर्ड में दूसरे नम्बर पर आठ घटनाओं के साथ आंध्र प्रदेश, 6 के साथ बिहार और 3 अग्निकांडों के साथ झारखंड को दर्शाया गया था. बाकी राज्यों में एक या दो घटनाएं दर्शायी गयी थीं. यही नहीं, डैशबोर्ड में 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक के सप्ताह में हुए अन्य अग्निकांडों में उड़ीसा को पहले और उत्तराखंड को दूसरे स्थान पर दर्शाया गया था. उसके बाद वन बाहुल्य छत्तीसगढ़ और झारखंड की स्थिति बतायी गयी है. चूंकि वन अब समवर्ती सूची के विषयों में शामिल हो गया है, इसलिए इसे बचाने की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकारों की ही है. केंद्र सरकार इस संबंध में राज्यों को तकनीकी सहायता, जानकारियां और वित्तीय योगदान ही दे सकती है और बचाव की मुख्य जिम्मेदारी राज्यों पर निर्भर हो जाती है. लेकिन प्रायः देखा जाता है कि राज्य सरकारें अक्सर संसाधनों के अभाव का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ देती हैं. यही नहीं, वनाग्नि के नुकसान में केवल पेड़ों की गिनती करने के साथ ही आर्थिक नुकसान का आकलन कर दिया जाता है. जबकि वन पेड़ पौधों और जीवों की प्रजातियों की एक विशाल श्रृंखला का घर है, जिनमें से कई अन्यत्र कहीं नहीं पाए जाते हैं. वे वैश्विक जैव विविधता में योगदान करते हुए अनगिनत जीवों को आवास प्रदान करते हैं. जंगल में बड़े पेड़ों के अलावा छोटी नाजुक वनस्पतियां, लाइकेंस के साथ ही जीवों की कई प्रजातियां होती हैं जिनमें हिरण, लोमड़ी, गुलदार जैसे जीव प्रायः भागकर जान बचाने में कामयाब हो सकते हैं. लेकिन पक्षी, तितलियां, मक्खियां, मकड़े, कीड़े-मकोड़े, मेढक, दीमक, रेंगने वाले सांप, छिपकलियां और केंचुए जैसे अनगिनत जीव प्रजातियां खाक हो जाती हैं. आप कह सकते हैं कि वनाग्नि से भरा पूरा वन्यजीव संसार खाक हो जाता है. जबकि चींटी और दीमक से लेकर बड़े स्तनपाई जीवों तक हर एक को प्रकृति ने कुछ न कुछ दायित्व सौंपा हुआ है. उदाहरण के लिए अगर वनों में दीमक न होंगे तो मिट्टी में उपजे बड़े पेड़ फिर मिट्टी में कैसे मिल पायेंगे. वनों को पृथ्वी के फेफड़े बताये जाने के पीछे का सत्य यह है कि मानव फेफड़े की तरह वन ऑक्सीजन का उत्पादन करने और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. हम सांस में ऑक्सीजन लेते हैं और कार्बनडाइऑक्साइड छोड़ते हैं. हमारी त्यागी गयी कार्बन डाइआक्साइड वृक्षों के काम आती है और पेड़-पौधों द्वारा छोड़ी गयी ऑक्सीजन हमारे काम आ जाती है. वन प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं. जंगल की आग से उत्पन्न धुआं और राख हवा की गुणवत्ता को खराब करता है, जिससे आस-पास के समुदायों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो सकता है. बड़े जंगल की आग का धुआं बहुत दूर तक जाता है, जिससे दूर के क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता प्रभावित होती है. जंगल की आग बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों को वायुमंडल में छोड़ती है, जो जलवायु परिवर्तन में योगदान करती है और ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाती है. इस धुएं में ब्लैक कार्बन होता है जो कि ग्लोबल और लोकल वार्मिंग को बढ़ाता है और इसका ऐरासोल वृद्धि के साथ ही अतिवृष्टि में भी सीधा योगदान होता है. जंगल की आग एक वैश्विक समस्या है. ऑस्ट्रेलिया, अमेजॉन, कनाडा के लम्बे समय तक दहकने वाले अग्निकांड इतिहास में दर्ज हैं. चूंकि अब धीरे-धीरे धरती का वनावरण सिमट रहा है, इसलिए बचे-खुचे जंगलों की आग और अधिक विनाशकारी साबित हो रही है.

> वन प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं. जंगल की आग से उत्पन्न धुआं और राख हवा की गुणवत्ता को खराब करता है, जिससे आस-पास के समुदायों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो सकता है.

## मीडिया में अन्यत्र

# सेवा क्षेत्र की कहानी : भारत की सफलता

**जानी-मानी** वैश्विक इंवेस्टमेंट बैंकिंग फर्म गोल्डमैन सैक्स ने गहरी पड़ताल करने वाली एक रिपोर्ट पेश की है, जिसका शीर्षक अच्छी भावनाएं जगाता है – 'उभरती सर्विसेज फैक्ट्री के रूप में भारत का उदय'. इस रिपोर्ट में वैश्विक सेवाएं मुहैया कराने में भारत की हालिया कामयाबी को दर्ज किया गया है और मझोली अवधि में वृद्धि की संभावनाओं एवं जोखिमों की भविष्यवाणी करने की कोशिश की गयी है. देश के आईटी सेवा क्षेत्र ने 1991 के अहम आर्थिक सुधारों के बाद मुक्त होकर किस तरह उड़ान भरी, यह भलीभांति ज्ञात है. फर्म ने बीते 18 सालों में भारत के सेवा निर्यात पर एक व्यापक दृष्टि डाली है. इसमें पेशेवर परामर्श (जो सबसे तेजी से बढ़ा है), यात्रा सेवाएं (जो सबसे धीमी रफ्तार से बढ़ी हैं) और वित्तीय सेवाएं (जिन्हें गिफ्ट सिटी जैसी पहलों के सफल होने पर फायदा मिल सकता है) शामिल हैं. वैसे तो बीते 18 सालों में वैश्विक सेवाओं का निर्यात तिगुना हुआ है, लेकिन भारत से ऐसे अभौतिक निर्यात पिछले साल दोगुनी रफ्तार से बढ़कर लगभग 340 अरब डॉलर तक पहुंच गये. दरअसल, 2005 से उसके निर्यात में दुनिया में तीसरी सबसे तेज वृद्धि हुई है और वह बस सिंगापुर एवं आयरलैंड से ही पीछे है. वैश्विक सेवाओं के बहिर्मुखी प्रवाह में देश की हिस्सेदारी 2005 में दो फीसदी के नीचे थी, जो बढ़कर 2023 में 4.6 फीसदी पर पहुंच गयी. इस अवधि के दौरान वस्तुओं के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी एक फीसदी से बढ़कर 1.8 फीसदी हुई. सेवा क्षेत्र के कारोबार में उछाल ने महंगे तेल आयात जैसे झटकों के खिलाफ भारत के बाह्य खाता संतुलन के लिए एक अनमोल सहारे का भी काम किया है. गोल्डमैन सैक्स को उम्मीद है कि बफर बना रहेगा और सेवा निर्यात 2030 तक बढ़कर 800 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जायेगा. हालांकि यह सेवाओं और वस्तुओं दोनों के निर्यात को 2030 तक एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर करने के सरकार के लक्ष्य से थोड़ा कम है, लेकिन फर्म का अनुमान है कि उच्च-मूल्य सेवाओं में लगातार बढ़ोतरी से गैर-अत्यावश्यक महंगी चीजों की खपत और रियल एस्टेट की मांग में भी तेजी आयेगी. बहुत छोटी अवधि में, यह नजरिया अंतरिम है, क्योंकि आईटी सेवाओं (जिसका अब भी भारत के निर्यात में सर्वाधिक दबदबा है) की शीर्ष कंपनियों ने बीते साल में कर्मचारियों की संख्या घटाई है और इस साल के लिए उनका वृद्धि संबंधी अनुमान तेजी आने से काफी दूर है. **(द हिंदू)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### शक/शंका/संशय/संदेह

**महाराज** जनक द्वारा आयोजित धनुष यज्ञ में रामचंद्र के हाथों जब शिव धनुष टूट गया तो उसकी आवाज सुनकर महर्षि परशुराम वहां पहुंच गये और क्रोध से फुफकारने लगे. तब लक्ष्मण ने उन्हें ललकारा, किंतु रामचंद्र ने मधुर वचनों से उनका क्रोध शांत किया और उन्हें महसूस कराया कि रामावतार हो चुका है. तब परशुराम ने उनसे कहा-राम रमापति कर धनु लेहू, खैंचहु चाप मिटै संदेहू. अर्थात यदि आप राम हैं तो मेरा धनुष लीजिए. इस पर चाप चढ़ाइए, ताकि मेरा संदेह मिट जाये. संदेह का मतलब शक, शंका, संशय. जी हां, हिंदी शब्दकोशों में इसका सामान्य अर्थ यही बताया गया है, लेकिन वाक्य प्रयोग के बाद संदर्भ के अनुसार इनके अर्थ विशेष हो जाते हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार संदेह संस्कृत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका अर्थ है निश्चय का अभाव, होने न होने के बीच की स्थिति, अंग्रेजी में डाउट, काव्य शास्त्र के अनुसार एक अर्थालंकार जिसमें वास्तविकता को लेकर संदेह हो. दर्शन शास्त्र में संदेहवाद नामक एक सिद्धान्त, जिसके अनुसार किसी भी वस्तु की प्रतीति को ही उसकी वास्तविकता नहीं मान लेना चाहिए, क्योंकि बहुधा वस्तु वह या वैसी नहीं होती जैसी दिखाई देती है. धरती सपाट लगती है, पर है यह गोल. शक संस्कृत मूल का भी है और अरबी मूल का भी. अरबी मूल के शक का मतलब है संदेह, शंका, संशय, भ्रांति होना. वहीं संस्कृत मूल के शक का अर्थ है प्राचीन काल में शक द्वीप (मध्य एशिया) में रहनेवाली एक समृद्ध जाति, जिसने ईसा से दो सौ वर्ष पूर्व भारत में दो शताब्दियों तक शासन किया था. राजा शालिवाहन द्वारा चलाया हुआ संवत, जो ईसा के अठहत्तर वर्ष के बाद प्रारंभ हुआ था. शंका तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है, जिसका अर्थ है संदेह, संशय, भावी अनिष्ट या हानि का अनुमान, प्रश्न, जिज्ञासा, आशंका, भय. शब्दकोश के अनुसार संशय यानी अनिश्चयात्मक ज्ञान, दुविधा, संभावना और असंभावना का मिश्रण, संकट की आशंका या संदेह.

# बड़े आदमी की हर बात अलग होती है!

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



दुनिया में दो प्रकार के ही लोग होते हैं. एक बड़े आदमी, दूसरे छोटे आदमी. वैसे तो न कोई छोटा होता है, न बड़ा होता है. लेकिन कुछ लोग अपने आपको बड़ा आदमी मानते हैं, इसलिए उन्हें बाकी लोग छोटे आदमी नजर आते हैं. जो लोग खुद को बड़ा आदमी समझते हैं, वे हर प्रकार से अपने को बड़ा आदमी समझते हैं. वे मुस्कुराएंगे तो भी बड़े आदमियों की तरह, रोएंगे तो भी बड़े आदमियों की तरह और जब गंभीरता से बैठेंगे या चलेंगे तो भी बड़े आदमियों की तरह नजर आएंगे. उनके स्वभाव में बड़ा आदमीपन लगता है. वह सांस लेते हैं तो वह बड़े आदमी की सांस होती है. देखा जाए तो इसमें छोटा या बड़ा कुछ नहीं होता. हँसी, रूदन, मौन सब एक जैसे ही प्रकार से अभिव्यक्त होते हैं, लेकिन फिर भी अगर बड़े आदमी में बड़ेपन वाली बात न दिखे तो वह काहे का बड़ा आदमी? अगर ज्यादा भीड़ है तो बड़ा आदमी उस भीड़ में अपने आपको खोना पसंद नहीं करेगा. अर्थात उसका एक अलग अस्तित्व नजर आना चाहिए. अगर ट्रेन में तीन डिब्बे हैं और तीनों एक जैसे ही हैं, तब भी बड़ा आदमी यह पूछ कर उस डिब्बे में चढ़ेगा, जिसका किराया सबसे ज्यादा होगा. बड़ा आदमी कभी भी छोटे आदमी के साथ घुलता-मिलता नहीं है. अगर उसे छोटे आदमियों के साथ घुलना-मिलना पड़ जाए, तब भी वह हर दो मिनट के बाद यह एहसास सबको कराता रहेगा कि देखो मैं छोटे आदमियों के साथ कितना घुल-मिल गया हूं. इन सब बातों से पता चलता रहता है कि छोटे आदमियों के बीच में वह जो घुल-मिल कर बैठा हुआ है, वह एक बड़ा आदमी है. बड़ा आदमी छोटे आदमियों की बस्ती में जाकर किसी बच्चे को अपनी गोदी में उठाता है और उसके साथ चल रहा फोटोग्राफर तत्परता से उस क्षण को कैमरे में कैद कर लेता है. फिर बाद में सबको बताने में सुविधा रहती है. अगर फोटोग्राफर यह मौका चूक जाता है तो उसे डांट पड़ती है और नौकरी से निकाल दिया जाता है. कारण यह है कि बड़े आदमी को फिर से फोटो खिंचवाने के लिए वही कष्टप्रद क्रिया दोहरानी पड़ेगी. कुछ लोग पैदाइशी बड़े होते हैं. बड़ा आदमीपन उन्हें जन्मजात गुण के रूप में प्राप्त होता है. कुछ लोग समय और परिस्थितियों के साथ-साथ इस गुण को अपने भीतर विकसित करते रहते हैं. उन्हें जिस क्षण यह आत्मबोध हो जाता है कि अब वे बड़े आदमी हो गए हैं, उसी क्षण से वह छोटे आदमियों को छोटा आदमी समझ कर उनसे प्रेम प्रदर्शित करना आरंभ कर देते हैं. जब कोई व्यक्ति इस बात का प्रदर्शन करे कि वह बड़ा आदमी नहीं है, तब समझ लो कि वह बड़ा आदमी बन चुका है और अब किसी काम का नहीं रह गया है.

# धर्म अध्यात्म

## वरुथिनी एकादशी कल

# इस व्रत से मिलता है 10 हजार वर्ष तक तप करने के समान ही पुण्य फल



आचार्य प्रणव मिश्रा

हिंदू धर्म में तन-मन को संतुलित करने के लिए व्रत उपवास का प्रावधान है. सभी व्रत और उपवास में एकादशी तिथि का विशेष महत्व है जो प्रत्येक मास में दो बार आती है. एक शुक्ल पक्ष की एकादशी और दूसरी कृष्ण पक्ष की एकादशी. हर एकादशी का अपना विशेष महत्व व नाम है. ऐसी है एक एकादशी वरुथिनी एकादशी है जिसका व्रत हिंदू कैलेंडर के वैशाख माह में कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को रखा जाता है. इस बार यह चार मई को रखा जाएगा. मान्यता है कि वरुथिनी एकादशी का व्रत रखने से व्यक्ति को भय से मुक्ति मिलती है. भगवान विष्णु के आशीर्वाद से व्यक्ति का सौभाग्य बढ़ता है, पाप मिट जाते हैं, पुण्य लाभ होता है, मोक्ष की प्राप्ति होती है, वहीं इस व्रत को करने से 10 हजार वर्ष तक तप करने के समान ही पुण्य फल प्राप्त होता है. इस व्रत को करने से एक हजार गोदान का फल मिलता है. आइए जानें कि वरुथिनी एकादशी पर इस बार क्या है योग, इसका मुहूर्त व पारण समय क्या है और इसका क्या महत्व है.

## कब है वरुथिनी एकादशी

हिंदू कैलेंडर पर नजर डालें तो 03 मई शुक्रवार को रात 11 बजकर 24 मिनट पर वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि शुरू होगी और यह 4 मई शुक्रवार को रात 08 बजकर 38 मिनट पर समाप्त होगी. उदयातिथि की मान्यता के अनुसार, 4 मई को वरुथिनी एकादशी होगी.

## बनेगा त्रिपुष्कर योग

वरुथिनी एकादशी के दिन त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग और वैधृति योग होगा. त्रिपुष्कर योग रात में 08 बजकर 38 मिनट से बनेगा, जो 10 बजकर 07 मिनट तक रहेगा. वहीं इंद्र योग प्रातःकाल से सुबह 11 बजकर 04 मिनट तक है, उसके बाद वैधृति योग बनेगा.

## यह है मुहूर्त

इस साल वरुथिनी एकादशी के दिन का शुभ मुहूर्त या अभिजीत मुहूर्त 11:51 एएम से दोपहर 12:45 पीएम तक है. वहीं, ब्रह्म मुहूर्त प्रातः 04:12 एएम से 04:55 एएम तक है. व्रत के दिन शुभ-उत्तम मुहूर्त 07:18 एएम से 08:58 एएम तक है. व्रती सुबह में स्नान के बाद शुभ समय में भगवान विष्णु की पूजा कर सकते हैं.

## कब होगा पारण

4 मई को वरुथिनी एकादशी का व्रत रखने वाले 5 मई रविवार को व्रत का पारण कर सकते हैं. उस दिन पारण का समय सुबह 05 बजकर 37 मिनट से लेकर सुबह 08 बजकर 17 मिनट तक है. पारण के दिन द्वादशी तिथि का समापन सुबह 05 बजकर 41 मिनट पर होना है.

## ऐसे करें पूजा

एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करने के साथ साफ कपड़े धारण कर लें. इसके बाद पूजा स्थल की साफ-सफाई कर लें. फिर देवी-देवताओं को स्नान कराने के बाद साफ कपड़े पहनाएं और मंदिर में दीप प्रज्वलित करें. इसके बाद व्रत का संकल्प लें और भगवान विष्णु का ध्यान करें. रोली, मोली, पीले चन्दन, अक्षत, पीले पुष्प, ऋतुफल, पीले मिष्ठान आदि अर्पित कर धूप-दीप से श्री हरि की आरती उतारकर दीप दान किया जाता है. . भगवान विष्णु के भोग में तुलसी दल को जरूर शामिल करें. इस दिन 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय ' का जप एवं विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना बहुत फलदायी है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भक्तों को परनिंदा, छल-कपट, लालच, द्वेष की भावनाओं से दूर रहकर, श्री नारायण को ध्यान में रखते हुए भक्तिभाव से उनका भजन करना चाहिए. इस दिन भगवान विष्णु के साथ ही मां लक्ष्मी की भी पूजा करनी चाहिए.

## ये उपाय

इस दिन उपवास रखें तो बेहतर होगा. अगर उपवास न रख पाएं तो कम से कम अन्न न खाएं. भगवान कृष्ण के मधुसूदन स्वरूप की उपासना करें. उन्हें फल और पंचामृत अर्पित करें. उनके समक्ष ₹मधुराष्टक₹ का पाठ करना सर्वोत्तम होगा. इससे प्रेम, आनंद और मंगल की प्राप्ति होती है. कठिन से कठिन समस्या के निवारण के लिए गजेन्द्र मोक्ष का पाठ करें. संतान संबंधी समस्याओं के लिए गोपाल सहस्त्रनाम का पाठ करें. भक्ति और मुक्ति के लिए विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें. पापों के प्रायश्चित के लिए भगवद्गीता के 11वें अध्याय का पाठ करें.

## यह है कथा

प्राचीन काल की बात है. नर्मदा नदी के तट पर मान्धाता नामक राजा राज्य करता था. वह बहुत दानशील तथा तपस्वी था. एक दिन जब वह जंगल में तपस्या कर रहा था, तभी न जाने कहां से एक जंगली भालू आया और राजा का पैर चबाने लगा. राजा पूर्ववत अपनी तपस्या में लीन रहा. कुछ देर बाद पैर चबाते-चबाते भालू राजा को घसीटकर पास के जंगल में ले गया. जाहिर है, राजा को घबराहट तो हुई, लेकिन उसने क्रोध और हिंसा न करके भगवान विष्णु से प्रार्थना की. बहुत करुण भाव से भगवान विष्णु को पुकारा. उसकी पुकार सुनकर भगवान श्रीहरि विष्णु प्रकट हुए और उन्होंने चक्र से भालू को मार डाला. राजा का पैर भालू पहले ही खा चुका था. इससे राजा बहुत ही शोकाकुल हुआ. उसे दुखी देखकर भगवान विष्णु बोले- 'हे वत्स! शोक मत करो. तुम मथुरा जाओ और वरुथिनी एकादशी का व्रत रखकर मेरी वराह अवतार मूर्ति की पूजा करो. उसके प्रभाव से पुनः सुदृढ़ अंगों वाले हो जाओगे. भगवान विष्णु ने आगे कहा कि यह तुम्हारे पूर्व जन्म का अपराध था जिसकारण भालू ने तुम्हें काटा. तब राजा मान्धाता ने मथुरा जाकर श्रद्धापूर्वक वरुथिनी एकादशी का व्रत किया. इसके प्रभाव से राजा के कटे अंग वापस मिले और वह फिर से स्वस्थ-सुंदर हो गया. मृत्यु के बाद राजा मान्धाता स्वर्ग गया था.





# जन्म का वार बताएगा आपका व्यक्तित्व



आचार्य अजय मिश्रा

**ज्योतिष शास्त्र में घड़ी व तिथि ही नहीं, वह वार भी मायने रखता है जिसमें आपने जन्म लिया. मान्यता है कि हमारा व्यक्तित्व, हमारे सुख-दुख, हमारे संबंध-व्यवहार आदि इस बात से व्यापक तौर पर प्रभावित होते हैं कि हम किस दिन जन्म लिए हैं. आइए, जाने कि किस दिन जन्में व्यक्ति का कैसा होता है व्यक्तित्व और भाग्य-**

### सोमवार

सोमवार को जन्म लेने वाले सौम्य स्वभाव के और किसी भी परिस्थिति में खुद को ढाल लेने वाले होते हैं. ये बुद्धिमान, मिलनसार, मीठा बोलने वाले, हसंमुख, संवदेनशील, कल्पनाशील, प्रेमी स्वभाव के होते हैं. वाद विवाद वाली स्थिति से बचना इनका स्वभाव होता है. मेहनती होते हैं और अपने काम को हर हाल में पूरा करने की प्रवृति रखते हैं. सोमवार को जन्मे व्यक्ति हमेशा समाज में चर्चा का विषय बने रहते हैं. ये कमजोर दिल के भी होते हैं और अक्सर कठिनाइयों का सामना करने को विवश भी. इनका पारिवारिक जीवन अच्छा नहीं रहता. चन्द्र से संबंध होने के कारण इनका मन चंचल रहता है और निरंतर विचार बदलते रहते हैं. इनकी याददाश्त बहुत तेज होती है. इनमें धैर्य की बहुत कमी होती है.

### मंगलवार

मंगलवार को जन्म लेने वाले व्यक्ति प्रतिभाशाली, क्रोधी, पराक्रमी, साहसी, संघर्षशील, अनुशासनप्रिय, नए विचारों का समर्थन करने वाले और नेतृत्व गुण से भरपूर होते हैं. यह आमतौर पर स्पोर्ट्स, उद्योग व्यापार, युद्ध, और अन्य ऊर्जा आधारित क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं. ऐसे लोग अपनी प्रशंसा सुनने के बहुत इच्छुक रहते हैं. इनके दांपत्य जीवन में समय-समय पर विरोधाभास की स्थिति आती रहती है. अधिक क्रोध के कारण आसपास के लोगों से इनकी ज्यादा नहीं बनती. ये मुश्किल आने पर डरते नहीं हैं, डटकर सामना करते हैं. ये साहसी और महत्वाकांक्षी होते हैं.

### बुधवार

बुधवार को जन्मे लोग बहुमुखी प्रतिभा के धनी, तीक्ष्ण बुद्धिवाले, वाकपटु, एनर्जेटिक व घूमना-फिरना पसंद करने वाले होते हैं. इस दिन जन्म लेने वाले लोग अपने माता-पिता और भाई-बहनों से विशेष रूप से बहुत प्यार करते हैं. भाग्य पक्ष मजबूत होने के कारण, ये लोग सभी प्रकार की विपत्तियों से जल्द ही बाहर निकल आते हैं और धन कमाने में कामयाब होते हैं. इन पर बुध ग्रह का प्रभाव होता है जिसे ज्योतिष में वाणी की स्वामी माना जाता है. ऐसे में उनकी वाणी मधुर होती है. एक जगह टिके रहना इनके लिए मुश्किल होता है, क्योंकि इन्हें घूमना-फिरना ज्यादा पसंद आता है. फाइनेंस, ट्रांसलेशन, जर्नलिज्म, लेखन, टेलीफोन आदि से जुड़े कार्यों में इनका करियर बेहतर होगा. उचित माहौल न मिलने के कारण बुधवार को जन्म लेने वाले लोग डिप्रेशन के शिकार भी हो सकते हैं. इन लोगों को त्वचा रोग, पाचन तंत्र से संबंधित समस्या आदि हो सकती है.

### गुरुवार

गुरुवार को जन्म लेने वाले धार्मिक, चिंतक, स्वस्थ्य, मिलनसार व समाज सुधारक होते हैं. वहीं यदि गुरु की स्थिति ठीक नहीं है तो ये लोग ढोंगी साधु भी बन ये पूरी तरह से खुले तरीके से प्यार का इजहार करते हैं, और दूसरे लोगों को कैसा लगेगा, इस पर विचार किए बिना मन की बात कह देते हैं. और यही आदत कई बार आपको मुश्किल में भी डाल देती है. समर्पित दोस्त मिलते हैं. खासकर उन लोगों का साथ मिलता है जिनका जन्म 3, 21 और 30 तारीख को हुआ है. जब राज़ की बात आती है, तो आप चीज़ों को साझा करने के लिए अधिक उत्साहित हो सकते हैं. गुरुवार को जन्म लेने वाली महिलाएं गोरी होती हैं लेकिन चेहरे पर गुलाबी रंगत की जगह पीलापन दिखता है. न्यायाधीश, वकील, मजिस्ट्रेट, ज्योतिषी, धर्मगुरु, शिक्षक, वकील आदि हो सकते हैं. इन्हें मोटापा, लीवर, खून, हार्ट से जुड़ी तकलीफें अक्सर परेशान करती हैं. इन्हें अपनी उम्र के 7, 12, 13, 16 और 30वें साल में समस्या का सामना करना पड़ सकता है.

### शुक्रवार

इस दिन जन्में व्यक्ति की मीठा बोलने वाले, सरल, जिंदादिल, बुद्धिमान, मृदुल स्वभाव वाले, सहनशील, मदद करने वाले, दानी प्रवृति के और भावुक होते हैं. वाद-विवाद से दूर रहना इनका स्वभाव होता है. मनोरंजन के साधनों पर अधिक खर्च करते हैं. ऐश्वर्यपूर्ण जीवन पसंद करते. किसी कला के ज्ञाता होते हैं. प्रेम के मामले में ऐसे लोग एक जगह नहीं टिक पाते. ईर्ष्या भाव रखते हैं. वैवाहिक जीवन सुखद रहता है. मां लक्ष्मी की कृपा हासिल रहती है. भौतिक सुख प्राप्त होता है. ये साहित्य, कला और संगीत के प्रेमी होते हैं. इन्हें 20 और 24 वर्ष की आयु में कुछ दिक्क़तें उठानी पड़ सकती हैं.

### शनिवार

शनिवार को जन्में लोग मेहनती, बुद्धिमान, अंतमुर्खी, दानी होते हैं. लेकिन किसी माहौल में खुद को जल्द नहीं ढाल पाते हैं. इन्हें ग्रुप में काम करना भी पसंद नहीं होता है. काम जरा धीरे करते हैं. इनके लिए शिक्षण कार्य, एनजीओ आदि से जुड़े कार्य आदि अच्छे होते हैं. वैसे इन्हें जिस किसी भी क्षेत्र में काम में लगा दिया जाए, ये उसमें दक्ष हो जाते हैं. इनके लिए विज्ञान, कृषि, भूगोल से जुड़े क्षेत्र भी उपयुक्त होते हैं. जीवन का शुरुआती दौर कुछ कष्टकारी हो सकता है, लेकिन बाद का जीवन सही रहता है. ये बेहद भावुक होते हैं और यही कारण है कि पार्टनर को कभी भी तनाव में नहीं देख सकते हैं. हालांकि, गंभीर स्वभाव व कम बोलना अनरोमांटिक करार देता है लेकिन ये शानदार, वफादार पार्टनर होते हैं. शनिवार को जन्म लेने वाले लोगों को नस और हड्डी से जुड़े रोग, जोड़ों में दर्द, शारीरिक कमजोरी, आंखों की परेशानी, कमर या पीठ दर्द की परेशानी हो सकती है. दोस्त बहुत कम होते हैं. ये अपने दोस्तों के प्रति ईमानदार होते हैं. परिवार वालों, रिश्तेदारों और दोस्तों से इन्हें बहुत सुख प्राप्त नहीं होता है. इनको जीवन के 20, 25 और 45 साल की आयु में कुछ दिक्क़तें हो सकती हैं.

### रविवार

रविवार को जन्में लोगों का व्यक्तित्व आकर्षक, कद, लम्बा, चौड़ी छाती, चेहरे का रंग साफ होता है. ऐसे व्यक्ति साहसी, आस्थावान, कम बोलने वाले, धर्मात्मा, दानी, मेधावी, हंसमुख और महत्वाकांक्षी होते हैं. अपनी बातों के पक्के होते हैं. किसी की अधीनता में कार्य करना पसंद नहीं करते. आमतौर पर भाग्यशाली होते हैं, कला एवं शिक्षा के क्षेत्र में मान-सम्मान प्राप्त करते हैं. दोस्तों और परिजनों का साथ इन्हें पसंद आता है और ये उन्हें खुश रखने की कोशिश भी करते हैं. कुशल नेतृत्व करते हैं. दीर्घ आयु वाले होते हैं. कम बोलते हैं और सोच समझकर बोलते हैं. उनकी बातें प्रभावशाली होती हैं. 20 से 22 साल की उम्र में इन्हें कठनाइयों का सामना करना पड़ सकता है.

# चल रहा है पंचक, टालिए ये काम

**हर महीने लगने वाला पंचक इन दिनों चालू हैं. यह दो मई से शुरू है और यह 6 मई तक रहेगा. हिंदू धर्म में पंचक का विशेष महत्व माना गया है. पंचक में शुभ कार्य वर्जित होते हैं. आइए जानते हैं कि पंचक क्या होता है और इसमें कौन से कार्य वर्जित होते हैं.**

## क्या होते हैं पंचक?



जैसा कि नाम से जाहिर है, पंचक पांच दिन तक रहते हैं. चंद्रमा जब धनिष्ठा नक्षत्र के तीसरे चरण में प्रवेश करता है. इसके बाद जब चंद्रमा शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद और रेवती नक्षत्र के चार पदों पर गोचर करता है तो इसे पंचक कहा जाता है. सरल भाषा में कहें तो जब चंद्रमा कुंभ और मीन राशि में गोचर करता है तो इसे पंचक कहते हैं. यह स्थिति अशुभ मानी जाती है. मान्यता है कि पंचक काल में यदि किसी इंसान की मौत हो जाए तो उसकी मृत्यु के बाद घर-परिवार के सदस्यों या फिर उस क्षेत्र के लोगों पर भी संकट मंडराने लगता है. इसलिए पंचक को बहुत ही अशुभ मानते हैं. हालांकि सारे पंचक अशुभ नहीं होते हैं. गुरुवार से शुरू होने वाले पंचक दोष रहित होते हैं. गुरुवार का दिन भगवान विष्णु और देवगुरु बृहस्पति को समर्पित है. गुरु पंचक में पांच कार्यों को छोड़कर कोई भी काम किया जा सकता है.


## गुरु पंचक में न करें ये काम

1. **दक्षिण दिशा में यात्रा**- पंचक के दौरान संभव हो तो दक्षिण दिशा की यात्रा को टालें.
2. **लकड़ी इकट्ठा करना**- पंचक शुरू होते ही लकड़ी इकट्ठा करने या लकड़ी से जुड़े कार्य करने से बचें.
3. **दाह संस्कार**- यदि पंचक में किसी इंसान की मृत्यु हो जाए तो परिवार के सदस्यों की रक्षा के लिए दाह संस्कार के वक्त आटे, बेसन और कुश (घास) से 5 पुतले बनाकर मृतक के साथ उनका अंतिम संस्कार करना चाहिए.
4. **पलंग या चारपाई बनवाना**- पंचक में पलंग या चारपाई नहीं बनवाएं.
5. **शादी-विवाह**- पंचक में विवाह, मुंडन और नामकरण संस्कार आदि शुभ कार्य वर्जित हैं.

# वैवाहिक जीवन में आएगी मधुरता

***वैवाहिक जीवन मधुर हो तो जिंदगी की राह कुछ आसान सी लगती है और जीवन के लक्ष्यों तक पहुंचने की उर्जा मन में बनी रहती है. कई बार कोई आधार नहीं रहने पर भी वैवाहिक जीवन में खटपट बनी रहती है. ऐसे में वास्तु विशेषज्ञ कुछ फेंगशुई उपाय अपनाने की सलाह देते हैं. मान्यता है कि इन उपायों को अपनाने से वैवाहिक जीवन में मधुरता आती है.***

## रोज क्वाट्र्ज



बेडरूम के साउथ-वेस्ट कोने में रोज क्वाट्र्ज रखें. इससे दांपत्य जीवन में प्यार और रोमांस में इजाफा होता है. रोज क्वाट्र्ज एक प्रकार बहुमूल्य रत्न है जिसे हिंदी में गुलाबी स्टफिक कहा जाता है. इसे बेडरुम में रखने के अलावा हाथ में ब्रेसलेट या गले में नेकलेस के रूप में पहन सकते हैं.

## मैडरिन डक



दांपत्य जीवन में कुछ समस्याएं आ रही हैं तो सुनहरे रंग की मैडरिन डक के जोड़े को बेडरूम के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में रखें. मान्यता है कि ऐसा करने से पति-पत्नी के बीच प्रेम बढ़ता है और रिश्तों में मनमुटाव समाप्त होते हैं. मंदारिन बत्तख को अपने साथी के प्रति वफादार, प्यार, जूनून के लिए जाना जाता है. यह दो बत्तखों का जोड़ा होता है जिसमें एक नर और दूसरी मादा मंदारिन बत्तख होती है. माना जाता है कि मंदारिन बत्तख अपने पूरे जीवन के लिए एक साथी को समर्पित होती है.

## लाल रंग के गुलाब

लाल रंग के गुलाब के फूल को भी वैवाहिक जीवन की खूबसूरती बढ़ाने वाला माना जाता है. फेंगशुई के अनुसार, बेडरूम में लाल रंग के गुलाब के फूल रखने से रिश्ते में मिठास आती है. संभव हो तो ताजे गुलाब के फूल सजाएं. यदि संभव नहीं हो तो गुलाब फूल की पेंटिंग लगाएं.

## डॉल्फिन की पेंटिंग



दांम्पत्य की मधुरता के लिए बेडरुम में डांस करते हुए या खेलते हुए डॉल्फिन की तस्वीर लगाएं. जोड़े में डॉल्फिन की मूर्ति भी सजा सकते हैं. फेंगशुई के अनुसार, इससे दांपत्य जीवन में खुशहाली बनी रहती है.

# कर्ज से हैं परेशां तो आइए इस द्वार

विगत कुछ दशकों से हमारी जिंदगी कुछ ऐसी हो गई है कि हमद ऋण से पूरी तरह मुक्त हों या विरले ही हो पाता.भले ईएमआई का नाम दें पर कार, घर, शिक्षा, इलाज या अन्य जरुरतों के लिए जिंदगी के किसी न किसी मोड़ पर कम या ज्यादा हमें ऋण की चपेट में आना ही पड़ता है. अगर आप भी ऋण की चपेट में हैं और चाह कर भी मुक्त नहीं हो पा रहे तो आस्था की राह आपको एक उम्मीद की किरण दिखा सकती है. बेशक इस मामले में कर्म और इच्छा शक्ति के अपने मायने हैं, पर साथ साथ यदि विश्वास और धर्म की राह लें तो मन अधिक मजबूत होता है. मन की ऐसी ही मजबूती देता है प्राचीन नगरी उज्जैन का "ऋणमुक्तेश्वर महादेव" नामक पौराणिक मंदिर. इसके बारे में प्रचलित मान्यता है कि इस मंदिर में अगर कोई व्यक्ति पूरे विधिविधान से प्रसिद्ध "पीली पूजा" करवाता है तो बहुत जल्द ही उसे अपने कर्जे से मुक्ति मिल जाती है. "ऋणमुक्तेश्वर महादेव" मंदिर उज्जैन शहर से लगभग 1 किलोमीटर दूर मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के पावन तट पर स्थित है. जो भी लोग महाकाल बाबा के दर्शन करने आते हैं वे यहां आकर ऋणमुक्तेश्वर महादेव के दर्शन भी जरूर करते हैं. इस मंदिर में लोगों की इतनी आस्था और ऋणमुक्तेश्वर महादेव पर उनके अटूट विश्वास का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस मंदिर में हर रोज हज़ारों श्रद्धालु दर्शन को आते हैं. अपने कर्जे और दुखों से मुक्ति पाने के लिए भक्त वहां पर "पीली पूजा" भी करवाते हैं.

## शनिवार का विशेष महत्व

इस प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर में यूं तो प्रतिदिन बहुत भीड़ रहती है, लेकिन शनिवार को यहां पीली पूजा का विशेष महत्व है. पीली पूजा का मतलब है पीले वस्त्र में चने की दाल, पीला पुष्प, हल्दी की गांठ और थोड़ा सा गुड़ बांधकर जलाधारी पर अपनी मनोकामना के साथ अर्पित करना है. अगर आपके ऊपर कर्ज है और हर तरह के उपाय के बाद भी ये नहीं उतर पा रहा है, तो भगवान ऋणमुक्तेश्वर की शरण में शनिवार को पीली पूजा करने से शीघ्र ही आपके ऊपर चढ़े हर प्रकार के कर्ज के बोझ से मुक्ति मिलती है.

## यह है मान्यता

कहा जाता है कि यहां एक बार राजा हरिशचंद्र अवंतिका के निरंजन वन में एक वट वृक्ष के नीचे विश्राम कर रहे थे. राजा हरिशचंद्र इस बात से व्याकुल थे कि उन्हें विश्वामित्र को एक हाथी के भार के बराबर स्वर्ण दान में देना था, पर ये उनके लिए सम्भव नहीं था क्योंकि उनका राज पाट तो पहले ही उनसे ले लिया गया था. हालात ये हो गए थे कि उनका पूरा परिवार बिक गया था. ऐसे में जब भोजन पर भी आफत था तो इतना स्वर्ण देना कैसे सम्भव होगा? हरिशचंद्र इसी चिंता में थे कि तभी वहां एक आकाशवाणी हुई जिसके पश्चात सत्यवादी राजा हरीशचंद्र, ऋषि विश्वामित्र को दक्षिणा देकर ऋण मुक्त हुये थे. इसके बाद राजा ने अवंतिका वन में पहुंचकर एक विशाल यज्ञ कराया और शिवलिंग स्थापित किया था. राजा हरिशचंद्र को अपना यश और वैभव तो प्राप्त हुआ ही साथ ही साथ भगवान शिव ने राजा को यह वरदान दिया था कि जो भी व्यक्ति यहां दर्शन करने के साथ अभिषेक और पीली पूजन करेगा वह ऋण मुक्त तो होगा ही वहीं अन्य सभी तरह की चिंता से भी उसे मुक्ति मिल जायेगी.



## खुशी संदेश

# जो जागा सो पाया



मुकेश चौहान

एक कुम्हार बड़ा ही सुंदर और नक्काशी किए हुए घड़ा, सुराही या फिर अन्य सजावट की समानें बनाता था. बुजुर्ग होने पर वह अपनी सारी कला पोते को सिखला देता है. लेकिन पोते के दिमाग में आधुनिकता हावी थी. वह कुछ और ही बिजनेस करना चाहता था. दादा से सारा गुण सीख लेने के बाद भी उसके बनाए समानों में दादा वाली बात नहीं आ पाती थी. ग्राहक भी पोते के बनाए समानों को छोड़ दादा के सामान पर ही जोर देते थे. एक दिन पोते ने दादा से पूछा- मैं भी तो बिल्कुल आप ही के जैसे घड़ा-सुराही बनाता हूं. फिर इसमें आप वाली बात क्यों नहीं आ पाती. दादा कहते हैं- तुम सोए-सोए समान बनाते हो, इसलिए कमी रह जाती है. पोता बिदक कर कहता है- सोकर कोई घड़ा बना सकता है क्या? दादा बोलते हैं- सोए का मतलब, तुम बेमन से, अनिच्छा से समान बनाते हो. तुम्हारे दिमाग में कुछ और व्यवसाय चलता रहता है. इससे तुम जुड़ ही नहीं पाते. नतीजन तुम्हारे बनाए समानों में आत्मीय शक्ति लग ही नहीं पाती. हमेशा मान कर चलो- "जागी हुई चींटी की भी ताकत, सोए हुए हाथी से ज्यादा होती है". पोते को बात समझ में आ गई. अब वह जाग कर पूरे आत्मीय ताकत के साथ समान बनाने लगा. कुछ माह में ही वह कारीगरी में अपने दादा से काफी आगे निकल गया.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# एफआईएच प्रो लीग के लिए भारतीय महिला टीम घोषित, टीम में झारखंड की चार खिलाड़ी शामिल





**रांची। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जो बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में भाग लेगी. टूर्नामेंट में टीम की कमान झारखंड के सिमडेगा की सलीमा टेटे संभालेंगी, जिन्हें हाल ही में प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था. टीम की उपकप्तान नवनीत कौर हैं. बता दें भारतीय टीम में झारखंड की चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिनमें निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमार और दीपिका सोरेंग शामिल हैं.**

## झारखंड की सलीमा टेटे बनी भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान

**भारतीय टीम :**

**गोलकीपर :** सविता, बिच्छू देवी खारिबाम

**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छेत्री, महिमा चौधरी.

**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर (उपकप्तान), नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी

**फॉरवर्ड :** मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग

### 2017 में सलीमा ने राष्ट्रीय टीम में किया था पदार्पण

सलीमा ने 2017 में बेलारूस के खिलाफ राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया था. 2018 युवा ओलंपिक खेलों में भारत ने सलीमा की कप्तानी में रजत पदक जीता था. 2021 में वह भारतीय ओलंपिक टीम का हिस्सा थी.

**2023** के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था.

**24** सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जो बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में भाग लेगी.

### *2 मई से शुरू होगा बेल्जियम चरण*

*बेल्जियम चरण 22 मई को शुरू होगा और 26 मई को समाप्त होगा जबकि इंग्लैंड चरण 1 जून से शुरू होकर 9 जून को समाप्त होगा. भारत 22 मई को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए, दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा. भारत फिलहाल आठ मैचों में आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है.*

## ब्रीफ खबरें

### शुभंकर की 2024 की सर्वश्रेष्ठ शुरुआत

**बीजिंग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 2024 की अपनी सर्वश्रेष्ठ शुरुआत करते हुए गुरुवार को पहले दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से वॉल्वो चीन ओपन में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर चल रहे हैं. शुभंकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे रोमेन लांगेस्क और सबेस्टियन सोडरबर्ग से तीन शॉट पीछे हैं. रोमेन और सबेस्टियन ने पहले दौर में 63 का समान स्कोर बनाया. टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय ओम प्रकाश दो अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त रूप से 51वें स्थान पर चल रहे हैं.

### क्वार्टर फाइनल में हारे अल्काराज

**मैड्रिड।** कार्लोस अल्काराज का लगातार तीसरा मैड्रिड ओपन जीतने का सपना टूट गया जब क्वार्टर फाइनल में उन्हें आंद्रेइ रूबलेव ने तीन सेटों में हरा दिया. स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन वह सातवीं वरीयता प्राप्त रूबलेव से 6 . 4, 3 . 6, 2 . 6 से हार गए. बाजू में चोट के कारण मोंटे कार्लो और बार्सीलोना में नहीं खेल सके अल्काराज का उसके बाद यह पहला टूर्नामेंट है. अन्य मैचों में टेलर फ्रिट्ज ने फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को 6 . 1, 3 . 6, 6 . 3 से हराया.

### नौ मैचों में छह जीत के बाद 12 अंक लेकर केकेआर तालिका में दूसरे स्थान पर

# मुंबई के खिलाफ कमजोरियों से पार पाने उतरेगी केकेआर

**एजेंसी। मुंबई**

खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी. नौ मैचों में छह जीत के बाद 12 अंक लेकर केकेआर तालिका में दूसरे स्थान पर है और प्लेआफ में उसकी जगह लगभग पक्की लग रही है. श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा.

केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाये हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया लेकिन फिर केकेआर ने वापसी करके दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से मात दी. बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को फायदा मिला है लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश है. मिचेल स्टार्क प्रति ओवर 12 की दर से रन लुटा रहे हैं और उन्हें सात ही विकेट मिले हैं. बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर आस्ट्रेलिया का यह तेज गेंदबाज कोई कमाल नहीं कर पा





रहा. हर्षित राणा ने सर्वाधिक 11 विकेट लिये हैं लेकिन दिल्ली के अभिषेक पोरेल के विकेट पर अति आक्रामक जश्न मनाने के कारण उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है. वैभव अरोड़ा ने पांच मैचों में नौ विकेट लिये हैं.

वानखेड़े स्टेडियम बल्लेबाजों की मददगार पिच के लिए मशहूर है और इस पर 200 से अधिक का स्कोर बनना तय है. ऐसे में नजरें रिंकू सिंह पर भी होंगी जिन्हें टी20 विश्व कप के लिये भारत की मुख्य टीम में जगह नहीं मिलने से काफी बहस हो रही है. उन्हें इस साल आईपीएल में खेलने का अधिक समय ही नहीं मिल सका. दूसरी ओर मुंबई प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर लग रही है हालांकि उसे पांच मैच और खेलने हैं. इनमें सभी जीतने पर भी उसके 16 ही अंक होंगे जो प्लेआफ में जगह बनाने के लिए शायद कम होंगे. जसप्रीत बुमराह (14 विकेट) और गेराल्ड कोएत्जी (13 विकेट) मुंबई के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है. बल्लेबाजी में तिलक वर्मा ने तीन अर्धशतक समेत 343 रन बनाये हैं, लेकिन बाकी बल्लेबाज नाकाम ही रहे हैं.

ईशान किशन लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं और पावरप्ले में विकेट गंवाना मुंबई की कमजोरी रही है. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 158 . 29 की स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं लेकिन लगातार बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं. टी20 विश्व कप से पहले उनके फॉर्म पर भी नजरें होंगी. वहीं सूर्यकुमार यादव ने दो अर्धशतक बनाये हैं लेकिन अपनी क्षमता के साथ पूरी तरह न्याय नहीं कर सके हैं. कप्तान हार्दिक पंड्या बल्ले या गेंद किसी से भी कमाल नहीं कर सके हैं लेकिन टी20 विश्व कप टीम का उपकप्तान बनाये जाने से उनका मनोबल बढा होगा.

### टीमें

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड.

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान.

**मैच का समय : शाम 7 : 30 बजे से.**

### दीपक चाहर की बहन ने ट्रोलर्स को जमकर सुनाई खरी-खोटी, कहा

# कोई चोटों का मजा नहीं लेता, ऐसा तो मत बोलिए

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज दीपक चाहर चोटिल हो गए. दीपक चाहर को महज 2 गेंदों के बाद मैदान छोड़ना पड़ा. इसके बाद सोशल मीडिया पर दीपक चाहर की खूब आलोचना हुई. बहरहाल, अब दीपक चाहर की बहन मालती चाहर अपने भाई के बचाव में उतर आईं हैं. सोशल मीडिया के जरिए मालती चाहर ने ट्रोलर्स को बुरी तरह लताड़ लगाई है. अब मालती चाहर ने ट्वीट किया है. इस ट्वीट में उन्होंने लिखा है- इतना असंवेदनशील होना बंद करो दोस्तों! कोई इन चोटों का आनंद नहीं उठाता है, वो अपन बेस्ट कोशिश कर रहा है और दमदार वापसी करेगा.

**मालती चाहर का ट्रोलर्स को जवाब :** बहरहाल, सोशल मीडिया पर मालती चाहर का ट्वीट तेजी से वायरल हो रहा है. इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं. दरअसल, पंजाब किंग्स के



खिलाफ मैदान छोड़ने के बाद दीपक चाहर बुरी तरह ट्रोल हुए. यह तेज गेंदबाज महज 2 गेंद डाल सका, लेकिन इसके बाद वह अपना ओवर तक पूरा नहीं सके. दीपक चाहर चोट के कारण कराह रहे थे, जिसके बाद शार्दुल ठाकुर ने उस ओवर की बाकी बची गेंदों को पूरा किया.

# अब कोहली की स्ट्राइक रेट पर आया एबी डी विलियर्स का बयान

**संवाददाता। एजेंसी**

इस सीजन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू का प्रदर्शन निराशाजनक रहा. लेकिन विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी का नजारा पेश किया है. अब तक विराट कोहली 10 मैचों में 71.43 की एवरेज से 509 रन बना चुके हैं. इस वक्त विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे नंबर पर काबिज हैं. हालांकि, विराट कोहली स्ट्राइक रेट पर लगातार सवाल उठते रहे हैं. दरअसल, विराट कोहली के आलोचकों का मानना है कि इस खिलाड़ी की स्ट्राइक रेट टी20 फॉर्मेट के मुताबिक नहीं रही है. बहरहाल, अब विराट कोहली के आलोचकों को एबी डी विलियर्स ने जवाब दिया है.

**विराट की स्ट्राइक रेट पर डी विलियर्स ने क्या कहा :** एबी डी विलियर्स ने कहा कि विराट कोहली अपनी स्ट्राइक रेट के कारण लगातार आलोचनाओं को झेल रहे हैं, लेकिन मैं इससे सहमत नहीं हूं. उन्होंने कहा कि विराट कोहली क्रिकेट इतिहास के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में एक हैं. साथ ही आईपीएल में प्रदर्शन लाजवाब है,



इस वक्त वह अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खास भूमिका अदा कर रहे हैं. मुझे नहीं पता कि जो लोग विराट कोहली की आलोचना कर रहे हैं, उन्होंने कितने क्रिकेट मैच खेले हैं? आपने कितने आईपीएल शतक बनाए हैं? मेरा मानना है कि विराट कोहली पर सवाल करना बेकार की बातें हैं.

### प्रेस कांफ्रेंस — हार्दिक पंड्या जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है

# रिंकू सिंह को नहीं लेना सबसे मुश्किल फैसला : अजित अगरकर

**एजेंसी। मुंबई**

मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने बुधवार को भारत की टी20 विश्व कप टीम में हार्दिक पंड्या के चयन का बचाव करते हुए कहा कि टीम को संतुलन देने के अलावा फिट रहने पर वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है. मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर आईपीएल में खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक को टी20 विश्व कप टीम का उपकप्तान बनाये जाने से क्रिकेट जगत को हैरानी हुई है. उन्होंने वनडे विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र मैच अक्टूबर 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था. अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा , उपकप्तानी को लेकर कोई बात नहीं हुई. उसने अभी तक मुंबई इंडियंस के लिए सारे मैच खेले हैं. हमें एक महीने और कुछ दिन बाद ही पहला मैच खेलना है. वह फिट है तो वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है. उन्होंने कहा , वह चोट के बाद लंबे समय में वापसी कर रहा है. हमें उम्मीद है कि वह इस पर काम कर रहा है. गेंदबाजी करने पर वह रोहित को काफी विकल्प और संतुलन दे सकता है. हार्दिक आईपीएल से पहले टखने की चोट से उबरे हैं और रोहित की जगह उन्हें मुंबई का कप्तान बनाने से प्रशंसकों में काफी रोष है. केएल राहुल को बाहर रखने के बारे में अगरकर ने कहा कि उन्हें मध्यक्रम के बल्लेबाज की जरूरत थी और यही वजह है कि संजू सैमसन को चुना गया. उन्होंने कहा , केएल शानदार खिलाड़ी है और हम सभी जानते हैं. हमें मध्यक्रम के बल्लेबाज की जरूरत थी और वह शीर्षक्रम का बल्लेबाज है. संजू में यह क्षमता है. ऋषभ भी पांचवें नंबर पर उतरता है तो यही हमारी सोच थी. रिंकू सिंह ने कुछ भी गलत नहीं किया है, यहां तक कि शुभमन गिल ने भी। रोहित को अधिक विकल्प के लिए टीम में कुछ कलाई के स्पिनर चाहिए थे. ऐसा ही मामला अक्षर के लिए भी है जो एक बैटिंग ऑलराउंडर हैं.

### अक्षर के चयन पर रोहित ने रखी राय

हमने ऑफ स्पिनर को लेकर भी चर्चा की. सुंदर ने हाल फिलहाल में ज्यादा क्रिकेट खेली नहीं है. न ही उन्हें ज्यादा मौका मिला है. इसके बाद कॉम्पिटीशन अश्विन और अक्षर पटेल के बीच था, तो हमने सोचा कि दो बाएं हाथ के स्पिनर जो पिछले कुछ समय से अच्छा कर रहे हैं अश्विन ने पिछले कुछ समय से इस प्रारूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है. वहीं, अक्षर अच्छे फॉर्म में हैं. वनडे विश्व कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज से अक्षर का प्रदर्शन शानदार रहा है.



### शिवम दुबे के गेंदबाजी करने पर ये बोले रोहित

हम चाहते हैं कि हर खिलाड़ी वही करें जो वह आईपीएल में करते आ रहे हैं. यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि शिवम ने आईपीएल में ज्यादा गेंदबाजी नहीं की है, लेकिन वह सीजनल क्रिकेटर हैं. वह रेड बॉल क्रिकेट में गेंदबाजी करना जानते हैं. ऐसे में वह व्हाइट बॉल क्रिकेट में गेंदबाजी कर सकते हैं. जब टी20 फॉर्मेट खेलते हैं, तो स्किल पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है. हम यह उम्मीद कर रहे हैं कि अगर शिवम से हम गेंदबाजी करने के लिए कहते हैं तो वह गेंदबाजी करेंगे.

**ब्रीफ खबरें**

### हथियार के साथ राकेश यादव को किया गिरफ्तार

**अररिया ।** अररिया की बथनाहा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर राकेश कुमार यादव को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. बथनाहा थानाध्यक्ष धनोज कुमार गुप्ता को मिली सूचना के आधार पर बथनाहा थाना पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में यह कामयाबी हासिल हुई. गिरफ्तार राकेश कुमार यादव के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा,तीन जिंदा कारतूस और एक खाली खोखा बरामद किया. गिरफ्तार राकेश कुमार यादव बथनाहा थाना क्षेत्र श्यामनगर रहने वाला हैं.

### बेपटरी हुई मालगाड़ी, परिचालन रहा बाधित

**पटना ।** दरभंगा जिले में एक मालगाड़ी बेपटरी हो गयी. यहां बेला मोड़ स्थित रैक पॉइंट पर मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए. इस घटना के बाद रेल परिचालन बाधित रहा. साथ ही बेला-मनीगाछी रूट पूर्णत बाधित हो गया है. दरअसल, दरभंगा रैक पॉइंट पर जा रही मालगाड़ी के डिब्बे गुरुवार देर रात में डीरेल हो गए थे. सुबह करीब साढ़े आठ बजे उक्त जगह से आवाजाही शुरू की जा सकी. घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी अभियंताओं के एक दल के साथ मौके पर पहुंच कर पटरी को दुरुस्त करने के प्रयास में लगे है. फिलहाल एक बोगी को पटरी पर लाया गया है.

### कैमरा हड़पने वाला दो शातिर गिरफ्तार

**नवादा ।** शादी के नाम पर कैमरा मंगवाकर हत्या की धमकी देकर हड़पने वाला दो शातिर अपराधियों को नवादा जिले के पकरीवरवां पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है. नवादा नगर थाने के मंगरबीघा मोहल्ले के एक मकान से कैमरा भी बरामद कर लिया है. थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि अकबरपुर थाने के डेरमा गांव के निवासी राहुल कुमार ने बदमाशों से जान बचाकर थाना भागकर पहुंचा. उसने रिपोर्ट लिखवाया कि मेघिपुर गांव के कौशल कुमार तथा विकास कुमार डीएसएलआर कैमरा शादी के नाम पर मंगा लिया है तथा मांगने पर हत्या की धमकी दे रहा है.





### चिराग पासवान ने किया नामांकन पत्र दाखिल

**वैशाली ।** एनडीए समर्थित पार्टी लोजपा (रामविलास) के सुप्रीमो चिराग पासवान ने गुरुवार को हाजीपुर लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया. हाजीपुर समाहरणालय परिसर स्थित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम यशपाल मीणा के समक्ष नामांकन-पत्र दाखिल किया. नामांकन करने से पूर्व चिराग पासवान ने सर्किट हाउस के पास स्थित अपने पिता स्व रामविलास पासवान की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया. इस दौरान एनडीए के कई बड़े नेता भी मौजूद रहे. साथ में उनकी मां रीना पासवान भी मौजूद रहीं. मौके पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, सांसद रामकृपाल यादव, राजू तिवारी, संजय सिंह और बहनोई अरुण भारती भी मौजूद रहे.

## भाजपा भगाओ और देश बचाओ : तेजस्वी

संवाददाता । पटना

पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और वीआईपी पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी,अब्दुल बारीक सिद्दीकी, राज्यसभा सदस्य संजय यादव ने अररिया लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार शाहनवाज आलम के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया. तेजस्वी ने सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा और कहा कि अब भाजपा को हराना है. उन्होंने भाजपा भगाओ और देश बचाओ का



नारा भी लगाया. उन्होंने कहा कि मोदी जी झूठ बोलने के फैक्टरी है. उन्होंने सभी को धोखा दिया है, सभी से झूठ बोला है. अब यह जुमलेबाजी नहीं चलने वाली है. अभी एक करोड़ युवाओं की सरकारी नौकरी हमारी सरकार आने के बाद मिलेगी. हम चाहते हैं कि अगला 15 अगस्त को तिरंगा लाल किले से इंडी अलाइंस के लोगों द्वारा फहराया जाए.

वहीं, वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कहा कि हमलोग जो लड़ाई लड़ रहे हैं, ये एक बड़ी आजादी की लड़ाई है. हमारे पूर्वजों ने जो अंग्रेजों से लड़ाई कर आजादी दिलवाई उसी तरीके से हम सभी आजाद होंगे. आजादी से पहले हमारे हाथ से कोई पानी नहीं पीना चाहता था. मैं मोदी का विरोधी नहीं हूं, मैं तो जनता की आवाज हूं.

### राजनाथ सिंह ने सारण में एक जनसभा को किया संबोधित कहा-

# मोदी ने अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक ऊंचा किया

संवाददाता । पटना/सारण



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि भाजपा सरकार में देश का प्रभाव बढ़ा है. अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऊंचा किया है. आज दुनिया के लोग भारत की बातों को बड़े गौर से सुनते हैं. राजनाथ सिंह ने सारण से भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि पहले कांग्रेस की सरकारों को आपने देखा है. केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि देश के किसी ना किसी राज्य में आतंकी घटनाएं होती रहती थीं, लेकिन आज भाजपा सरकार में आतंकी घटनाएं बंद हैं, जम्मू-कश्मीर में कभी छिटपुट ऐसी घटना भले सामने आ जाए.

उन्होंने मोदी सरकार के कदम की सराहना की और कहा कि आपको रक्षा मंत्री होने के नाते आश्वस्त करता हूं कि देश की सीमाएं सुरक्षित हैं. आज देश के पास वो ताकत है कि भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार जाकर भी मार सकता है. ये हमारी ताकत है.

राजनाथ सिंह ने कहा कि राजीव प्रताप रूडी ने अपने क्षेत्र में जमकर सेवा की है. रूडी अपने क्षेत्र में ज्यादा काम करते हैं. रूडी को सबका भरपूर समर्थन मिलना चाहिए. रूडी बहुत कुशल पायलट हैं, अपने प्रतिद्वंदी को हवा में ही उड़ा देंगे. यही नहीं जहां भी एनडीए के उम्मीदवार हैं वहां उनको समर्थ दीजिए. उन्होंने कहा कि रूडी सिर्फ सांसद नहीं एक बड़ी हस्ती भी हैं. इसलिए क्षेत्र के विकास के लिए अब तक आपने जिताया है तो फिर मौका दीजिए. इससे पहले सारण के सांसद और इस सीट से भाजपा उम्मीदवार रूडी ने अपना नामांकन दाखिल किया. पत्नी और दोनों बेटियों के साथ वो समाहरणालय पहुंचे. नामांकन के लिए निकलने से पहले उन्होंने घर में पूजा-अर्चना की.

### परिवार का कल्याण करनेवाला बन गया है राजद पार्टी : जेपी नड्डा

**अररिया ।** अररिया के सिकटी विधानसभा क्षेत्र के धर्मगंज मेला ग्राउंड में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी.नड्डा ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया. नड्डा ने सबसे पहले मद्नेश्वरनाथ और सुंदरनाथ महादेव को नमन करते हुए आंचलिक साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु को याद किया. उन्होंने मोदी जी के दस साल के कार्यकाल को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का बताया. दूसरी तरफ राजद और कांग्रेस के पुराने शासनकाल को लूट खसोट, कुशासन और खुद के परिवार का कल्याण करने वाला करार दिया. उन्होंने कहा कि दस सालों में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गई है. दुनिया आज हमसे दवा खरीद रही है.

### आरा में बालू घाट पर फायरिंग में दो लोगों की मौत, कई घायल

**पटना ।** आरा में बालू घाट पर दो गुटों के बीच झड़प में जमकर गोलीबारी की गयी. जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी. जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं. घटना कोईलवर के कमालुचक दियारा की है. जहां आपसी वर्चस्व में दो गुटों के बीच फायरिंग हुई है. दोनों मृतक और जख्मी को गुड्डू राय गिरोह का बताए जा रहा हैं. सोन नदी के पास गदहिया घाट पर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था. बताया जाता है कि एक व्यक्ति घायल है. सभी सारण के रहने वाले हैं. गोली लगने से जिन दो लोगों की मौत हुई है उनकी पहचान सारण जिले के चकिया, डोरिगंज निवासी हूंगी महतो के पुत्र विकास महतो (उम्र 20 साल) और तुलसी राय के पुत्र सुदर्शन राय (उम्र 40 वर्ष) है. वहीं जख्मी की पहचान सारण के चकिया, डोरिगंज निवासी रजक महतो के पुत्र पूर्णमासी महतो के रूप में की गयी है.

## गैस सिलेंडर हुआ ब्लास्ट मां और तीन बच्चों की मौत

संवाददाता । किशनगंज

किशनगंज के पौआखाली इलाके में गैस सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो लोग बुरी तरह झुलस गये. घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है. घटना में मां और उसके तीन बच्चों की मौत से गांव में मातम का माहौल है. मृतकों की पहचान पौआखाली गांव निवासी मोहम्मद अंसार की पत्नी साहिबा और उसके तीन बच्चे अनीशा (8),आरुषि (4) और अनीश (5 ) के रूप में हुई है. वहीं घायलों की पहचान साहिबा के भाई और बहन के रूप में की गयी है.

**चाय बनाने के लिए चूल्हा जलाया और सिलेंडर हो गया ब्लास्ट :** घटना के संबंध में बताया जाता है कि साहिबा सुबह करीब सात बजे चाय बनाने किचन में गयी. उसने जैसे ही चूल्हा जलाया, सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया. ब्लास्ट के बाद आग लगने से छह लोग झुलस गये.

सूचना पाकर फायर बिग्रेड के दमकल के साथ पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. वहीं घायलों को पूर्णिया मेडिकल कॉलेज ले गये, जहां इलाज के दौरान मां और उसके तीन बच्चों की मौत हो गयी. वहीं अन्य दो लोगों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है. घटना के बाद से ही परिजनों में चीख पुकार मची है. मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है. पुलिस पचा लगा रही है कि सिलेंडर ब्लास्ट की वजह से घर में आग लगी है या फिर कोई और वजह है. जांच के बाद ही सही कारणों का पता चल पाएगा.

### बैक से 1.32 करोड़ की लूट करने वाले 3 अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिला पुलिस टीम ने नेपाल में हुए को-ऑपरेटिव बैंक से 1.32 करोड़ लूट में शामिल 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है. साथ ही अपराधियों के पास से लूट के 18 लाख 23 हजार 200 नेपाली रुपया के साथ हथियार, जिंदा कारतूस सहित अन्य समान बरामद किया है. पकड़े गये अपराधियों ने पूछताछ के दौरान नेपाली बैंक में लूट के साथ ही पूर्वी चंपारण जिले के चिरैया व ढाका में तीन इलेक्ट्रॉनिक दुकान में हुए चोरी कांड में भी अपनी संलिप्तता स्वीकारी है. पुलिस छापेमारी में जुटी है. एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने प्रेस वार्ता के दौरान इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना प्रप्त हुई कि कुछ अपराधी हथियार के साथ इकठ्ठा है, जिसके बाद रक्सौल डीएसपी धीरेंद्र कुमार, अशोक कुमार व डीएसपी सुबोध कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया था.

**कारोबार**

### 1,000 करोड़ जुटाने के लिए लाएगी आईपीओ

**नयी दिल्ली ।** यात्रा वितरण कंपनी टीबीओ टेक लिमिटेड आईपीओ के जरिए 1,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है. आईपीओ दस्तावेज अनुसार, आठ मई से 10 मई को खुलेगा. एंकर (बड़े) निवेशक सात मई को बोली लगा पाएंगे. कंपनी के पहले सार्वजनिक निर्गम में 400 करोड़ रुपये तक के ताजा शेयर और प्रवर्तकों तथा निवेशकों द्वारा 1.25 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश शामिल है. यह 30 जून 2023 तक 100 से अधिक देशों में खरीदारों और आपूर्तिकर्ताओं को सेवाएं प्रदान कर रहा था.

### सौर परि. के लिए 1,190 करोड़ का ऋण मिला

**नयी दिल्ली ।** अवाडा एनर्जी ने गुजरात में एक नई सौर परियोजना के लिए भारतीय स्टेट बैंक से 1,190 करोड़ रुपये का कर्ज लिया है.कंपनी ने एक बयान में कहा कि 20-वर्षीय परियोजना ऋ्रा सुविधा के रूप में स्वीकृत व वितरित यह वित्तपोषण गुजरात के सुरेंद्र नगर जिले में 400 मेगावाट उपयोगिता-स्तरीय सौर पीवी विद्युत परियोजना के विकास में सहायता करेगा. अवाडा समूह के चेयरमैन विनीत मित्तल ने कहा कि हम अपनी परियोजना वित्तपोषण समझौते के जरिए एसबीआई के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर खुश हैं.

### सागर को चेयरमैन नियुक्त किया गया

**नयी दिल्ली ।** इलेक्ट्रॉनिक्स व कंप्यूटर सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्धन परिषद (ईएससी) ने आईटी दिग्गज वीर सागर को अपना चेयरमैन नियुक्त किया है. सागर अभी तक वाइस चेयरमैन के पद पर थे. सागर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता कृत्रिम मेधा और अन्य उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकियों के अपरिहार्य अनुप्रयोग को बढ़ावा देना होगी, ताकि भारतीय डिजिटल क्षेत्र को सशक्त बनाया जा सके. ईएससी की पुनर्गठित समिति ने राजेश रेवणकर को वाइस चेयरमैन, नारायण एस. भार्गव को क्षेत्रीय (पश्चिम) चेयरमैन और अश्विनी के. रथ को क्षेत्रीय (पूर्व) चेयरमैन नियुक्त किया है.

### पिछले साल जीएसटी कलेक्शन अप्रैल का एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये था

# जीएसटी कलेक्शन 2.10 लाख करोड़ रुपये

भाषा । नयी दिल्ली

जिस जीएसटी पर विपक्ष ताने कस रही थी, वही अब विजेता की तरह तीव्र गति से आगे बढ़ रही है. साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था की गति को तेज कर रही है. साल दर साल जीएसटी कलेक्शन का ग्राफ बढ़ता जा रहा है. अप्रैल में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन देश में तेज आर्थिक गतिविधियों का संकेत दे रहा है. अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन 2 लाख 10 हजार करोड़ रुपये रहा. यह अब तक का सबसे अधिक कलेक्शन है. इससे पहले पिछले साल अप्रैल का एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा सबसे बड़ा था.

मौजूदा वित्त वर्ष के पहले महीने में रेकॉर्ड कलेक्शन के पीछे लोकसभा चुनाव और इंडियन प्रीमियर लीग से जुड़ी हलचल का बड़ा योगदान रहा. इनके चलते देश में तमाम चीजों की खरीद-फरोख्त बढ़ी और उसका असर जीएसटी संग्रह में दिखा है. ताजा आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए फाइनांस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण ने दमदार आर्थिक गतिविधियों का हवाला दिया. एक्स पर उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि जीएसटी कलेक्शन 2 लाख करोड़




**जीएसटी संग्रह**

- ऐवरेज मंथली कलेक्शन 1.68 लाख करोड़ रुपये
- आईपीएल और आम चुनाव के चलते भी खर्च बढ़ा

रुपये के बेंचमार्क को पार कर गया. इकॉनमी में दमदार मोमेंटम और टैक्स कलेक्शन की अच्छी व्यवस्था के चलते ऐसा हुआ. फाइनेंशियल ईयर 2024 में 20.18 लाख करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन हुआ था. इस तरह ऐवरेज मंथली कलेक्शन 1.68 लाख करोड़ रुपये रहा. वित्त वर्ष 2023 में 1.5 लाख करोड़ रुपये का ऐवरेज मंथली कलेक्शन हुआ था.

बैंक ऑफ बड़ौदा के चीफ इकनॉमिस्ट मदन सबनवीस ने कहा कि अप्रैल में दमदार कलेक्शन के पीछे कई चीजों का योगदान है. फसलों की कटाई के साथ यह शादी-विवाह का सीजन भी है. अप्रैल में छुट्टियों में लोग सैर-सपाटे पर निकले और हॉस्पिटैलिटी पर खर्च बढ़ा. आईपीएल और आम चुनाव के चलते भी खर्च बढ़ा है. एक बात यह भी रही कि अप्रैल में रिफंड्स कम रहे. अच्छे जीएसटी कलेक्शन का सिलसिला मई में भी दिखेगा. इसमें कोई शक नहीं है कि इस साल जीडीपी ग्रोथ 7.5% से अधिक रहने वाली है. केयर ईज की चीफ इकनॉमिस्ट रजनी सिन्हा ने कहा कि इफ्लेशन में कमी कंजम्पशन में बढ़ोतरी के लिए अच्छी बात है. कंज्यूमर कॉन्फिडेंस मार्च 2019 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर है नॉन-फूड कैटेगरी में एफएमसीजी बिक्री फूड कैटेगरी से अधिक हो गई है. यानी डिस्क्रीशनरी आइटम्स की डिमांड बेहतर हो रही है. मॉनसून अच्छा रहने के अनुमान को देखते हुए ग्रामीण इलाकों में डिमांड बढ़ने के हालात बन रहे हैं. दमदार कलेक्शन इस बात का सबूत है कि लोग जमकर खरीद-फरोख्त कर रहे है और अप्रैल में यह सिलसिला तेज हुआ. टैक्स चोरी रोकने की कोशिशों का भी योगदान है. इस सिस्टम की कामयाबी को देखते हुए आने वाले समय में इसके दायरे में और उत्पादों को लाने और रेट्स में बदलाव पर विचार हो सकता है.

बता दें कि जीएसटी जीएसटी को 01 जुलाई 2017 को लागू किया गया था. इसे देश में आजादी के बाद से सबसे बड़ा टैक्स सुधार माना जाता है. इसने अप्रत्यक्ष कर की कई जटिलताओं को दूर किया. इस नई प्रणाली से वैट, एक्साइज ड्यूटी (कई चीजों पर) और सर्विस टैक्स जैसे 17 टैक्स खत्म हो गए. छोटे उद्योग-धंधों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 40 लाख रुपये के सालाना टर्नओवर वाले बिजनेस को जीएसटी के दायरे से मुक्त कर दिया था. माल एवं सेवा कर को लागू करते हुए कहा गया था कि इससे न सिर्फ केंद्र सरकार को बल्कि राज्य सरकारों को भी राजस्व के मोर्चे पर लाभ होगा.

### एसके फाइनेंस ने आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा किया

एजेंसी । नयी दिल्ली

वाहन और कारोबार के लिए कर्ज देने वाली गैर-बैंकिंग कंपनी एसके फाइनेंस ने आईपीओ के माध्यम से 2,200 करोड़ रुपये जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुरुआती दस्तावेज जमा कराए हैं. बुधवार को दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ में 500 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे. इसके अलावा प्रवर्तकों व निवेशक शेयरधारकों द्वारा 1,700 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश भी लाई जाएगी. ओएफएस के तहत, नॉर्थवेस्ट वेंचर पार्टनर्स एक्स-मॉरीशस और टीपीजी ग्रोथ-4 एसएफ प्राइवेट लिमिटेड 700 करोड़ रुपये के शेयर बिक्री के लिए रखेंगी, जबकि इवोल्वेंस कॉइनवेस्ट-वन 75 करोड़ रुपये के शेयर बेचेगी और इवोल्वेंस इंडिया फंड-3 लिमिटेड 25 करोड़ रुपये के शेयर बेचेगी. इसके अलावा, प्रवर्तक राजेंद्र कुमार सेतिया 180 करोड़ रुपये के और राजेंद्र कुमार सेतिया एचयूएफ 20 करोड़ रुपये के शेयर बेचेंगे. गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी दो खंड वाहन और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम के लिए कर्ज देती है. दिसंबर, 2023 तक इसकी 11 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 535 शाखाएं थीं.

## आर्सेलर मित्तल का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 10 प्रतिशत घट गया

### दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत स्टील कंपनी है

एजेंसी । नयी दिल्ली

वैश्विक इस्पात कंपनी आर्सेलर मित्तल का 31 मार्च को समाप्त पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 10 प्रतिशत घटकर 90 करोड़ डॉलर रहा है. कंपनी ने पिछले साल की समान अवधि में एक अरब डॉलर का शुद्ध लाभ कमाया था. लक्ज़मबर्ग स्थित आर्सेलर मित्तल दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत स्टील व खनन कंपनी है. यह जनवरी-दिसंबर वित्त वर्ष का अनुसरण करती है. कंपनी ने कहा कि तिमाही के अंत में उसका शुद्ध ऋ्रा 4.8 अरब डॉलर रहा, जो 31 दिसंबर, 2023 को 2.9 अरब अमरीकी डॉलर था.

बयान के अनुसार, 2024 की पहली तिमाही में पूंजीगत व्यय में रणनीतिक वृद्धि परियोजनाओं पर 40 करोड़ डॉलर शामिल हैं, जिनसे 2026 के अंत तक कंपनी की कर पूर्व आय में करीब 1.8 अरब डॉलर जुड़ने का अनुमान है. 2024 में पूंजीगत व्यय 4.5-5 अरब अमेरिकी डॉलर के दायरे में रहने की उम्मीद है, जिसमें से 1.4-1.5 अरब डॉलर रणनीतिक वृद्धि के लिए खर्च किए जाएंगे. आर्सेलर मित्तल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ)



आदित्य मित्तल ने कहा, मूल्य निर्धारण के बेहतर माहौल तथा बेहतर होती बिक्री के दम पर तिमाही परिणाम लगातार बेहतर रहे. हमारे पास कई वृद्धि परियोजनाएं हैं जिन पर काम जारी है...इसमें भारत में एक गीगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजना तथा ब्राजील में वेगा सीएमसी शामिल है. दोनों के पहली छमाही में परिचालन शुरू होने की उम्मीद है.

कंपनी के बयान के अनुसार, जनवरी-मार्च तिमाही में उसका कच्चे इस्पात का उत्पादन 2023 की समान अवधि के 1.45 करोड़ टन से मामूली रूप से घटकर 1.44 करोड़ टन रहा. पहली तिमाही में बिक्री 16.28 अरब डॉलर रही, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 18.50 अरब डॉलर थी. कंपनी का इस्पात निर्यात 1.35 करोड टन रहा, जो 2023 की पहली तिमाही के 1.45 करोड़ टन से कम है.

**वित्त वर्ष** | एपीएसईजेड ने जनवरी-मार्च का आंकड़ा पेश किया

# अडाणी पोर्ट्स का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 76.87% बढ़ा

एजेंसी । नयी दिल्ली

अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 76.87 प्रतिशत बढ़कर 2,014.77 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 1,139.07 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था.

एपीएसईजेड ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि देश की सबसे बड़ी एकीकृत लॉजिस्टिक्स कंपनी की वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत कुल आय बढ़कर 7,199.94 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 6,178.35 करोड़ रुपये थी. आलोच्य तिमाही में कुल व्यय बढ़कर 4,450.52 करोड़ रुपये हो गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 3,995 करोड़ रुपये था. एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक एवं सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा, एपीएसईजेड ने माल ढुलाई, राजस्व और कर पूर्व आय पर वित्त वर्ष की शुरुआत में दिए गए अपने ऊपरी लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन किया है. कंपनी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में एपीएसईजेड ने देश के कुल माल ढुलाई का 27 प्रतिशत और कंटेनर कार्गो का 44 प्रतिशत संभाला. वित्त वर्ष 2023-24 में एपीएसईजेड की घरेलू माल ढुलाई में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई.

### फेडरल बैंक का चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 906 करोड़ पर स्थिर

**नयी दिल्ली ।** फेडरल बैंक का बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही का शुद्ध लाभ 906 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा है. इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक ने 903 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था. जनवरी-मार्च की अवधि में बैंक कुल आय 23.42 प्रतिशत बढ़कर 6,732 करोड़ रुपये हो गई. शुद्ध ब्याज आय 15 प्रतिशत बढ़कर 2,195 करोड़ रुपये रही. फेडरल बैंक का पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शुद्ध लाभ 24 प्रतिशत बढ़कर 3,721 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. 2022-23 में बैंक को करीब 3,011 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था. बैंक के निदेशक मंडल ने मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए दो रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 60 प्रतिशत के लाभांश की सिफारिश की है. फेडरल बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्याम श्रीनिवासन ने कहा, हमारी पहुंच में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब हमारी शाखाएं पूरे भारत में फैली हुई हैं. इसे प्रौद्योगिकी और डिजिटल क्षमताओं में महत्वपूर्ण निवेश से भी बल मिला है, जिससे हमें 15,000 से अधिक पिन कोड में ग्राहकों की सेवा करने में मदद मिली है.

### महिंद्रा एंड महिंद्रा बिक्री 13% बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा की अप्रैल महीने में कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 13% बढ़कर 70,471 इकाई हो गयी. कंपनी की अप्रैल 2023 में कुल थोक बिक्री 62,294 इकाई रही थी. पिछले महीने कुल निर्यात 2% बढ़कर 1,857 इकाई हो गया.

## अप्रैल में अशोक लीलैंड की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़ गयी



एजेंसी । नयी दिल्ली

वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लीलैंड की अप्रैल महीने में कुल थोक बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 14,271 इकाई हो गई. यह पिछले साल इसी महीने में यह 12,974 इकाई थी.अशोक लीलैंड प्रबंधन ने एक बयान में कहा कि घरेलू बिक्री पिछले महीने नौ प्रतिशत बढ़कर 13,446 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल 2023 में यह 12,366 इकाई थी. घरेलू बाजार में मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 8,611 इकाई रही, जबकि एक साल पहले इसी महीने में 7,422 इकाई थी. हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री पिछले वर्ष के इसी महीने की 4,944 इकाई से दो प्रतिशत घटकर 4,835 इकाई रही.

### किआ ने मैप इंडिया के साथ की साझेदारी

**नयी दिल्ली ।** किआ इंडिया ने देशभर में अपने ग्राहकों को नेविगेशन समाधान उपलब्ध कराने के लिए मैप माई इंडिया के साथ साझेदारी की है. मोटर वाहन विनिर्माता ने एक बयान में कहा, मंच की चार पहिया वाहन-विशिष्ट खोज में 450 से अधिक श्रेणियां हैं.

## ब्रीफ खबरें

### रूस ने एक प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में पेश किया

**संयुक्त राष्ट्र ।** रूस ने संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पेश किया है जिसमें सभी देशों से बाह्य अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती हमेशा के लिए रोकने के वास्ते तत्काल कदम उठाने की अपील की गई है. रूस के इस प्रस्ताव में अमेरिका और जापान के प्रस्ताव से इतर बाह्य अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती हमेशा के लिए रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की बात है वहीं अमेरिका और जापान के प्रस्ताव में अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती रोकने के लिए कदम उठाने की बात की गई थी.

### सांसदों ने मनाले को नया प्रधानमंत्री चुना

**मेलबर्न।** सोलोमन द्वीप के सांसदों ने पूर्व विदेश मंत्री जेरेमिया मनाले को देश का नया प्रधानमंत्री चुना है. सोलोमन द्वीप की हाल के वर्षों में चीन के साथ निकटता बढ़ी है. चीन समर्थक पूर्व प्रधानमंत्री मानासेह सोगावारे ने सरकार का प्रमुख बने रहने के मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया था, जिसके बाद मनाले का प्रधानमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ. मनाले का चयन इस बात का संकेत है कि देश की चीन समर्थक विदेश नीति में खास बदलाव नहीं आयेगा.

### सड़क हादसे में एक की मौत, 11 घायल

**बनिहाल/जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक वाहन के ट्रक से टकरा जाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा बुधवार देर रात उस समय हुआ जब जम्मू से श्रीनगर जा रहा एक वाहन बनिहाल के शाबानबास इलाके में सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गया. उन्होंने बताया कि वाहन में केरल से आए 12 पर्यटकों समेत 16 लोग सवार थे.

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में धमाका, दो मरे

**साबरकांठा ।** गुजरात के साबरकांठा जिले में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा पार्सल में पहुंचाए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में गुरुवार को धमाका होने से पिता और पुत्री की मौत हो गई जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए. वडाली पुलिस थाने के उप निरीक्षक जितेंद्र राबड़ी ने बताया कि घटना वेद गांव में हुई. पुलिस अधिकारी ने बताया, पार्सल एक अज्ञात व्यक्ति देकर गया था. जैसे ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को प्लग में लगाया गया, उसमें धमाका हो गया.

### फर्जी वीडियो मामले में एक गिरफ्तार

**नोएडा ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल ने कृत्रिम मेधा से बना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फर्जी वीडियो साझा करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने कहा कि वीडियो भ्रामक तथ्य फैलाने, राष्ट्रविरोधी तत्वों को मजबूत बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था. एडीजीपी यश ने कहा, एक मई को, एआई से बना मुख्यमंत्री का फर्जी वीडियो 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किए जाने के बाद वायरल हो गया.



**भावनगर:** जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भावनगर निर्वाचन क्षेत्र से आप उम्मीदवार उमेश मकवाना के समर्थन में एक रोड शो के दौरान.

#### शाह ने बरेली में एक जनसभा को किया संबोधित, बोले-

## भारत जोड़ो यात्रा का समापन चार जून को 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा' से होगा

एजेंसी। बरेली (उप्र)

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस पार्टी के 'शहजादे' राहुल गांधी ने चुनाव अभियान की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा से की थी मगर इसका



समापन अगली चार जून को कांग्रेस ढूंढो यात्रा से होगा. शाह ने बरेली से भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल गंगवार के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कटाक्ष किया, हमारे सामने यह घमंडियां गठबंधन इंडी अलायंस चुनाव लड़ रहा है.

### कांग्रेस राम मंदिर के मुद्दे को अटका रही थी

गृह मंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए इस मुद्दे पर भी कांग्रेस की आलोचना की. उन्होंने आरोप लगाया, 70 साल से कांग्रेस पार्टी राम मंदिर के मसले को अटका रही थी, भटका रही थी, लटका रही थी.

इनके शहजादे राहुल बाबा ने चुनाव की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा से की थी. मगर मैं आज बरेली में कहकर जा रहा हूं कि शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा से की थी मगर चार जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा से इसका समापन होने वाला है.

#### शशि थरूर ने पीटीआई से बातचीत में किया दावा, बोले-

## भाजपा के लिए 400 पार की बात मजाक, 200 पार करना भी चुनौती

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार 'निश्चित' बताते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल का '400 पार' का दावा एक मजाक है, '300 पार' असंभव है और '200 पार' करना भी उसके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है. थरूर ने यहां पीटीआई मुख्यालय में संपादकों के साथ बातचीत में यह दावा भी किया कि केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिलेगी और दक्षिण भारत में इसका प्रदर्शन 2019 से भी खराब रहेगा. उन्होंने कहा कि वह कर्नाटक में भी अपना पिछला प्रदर्शन नहीं दोहरा पाएगी जब उसे 28 में से 25 सीट मिली थीं.

लोकसभा चुनाव में थरूर का मुकाबला केरल की तिरुवनंतपुरम सीट पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर और भाकपा प्रत्याशी पी. रवींद्रन से है. इस सीट पर 26 अप्रैल को मतदान हो चुका है और निवर्तमान सांसद थरूर ने यहां से अपनी 'बहुत आसान जीत' की उम्मीद जताई. थरूर अगर इस चुनाव में तिरुवनंतपुरम से जीत जाते हैं तो यह उनकी लगातार चौथी जीत होगी. वह इस क्षेत्र का सबसे अधिक समय तक संसद में प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद हैं. तिरुवनंतपुरम में करीब दो महीने तक जोरदार प्रचार में भाग लेने के बाद दिल्ली लौटे कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य अब देश के अन्य हिस्सों में पार्टी के लिए प्रचार करेंगे. थरूर की भाषण शैली और उनकी लोकप्रियता की वजह से कई क्षेत्रों में उनकी मांग है.



साक्षात्कार

### हमारे लिए बहुत सकारात्मक चुनाव रहा दोनों चरण

मतदान के दो चरण के बाद कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के प्रदर्शन को लेकर थरूर की राय पूछे जाने पर उन्होंने कहा, अभी तक 190 सीट पर मतदान हुआ है और मुझे जो अपने सूत्रों से पता चल रहा है कि यह हमारे लिए बहुत सकारात्मक है. हम यह नहीं कह रहे कि हमारी जबरदस्त लहर है लेकिन निश्चित रूप से सरकार के लिए भी ऐसी स्थिति नहीं है. थरूर ने कहा, वास्तव में, जो लोग कुछ समय से चुनावों पर नजर रख रहे हैं, उनका कहना है कि इस चुनाव और 2014 और 2019 के चुनावों के बीच अंतर यह है कि भाजपा मतदाताओं में उदासीनता और उत्साह की कमी दिखाई दे रही है. उनके मुताबिक हिंदी भाषी राज्यों की जिन सीटों पर अब तक मतदान हुआ है, वहां कांग्रेस नेताओं में एक उम्मीद है. थरूर ने कहा, इसलिए, मैं कहूंगा कि हम इस समय अपनी अपेक्षा से कहीं अधिक आगे हैं. बेशक, अनावश्यक रूप से लंबे समय तक खिंचने वाले इस चुनाव में अभी पांच चरण और बाकी हैं.

### भाजपा को बहुमत नहीं मिलेगा

थरूर ने कहा, मैं कहूंगा कि अब तेजी से यह लग रहा है कि भाजपा नीत राजग सरकार अपना बहुमत खो देगी. भाजपा को बहुमत नहीं मिलेगा, ये तय है. उन्होंने कहा कि देश के छह राज्यों में, भाजपा ने सभी सीट पर जीत हासिल की थी, जबकि तीन राज्यों में उसने एक सीट को छोड़कर सभी सीट जीतीं, और दो राज्यों में उसने दो को छोड़कर सभी सीट जीतीं. उन्होंने कहा कि यह अब फिर से नहीं होने वाला. कांग्रेस नेता ने कहा, हरियाणा में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती लेकिन चुनाव पूर्व सर्वेक्षण इस बार हमें पांच से सात सीट मिलने की ओर इशारा कर रहे हैं. कर्नाटक में हमने एक सीट जीती थी और इस बार सर्वेक्षणों में हमें 10 से 17 सीट मिलने की और कुछ में तो 20 सीट मिलने की भविष्यवाणी की जा रही है.

### भाजपा के लिए कठिन संघर्ष है

उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने कहा कि उत्तर में उन्होंने पिछली बार बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था और इसे दोहराना असंभव है. उत्तर और दक्षिण दोनों जगह वे नीचे आने वाले हैं. हम किस तरह का प्रदर्शन करेंगे और 'इंडिया' किस तरह का प्रदर्शन करेगा यह तो अभी पता चलेगा क्योंकि 353 सीट पर अभी मतदान होना है. थरूर ने कहा कि लेकिन इस बात के साफ संकेत हैं कि भाजपा के लिए यह कठिन संघर्ष है और चीजें उनकी सरकार के हिसाब से नहीं हो रही हैं. उन्होंने कहा, भारतीय नागरिक के रूप में एक युवक जिसने 2014 में भाजपा को वोट दिया था क्योंकि उसे नौकरी का वादा किया गया था, वह 10 साल बाद भी भाजपा को वोट क्यों देगा जबकि उसके पास नौकरी नहीं है.

#### पूर्व सीबीआई अधिकारी वीवी लक्ष्मीनारायण ने बनाई पार्टी

## आंध्र के चुनाव मैदान में उतरे

भाषा। विशाखापत्तनम

वाईएसआर प्रमुख एवं मौजूदा मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की कथित संलिप्तता वाले 2012 के एक भ्रष्टाचार मामले की जांच करने के बाद चर्चा में आये भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी वीवी लक्ष्मीनारायण ने अपनी पार्टी का गठन किया है और वह विशाखापत्तनम (उत्तर) सीट से विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं. सीबीआई के पूर्व संयुक्त निदेशक की 'जय भारत नेशनल पार्टी' 15 लोकसभा सीट (आंध्र प्रदेश में 10 और पड़ोसी तेलंगाना में पांच) और आंध्र प्रदेश में 76 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है. नारायण ने कहा कि यदि उनका दल सत्ता में आता है, तो वह कम से कम मुफ्त सुविधाएं देकर धन सृजन, रोजगार सृजन और लोगों के कल्याण पर केंद्रित दृष्टिकोण के साथ आमजन की जरूरतों को पूरा करेगा. उन्होंने कहा कि पार्टी का एजेंडा लोगों को सुशासन और मंच मुहैया कराना है, क्योंकि यदि अब आप पूरे आंध्र प्रदेश को देखते हैं, तो आपके पास एक गठबंधन (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी राजग) और एक पार्टी (वाईएसआरसीपी) है. हमें लोगों को विकल्प मुहैया कराने की आवश्यकता है, क्योंकि पिछले पांच साल में जो हुआ, लोग उसे पहले ही देख चुके हैं. नारायण ने राज्य के बड़े दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि आंध्र प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब है और निवेश आकर्षित करने के लिए इसमें सुधार किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को नौकरियां मिल सकें.



■ राजग के लिए 400 से अधिक सीट का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं : लक्ष्मी नारायण

### दिल्ली बम धमकी मामला : दहशत फैलाना का था मकसद

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली के 100 से अधिक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ईमेल भेजने का मकसद बड़े पैमाने पर दहशत पैदा करना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना था. दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज प्राथमिकी में यह दावा किया गया है. प्राथमिकी तक पहुंच रखने वाले आधिकारिक सूत्र के अनुसार बुधवार को कई स्कूलों की तरफ से, बम धमकी मिलने के बारे में कम से कम 125 कॉल आई. सूत्रों ने कहा कि कॉल आने के बाद पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) वाहन स्कूल पहुंचे और जिला पुलिस, बीडीएस, एमएसी, विशेष प्रकोष्ठ और अपराध नियंत्रण कक्ष व अन्य एजेंसियों को सतर्क किया गया.

## उपराज्यपाल ने 223 कर्मचारियों की बर्खास्तगी की मंजूरी दी

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के 223 संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसके बाद इस सिलसिले में एक आदेश जारी किया है. दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने डीसीडब्ल्यू को इन संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने का निर्देश दिया है. उसका कहना है कि उन्हें उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना काम पर रखा गया था. वहीं दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने इस आदेश की आलोचना की है. सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मालीवाल ने कहा, उपराज्यपाल साहब ने दिल्ली महिला आयोग के सारे संविदा कर्मियों को हटाने का एक तुगलकी फरमान जारी किया है. आज महिला आयोग में कुल 90 कर्मचारी हैं जिनमें से, सरकार ने केवल आठ लोग ही दिए हैं. बाकी सभी कर्मचारी तीन-तीन महीने के अनुबंध पर हैं. उन्होंने कहा कि अगर सभी संविदा कर्मियों हटा दिया जाएगा, तो महिला आयोग में ताला लग जाएगा. ऐसा क्यों कर रहे हैं ये लोग? यह संस्था खून पसीने से बनी है.



### प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

**कलबुर्गी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने गुरुवार को कहा कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हासन से जनता दल (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है. प्रज्वल इस समय विदेश में हैं. इस वजह से विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने पेश होने के लिए सात दिन और मांगे जाने पर उन्होंने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय देने का प्रावधान नहीं है. एसआईटी मामले की जांच कर रही है. मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, यह लुकआउट नोटिस यह पता चलने के तुरंत बाद जारी किया गया.

#### आबकारी नीति घोटाला

## सिसोदिया ने जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया

एजेंसी। नयी दिल्ली

पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में जमानत के लिए गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया. तत्काल सुनवाई के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका का उल्लेख किया गया. अदालत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई. पीठ ने कहा, न्यायाधीश को फ़ाइल देखने दीजिए, इसे कल आने दें. सिसोदिया का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील रजत भारद्वाज और मोहम्मद इरशाद ने कहा कि याचिकाकर्ता एक विधायक है. उन्होंने अदालत से जमानत की मांग करने वाली दोनों याचिकाओं को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आग्रह किया.

### बसपा ने छह और उम्मीदवार घोषित किए

**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने उत्तर प्रदेश की छह और लोकसभा सीट के लिए गुरुवार को उम्मीदवारों की घोषणा कर दी. इसके साथ ही पार्टी ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवार का एलान किया है. बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम द्वारा जारी सूची के मुताबिक, गोंडा सीट से सौरभ कुमार मिश्रा, डुमरियागंज से मोहम्मद नदीम मिर्जा, कैसरगंज से नरेंद्र पांडे, संत कबीर नगर से नदीम अशरफ, बाराबंकी से शिवकुमार दोहरे और आजमगढ़ से मशहूद आलम को उम्मीदवार बनाया गया है.

## मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने नामांकन पत्र दाखिल किया

एजेंसी । भुवनेश्वर


ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में बोलांगीर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कांटाबांजी विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. इसके दो दिन पहले उन्होंने गंजम जिले में अपनी पारंपरिक हिंजिली सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया था. मुख्यमंत्री पटनायक ने टिटलागढ़ में उपजिलाधिकारी कार्यालय तक एक मार्च का नेतृत्व किया. उन्होंने बीजद



नेता एवं अपने सहपाठी एयू सिंहदेव और पार्टी नेता वीके पांडियन की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया. पटनायक ने दूसरी सीट के रूप में कांटाबांजी को चुना है क्योंकि यह कालाहांडी, बोलांगीर और बारगढ़ जैसी तीन लोकसभा सीटों से जुड़ी हुई है. ये तीन लोकसभा सीटें 2019 के चुनावों में भाजपा ने जीती थीं.

### उमर ने बारामूला से नामांकन दाखिल किया

**श्रीनगर ।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. उमर अब्दुल्ला का मुकाबला पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और अलगाववादी से नेता बने सज्जाद लोन से है. पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने इस सीट से पूर्व राज्यसभा सांसद मीर फयाज को मैदान में उतारा है. इस सीट से नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख तीन मई है जबकि मतदान 20 मई को होगा.



#### कॅरियर-काउंसिलिंग

## डिप्लोमा इन फैशन डिजाइनिंग में बना सकते हैं अपना कॅरियर

एजुकेशन रिपोर्टर / रजनीश प्रसाद

12 से 18 महीने की अवधि के बीच, फैशन डिजाइनिंग में डिप्लोमा एक स्किल-आधारित इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कोर्स है, जहां डिजाइन और विकास की बारीकियों से लेकर ब्रांड को शुरू करने और बनाए रखने तक सभी पर व्यापक रूप से चर्चा की जाती है. मेहनत और रचनात्मकता को फैशन इंडस्ट्री का खून माना जाता है. फैशन विचार, संस्कृति अध्ययन, पैटर्न, परिधान डिजाइन और संबंधित विषय पाठ्यक्रम के मुख्य भाग हैं. इसके अलावा, मार्केटिंग, रिटेलिंग, कम्युनिकेशन, प्रोडक्ट डेवलपमेंट, सोशल मीडिया से भी निपटा जाता है. यह कोर्स किसी व्यक्ति को फैशन इंडस्ट्री में निपुण होने के लिए सभी आवश्यक ज्ञान प्रदान करता है. आइए इन फैशन डिजाइनिंग विषयों के बारे में और विस्तार से जानें

### फैशन

भारतीय या पश्चिमी कंटेंपररी के संबंध में फैशन और वेशभूषा के इतिहास का ज्ञान होना एक आवश्यक कौशल है. यह सदियों से छात्रों को शैलियों तथा पैटर्न पर नजर रखने में मदद करता है. यह अतीत में प्रसिद्ध कार्यों को उजागर करके छात्रों के रचनात्मक स्पेक्ट्रम को भी बढ़ाता है.

### डिजाइन और रंग की बुनियादी बातें

यह पोशाक और कुछ नहीं बल्कि रंगों और डिजाइनों का खेल है. एलिमेंट्स ऑफ कलर थ्योरी, डिजाइन प्रिंसपल्स फैशन इंडस्ट्री पर कैसे लागू होते हैं, जैसे विषयों को डिजाइन और रंग बुनियादी बातों के तहत बहुत विस्तार से खोजा गया है. छात्रों को विभिन्न डिजाइनिंग प्रोजेक्ट्स में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है ताकि वे डिजाइन और रंग की बारीकियों को बेहतर तरीके से समझ सकें.

### पैटर्न और पैटर्न निर्माण

यह विषय छात्रों को डिजाइन पैटर्न बनाने के साथ-साथ पोशाक और व्यक्ति के अनुसार सटीक डिजाइन बनाने का ज्ञान प्रदान करता है. मापने की तकनीक, ऊपरी और निचले शरीर के पैटर्न के बीच का अंतर आदि कुछ इस विषय में कवर किए गए हैं.

### डिजिटल डिजाइन

डिजिटल डिजाइन का तात्पर्य विशेष रूप से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डिजाइन के निर्माण से है. इस विषय में छात्रों को लोकप्रिय डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बुनियादी डिजाइनिंग और स्केचिंग तकनीकों से परिचित कराया जाता है. ये प्लेटफॉर्म हाथ से स्केचिंग की सभी बाधाओं को दूर करके छात्रों को उनके क्रिएटिव साइड को पूरी तरह से तलाशने में मदद करते हैं.

### डिजाइन कार्यशालाएं

फैशन डिजाइनिंग में डिप्लोमा में, छात्रों को डिजाइन थीसिस और डिजाइन कार्यशालाओं जैसी रिसरचिंग एक्टिविटीज के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है. इन कार्यशालाओं में वास्तविक उत्पादन स्थल के समान उपकरण और मशीनरी हैं, जिससे आवश्यक कौशल का अनुवाद आसान हो जाता है. व्यक्तिगत विचार निर्माण और उस ज्ञान को व्यावहारिक परिस्थितियों में लागू करना कुछ ऐसा है जो इस विषय में विकसित होता है.



### 12वीं के बाद फैशन डिजाइनिंग में डिप्लोमा

- फैशन टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा
- फैशन डिजाइन में डिप्लोमा
- अपैरल डिजाइन में डिप्लोमा
- ज्वेलरी डिजाइन में डिप्लोमा
- फैशन फोटोग्राफी में डिप्लोमा
- रिटेल मर्चेंडाइजिंग में डिप्लोमा
- लैदर डिजाइन में डिप्लोमा
- टेक्सटाइल डिजाइन में डिप्लोमा
- विजुअल मर्चेंडाइजिंग में डिप्लोमा

### भारत में फैशन डिजाइनिंग कॉलेजों में सर्वश्रेष्ठ डिप्लोमा

- वोग इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट एंड डिजाइन
- डिजाइन के लिसा स्कूल
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, मुंबई
- डिजाइन के डॉट स्कूल
- इंटर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन अंधेरी मुंबई
- ले मार्क स्कूल ऑफ आर्ट मुंबई
- इमेज इंस्टीट्यूट ऑफ मल्टीमीडिया आर्ट्स एंड ग्राफिक इफेक्ट्स वडापलानी
- रैफल्स डिजाइन इंटरनेशनल
- आरट्रम स्कूल ऑफ डिजाइन, हैदराबाद

### फैशन डिजाइनिंग में कॅरियर

- फैशन डिजाइनर
- रिटेल मैनेजर
- ब्रांड मैनेजर
- स्टाइलिस्ट
- फैशन ब्लॉगर
- प्रोडक्ट डेवलपर
- फैशन एंटरप्रेन्योर
- एक्सेसरी डिजाइनर
- टेलर
- फैशन इलस्ट्रेटर
- मॉडल
- फ्रीलांसर

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - दीपक कुमार अम्बष्ठ*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)